आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 25°C | 12°C |

इनसाइड न्यूज

नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चर्चाएं तेज, 30 दिसंबर तक पूरी...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 28 नवंबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 47

www.janexpresslive.com/epaper



आईएनएक्स मीडिया मामला: हाईकोर्ट पहुंचे... 12

# ये घोटाला नहीं सरकारी खजाने की लूट है...!

## घोटाले का पर्याय बनी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

- पूर्व से पश्चिम तक घोटालेबाज, सरकारी खजाने को कर रहे खाली
- गरीबों के नाम पर मिलने वाली धनराशि को हड़प रहे भ्रष्ट अधिकारी

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित/दिलीप उपाध्याय

राज्य मुख्यालय। प्रदेश में गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह कराए जाने की मंशा को लेकर शुरू की गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना घोटाले का पर्याय बनती जा रही है। योजना से जुड़े विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से घोटाले का ग्राफ साल-दर-साल बढ़ रहा है। कहीं दूल्हा किराये का बैठा दिया जाता है तो कहीं नाबालिग दुल्हन की शादी करा दी जाती है। कहीं-कहीं तो शादीशुदा महिलाओं की फिर से शादी करा दी जाती है। शादी के जोड़े में फोटो सेशन कराने के बाद 40 और 60 प्रतिशत के अनुपात में सरकारी पैसे का बंटवारा करके सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगाया जा रहा है। ताजा मामला बस्ती जिले का है, जहां नव दंपती को ब्रांडेड की बजाय कमीशन खोरी के चक्कर में नकली सामान थमा दिया।



फाइल फोटो

### हरदोई में दुल्हन की साड़ी छोटी, कम वजनी निकला दूल्हे के पेंट-शर्ट का कपड़ा

हरदोई में विवाद समारोह के दौरान साड़ी घोटाला सामने आया, जहां विवाह के दौरान दुल्हन को दी जाने वाली साड़ी की लंबाई आधे मीटर घटा दी। इसी महीने 14 नवंबर को हरदोई में 614 जोड़ों का सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ था। इस दौरान नवदंपती को दिए जाने वाले उपहारों में घोटाला किया गया। पेंट शर्ट और डिनर सेट में कमियों के साथ ही पांच मीटर की दी जाने वाली साड़ी साढ़े चार मीटर की दी। इसके अलावा दूल्हे के पैंट-शर्ट का कपड़ा भी तय नाप से कम निकला। आठ किलो वजनी डिनरसेट की जगह साढ़े पांच किलो का डिनरसेट भेज दिया गया। वहीं दीवार की घड़ी भी की क्वॉलिटी भी खराब निकली।

### सुल्तानपुर: 34 शादीशुदा महिलाओं की कराई शादी, इनमें कई दो बच्चों की मां भी

सुल्तानपुर के बल्दीराय और कुड़वार ब्लॉक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में दो बच्चों की मां की भी शादी करवा दी। 34 शादीशुदा महिलाओं की फिर से मांग भर दी गई। हैरानी की बात ये है कि सुल्तानपुर में ऐसे 34 मामले सामने आए हैं जहां दो-दो बच्चों की माताओं को विवाह योजना का लाभ दिया गया।

### असली शादी में थमा दिया नकली सामान

गरीब बहनों को सरकार की तरफ से कराई जा रही शादी में ऐसा खेल रचा गया, जिसकी गूंज बस्ती से लखनऊ तक जाएगी। सरकार गरीब बेटियों की शादी के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही रही मगर अधिकारी कमीशन के चक्कर में बेटियों के हक पर डाका डाल रहे हैं। बस्ती में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में 514 जोड़ों की शादी कराई गई। जिसमें 19 अल्पसंख्यक समुदाय के जोड़े थे। सामूहिक विवाह संपन्न होने के बाद योजना के तहत नवदंपती को दिए जाने वाले ब्रांडेड उपहारों की बजाय नकली उपहार थमा दिए। समाज कल्याण विभाग के दिए नकली उपहारों पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की गई। आरोप है कि आभूषण में नकली पायल, श्रृंगार में मिलने वाले सामनों में नकली लिपस्टिक, शीशा और बर्तन सहित घटिया गुणवत्ता की साड़ी देकर समाज कल्याण अधिकारी और ठेकेदार ने मिलकर पूरे बजट का बंदरबांट कर लिया।

### बलिया में 568 का विवाह 240 निकले थे अपात्र

बलिया में मुख्यमंत्री विवाह योजना के तहत इसी साल 26 जनवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 568 कन्याओं का विवाह कराया गया। जिसमें बड़े स्तर पर घोटाला सामने आया था। जांच-पड़ताल के दौरान 240 विवाह फर्जी पाए गए थे। विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन कराए गए पते पर कोई अन्य रहता मिला। हैरानी की बात ये है कि भ्रष्टाचारियों ने विवाह समोराह देखने के लिए आए युवाओं में से कइयों को दो से तीन हजार रुपए का लालच देकर पगड़ी पहनाकर दूल्हा बना दिया। ऐसे कई वीडियो भी सामने आए थे।

### मानक विहीन उपहार देने के मामले में विश्व हिन्दू महासंघ ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर सीएम को भेजा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। बस्ती। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 26 नवम्बर को राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में हुये 514 जोड़ों के विवाह में नव विवाहित जोड़ों को दिये जाने वाले मानक विहीन उपहार दिये जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विवाह के दौरान मौके पर घटिया उपहार के जांच कराने की मांग के बाद बुधवार विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि समूचे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय।

"उक्त प्रकरण संज्ञान में आने के बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी से रिपोर्ट मांगी गई थी, बहरहाल प्रारम्भिक जांच में कुछ गलत नही मिला है पूरी रिपोर्ट आने के बाद यदि कुछ गलत होगा तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

-रवीश कुमार गुप्ता
जिलाधिकारी, बस्ती



### सरकार एक नवविवाहित जोड़े पर खर्च करती है 51 हजार रुपये

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रदेश सरकार नवविवाहित जोड़े पर 51 हजार की धनराशि खर्च करती है। जिसमें से जोड़े को 35 हजार रुपये नकद धनराशि और 10 हजार रुपये के ब्रांडेड उपहार दिए जाते हैं। जिनमें साड़ी, डिनरसेट, चांदी पायल, कंबल और दीवार घड़ी जैसे उपहार शामिल हैं।

## दंगाइयों की संपत्ति से भरे जाएंगे दंगा पीड़ितों के 'जख्म'

**संभल में जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर के दावे को लेकर विवाद और सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बीच योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया**

- व्यवस्था के तहत माफिया और अपराधियों की अपराध से जुटाई संपत्ति पुलिस जब्त करेगी
- अदालत के आदेश पर दो महीने में अपराध से अर्जित संपत्ति को जिले का डीएम नीलाम कर अपराध से प्रभावित लोगों में बांटेंगे
- अभी तक उत्तर प्रदेश सरकार गैंगस्टर एक्ट के तहत ही माफिया की संपत्ति जब्त कर सरकारी आवास बना कर दे रही थी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

संभल में जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर के दावे को लेकर विवाद और सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बीच योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। दंगाइयों और उपद्रवियों पर अधिक सख्ती से पेश आया जाएगा। दंगा भड़कने या हिंसा के बाद अपराधी की अपराध से अर्जित संपत्ति और आय को अब पीड़ितों में बांटा जाएगा।

डीजीपी ने सभी जिलों के एसपी-एसएसपी और पुलिस कमिश्नर को इसके लिए गाइडलाइन जारी की है। व्यवस्था के तहत माफिया और अपराधियों की अपराध से जुटाई संपत्ति पुलिस जब्त करेगी। कोर्ट के आदेश पर संपत्ति कुर्क होगी। संपत्ति कुर्की से हुई आय अपराध से पीड़ितों को मिलेगी। अदालत के आदेश पर दो महीने में अपराध से अर्जित संपत्ति को जिले का डीएम नीलाम कर अपराध से प्रभावित लोगों में बांटेंगे। अभी तक उत्तर प्रदेश सरकार गैंगस्टर एक्ट के तहत ही माफिया की संपत्ति जब्त कर सरकारी आवास बना कर दे रही थी।



फाइल फोटो

### मुकदमे के बिना भी पुलिस सीधे संपत्ति जब्त कर सकती है

बीएनएस की धारा 107 के तहत अब गैंगस्टर एक्ट या पीएमएलए कानून के बड़े माफियाओं के साथ साथ उनके मददगारों और छोटे अपराधियों और गैंगस्टर्स की संपत्ति को जब्त कर कुर्की से हुई आय पीड़ितों में बांटी जाएगी।

### नागरिकता संशोधन कानून को लेकर विरोध प्रदर्शन के बाद ये कवायद शुरू हुई

प्रयागराज, कानपुर में नागरिकता संशोधन कानून को लेकर विरोध प्रदर्शन के बाद ये कवायद शुरू हुई थी। कई राज्यों ने इसको लेकर कानून बनाए हैं, जिसमें दंगों से हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों से करने का प्रावधान किया गया है। उत्तर प्रदेश भी क्षतिपूर्ति से जुड़े ऐसे प्रावधानों को लागू कर रहा है।

## नवजात की मौतों के दोषियों पर गाज
## कॉलेज प्रधानाचार्य हटाए, तीन सस्पेंड

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर झांसी कांड के दोषियों पर कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। झांसी

राज्य मुख्यालय। महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के नीकू वार्ड में एडिमट नवजातों की मौत के मामले में जांच के बाद कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सेंगर को पद से हटा दिया है। साथ ही तीन अन्य को निलंबित किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। गठित चार सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई। कॉलेज के प्रधानाचार्य के साथ ही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सचिन माहुर, कॉलेज के अवर अभियंता (विद्युत) संजीत कुमार, एनआईसीयू वार्ड की नर्सिंग सिस्टर इंचार्ज संध्या राय एवं मेडिकल कॉलेज की प्रमुख अधीक्षक डॉ. सुनीता राठौर को तत्काल निलंबित करते हुए आरोप पत्र दिया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सेंगर को पद से हटाया गया है और उन्हें लखनऊ से संबद्ध किया है। आरोपों की जांच मंडलायुक्त झांसी को सौंपी गई है।



फाइल फोटो

### सोशल मीडिया पर पोस्ट से दी जानकारी

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कार्रवाई की जानकारी दी। पोस्ट में लिखा कि झांसी मेडिकल कॉलेज में हुए अग्निकांड की दुर्भाग्यपूर्ण एवं दु:खद घटना का संज्ञान लेते हुए मेरे द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा द्वारा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय एक कमेटी गठित कर जांच कराई गई। सघन जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की गई है।

### 15 नवंबर देर रात आगजनी की घटना, 12 नवजातें ने तोड़ा था दम

बता दें कि इसी महीने 15 नवंबर को झांसी के मेडिकल कॉलेज में आगजनी की घटना में 12 नवजातों की जलकर मौत हो गई थी। इस दर्दनाक हादसे की गूंज देशभर में सुनाई थी। साथ ही सरकार की मेडिकल सेवाओं की पोल भी खुल गई थी। मामले में राजनीति भी चरम पर भी और विरोधी दल सत्ता पक्ष पर तरह-तरह के आरोप लगाते हुए योगी सरकार को फेल करार दे रही थी। जिसके बाद डिप्टी सीएम ने त्रस्तरीय जांच के आदेश दिए थे। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगजनी की घटना के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की गई है।

## राम मंदिर के पुजारियों के लिए तैयार हुई नियमावली

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

राममंदिर में पूजा-पाठ के लिए प्रशिक्षित किए गए नए अर्चकों को जल्द ही राममंदिर में पूजा-पाठ की जिम्मेदारी मिल सकती है। राम मंदिर के पुजारियों के लिए नई नियमावली भी तैयार की गई है। नए पुजारियों को इस नियमावली का पालन करना होगा। नियमावली की सबसे खास बात यह है कि पुजारियों को रोटेशन के अनुसार परिसर के सभी मंदिरों में पूजा-पाठ के लिए लगाया जाएगा। राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि पिछले दिनों राम मंदिर में प्रशिक्षित पुजारियों की तैनाती के लिए प्रशिक्षण अभियान चलाया गया था। 20 पुजारियों को छह माह का प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण पूरा करने वाले पुजारियों को प्रमाण पत्र भी दिया जा चुका है। अब इन पुजारियों को राममंदिर समेत परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों में पूजा-पाठ के लिए लगाने पर सहमति बन गई है।

## मॉकड्रिल: लखनऊ एयरपोर्ट पर फ्लाइट का इंजन फेल, आग लगी, इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, यात्रियों को किया रेस्क्यू

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में कोलकाता की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। रनवे पर लैंडिंग करते ही फ्लाइट में आग लग गई। तत्काल क्रैश फायर टेंडर्स टीम मौके पर पहुंची और यात्रियों को रेस्क्यू किया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दरअसल, बुधवार को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर साहस 2024 के तहत मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल के जरिए हवाई अड्डे पर किसी भी इमरजेंसी स्थिति से निपटने पर तुरंत एक्शन लेने का अभ्यास किया गया। 123 ने कोलकाता से लखनऊ आते समय इंजन फेल होने की सूचना दी। विमान की रनवे 27 पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। विमान टैक्सीवे माइक के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर आग की चपेट में आ गया।

## रिटायर्ड सैनिकों को अब समय पर मिल सकेगी पेंशन और अन्य भुगतान, सीआईएसएफ ने शुरू किया ई-सर्विस बुक पोर्टल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल से सेवानिवृत्त होने वाले सैनिकों को अब समय पर पेंशन और अन्य लाभों का भुगतान हो सकेगा। सीआईएसएफ ने बुधवार को अपने रिटायर्ड कर्मचारियों की नौकरी से जुड़ी प्रक्रियाओं में तेजी से लाने के लिए ई-सर्विस बुक पोर्टल की शुरुआत की। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के प्रवक्ता ने बताया कि नए डिजिटल ढांचे से सेवा पुस्तिका के भौतिक तौर पर हस्तांतरण की जरूरत खत्म हो जाएगी। इसके जरिये सर्विस बुक की वास्तविक समय में निगरानी की जा सकेगी। इसके जरिये सीआईएसफ से सेवानिवृत्त हुए सैनिक अपनी पेंशन फाइल की स्थिति को वास्तविक समय में जान सकेंगे। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही तय हो सकेगी। प्रवक्ता ने बताया कि पोर्टल के जरिये पेंशन प्रक्रिया के मामलों में तेजी आ सकेगी। साथ ही सेवानिवृत्त कर्मियों को सभी लाभों का भुगतान सेवानिवृत्ति तिथि पर ही किया जा सकेगा। इस सुविधा का लाभ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल से हर साल सेवानिवृत्त होने वाले 2400 से अधिक कर्मचारियों को मिलेगा।

**रिपोर्ट** जाति, मत और मजहब के आधार पर युवा शक्ति को बांटने वाले, भारत की ऊर्जा को बांटने का कर रहे अपराध: सीएम योगी

## समय की गति से करें कदमताल, विरोध करने से नहीं होगा उत्थान: सीएम योगी

**सीएम ने कहा, मेरी मांगे पूरी हों, चाहे जो मजबूरी हो का समय गया, देश और समाज का उत्थान इससे कभी नहीं हो सकता**

- इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बोले योगी, रिफॉर्म्स के प्रति अपनाएँ सकारात्मक रवैया
- इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 136वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए सीएम योगी
- समाजवाद के नाम पर परिवारवाद की चाटुकारिता करने वाले लोग कभी आदर्श नहीं बन सकते: योगी

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को रिफॉर्म के प्रति सकारात्मक भाव अपनाने का आह्वान किया है, उन्होंने कहा है कि युवाओं को नए ज्ञान से अपने आप को वंचित नहीं करना चाहिए। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 136वे दीक्षांत समारोह के मंच से युवाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नया ज्ञान अपने आप में एक विज्ञान होता है। जब भी आप अपने आप को इससे दूर करेंगे तो आप अपने लिए एक बैरियर खड़ा करेंगे। उन्होंने कहा कि तमाम लोग नई बातों को और नए रिफॉर्म को अंगीकार नहीं कर पाते। जब कोई नयापन आता है तो लोग झंडा लेकर उसका विरोध करने निकल पड़ते हैं। वो समय गया जब नारे लगते थे कि मेरी मांगे पूरी हों, चाहे जो मजबूरी हो। देश और समाज का उत्थान इसमें कभी नहीं हो सकता। याद रखना हमारा एक-एक पल, एक-एक क्षण राष्ट्र धर्म के प्रति समर्पित होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जो लोग जाति, मत और मजहब के आधार पर छात्र शक्ति और युवा शक्ति को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वो भारत की युवा शक्ति और युवा ऊर्जा को विभाजित करने का पाप कर रहे हैं।





### दीक्षांत उपदेश छात्र के जीवन की नूतन शुरुआत

सीएम योगी ने समारोह में दीक्षांत उपदेश का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब हम दीक्षांत उपदेश की चर्चा करते हैं तो यह केवल दीक्षा का अंत नहीं है बल्कि एक नूतन शुरुआत होती है। हमारा देश भारत है, जिसका मतलब ही है ज्ञान में रत रहने वाला। उच्च शिक्षा का केंद्र कैसा होना चाहिए, प्राचीन भारत ने दुनिया को दिखाया था। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ दार्शनिक ग्रंथ के रूप में भारत की ऋषि परंपरा ने उपनिषदों की रचना की और उसी उपनिषद की पंक्तियां हमारे गुरुकुल में दीक्षांत उपदेश के रूप में अंगीकार की गई जिसे हम तैत्तिरीय उपनिषद के रूप में बोलते हैं कि सत्यं वद, धर्मं चर:, स्वाध्यायान्मा प्रमद: सत्यान्न प्रमदितव्यम्, धर्मान्न प्रमदितव्यम्, कुशलान्न प्रमदितव्यम्। ये तैत्तिरीय उपनिषद का वह दीक्षांत उपदेश है जो हमारे गुरुकुल में आज से नहीं हजारों वर्षों से अपनी शिक्षा पूर्ण करने के बाद एक नए जीवन में प्रवेश करने वाले छात्र को प्रदान किया जाता था। इसमें सत्य की बात भी है और धर्म की बात भी है। 5000 वर्ष पहले भगवान वेदव्यास को भी कहना पड़ा था कि मैं बाहें उठाकर लोगों को समझा रहा हूं कि धर्म से ही अर्थ और काम की प्राप्ति होती है, इसलिए क्यों धर्म के मार्ग पर नहीं चलते।

### जिन्होंने संविधान का गला घोंटा, वही आज संविधान बचाने का ढिंढोरा पीट रहे

विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए सीएम ने कहा कि क्या भारतीय मनीषा ने धर्म को केवल उपासना विधि माना है, नहीं। मंगलवार को भारत के संविधान का दिवस था। 26 नवंबर 1949 को भारत ने अपना संविधान अंगीकर किया था और 26 जनवरी 1950 से यह लागू हुआ। तब जो संविधान की मूल प्रति है उसमें कहीं भी पंथ निरपेक्ष और समाजवादी शब्द नहीं था। ये दो शब्द जोड़े गए तब जब देश में संसद भंग थी, न्यायपालिका के अधिकार कुंद कर दिए गए थे। इस देश के लोकतंत्र पर कुठाराघात हुआ था और जिन लोगों ने संविधान का गला घोंटने का काम किया था, वो लोग आज संविधान बचाने का ढिंढोरा पीटते जा रहे हैं। वह कह रहे हैं कि संविधान खतरे में है, लोकतंत्र खतरे में है। प्रश्न यह उठता है कि यह समाज उन लोगों का मूल्यांकन कब करेगा जो लोग स्वयं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। जिन लोगों ने संविधान पर अपनी मर्जी से न सिर्फ छेड़छाड़ का प्रयास किया, बल्कि लोकतंत्र को पूरी तरह पैरालाइज करने का प्रयास किया। ऐसे शब्द डाल दिए कि वह पंत निरपेक्ष से धर्म निरपेक्ष हो गया।

### युवाओं ने जब भी अंगड़ाई ली, कुछ नया जरूर हुआ है

उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं ने जब भी अंगड़ाई ली है कुछ नया जरूर हुआ है। लक्ष्य तक जरूर पहुंचे हैं। उन्होंने भगवान राम, श्रीकृष्ण भगवान बुद्ध, महावीर समेत देश के तमाम क्रांतिकारियों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि पंडित रामप्रसाद बिल्मिल को गोरखपुर जेल में फांसी दी गई। उनसे पूछा गया कि उनकी अंतिम इच्छा क्या है। उन्होंने ये नहीं कहा कि मुझे मुक्ति मिले, उन्होंने ये नहीं कहा कि मुझे कोई रत्न मिले। एक ही बात थी मातृभूमि के लिए, गुलामी की बेड़ियों को समाप्त करने के लिए। याद करिए कि जब वीर सावरकर को आजीवन कारावास की सजा मिली।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पीड़ित ने एसपी को दिया शिकायती पत्र, लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** पीड़ित ने एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार को दिए शिकायती पत्र में राजकुमार पुत्र मलखान सिंह ने बताया कि 16 नवंबर 2024 को वह अपने घर के बाहर अनिल कुमार पुत्र हरनारायण के साथ खड़ा था। तभी गांव का ही शिवपाल पुत्र लाखन सिंह बकरा/मुर्गा काटने वाला तेज धारदार बका लेकर आया और गंदी-गंदी गालियां देकर जान के मरने की नीयत से आगे बढ़ा। तभी गांव के अनिल व भगवती शरण ने शिवपाल को बका सहित पकड़कर डकोर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया था। आरोप है कि जेल से छूटने के बाद वह अपने हाथ में चाकू लेकर मेरे घर के सामने आया और जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज करने लगा। बताया कि वह गांव के लोगों को हथियार लेकर डराता धमकाता रहता है, जिससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। कभी भी कोई भी घटना घट सकती है। साथ ही उसके सगे भाई रामपाल और बबलू उसे ऐसा काम करने के लिए उकसाते रहते हैं और वह फर्जी हरिजन एक्ट व छेड़खानी में फंसाने की भी धमकी देता है। फिलहाल एसपी ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

### हाईवे पार करते समय ट्रक से कुचल कर वृद्ध की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने बस स्टैंड के पास हाईवे पार करते समय एक वृद्ध को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आटा थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर निवासी मोहनलाल पुत्र सुरजे 65 वर्ष अपने लड़के अमर सिंह व नाती चन्द्रकुमार उर्फ पवन के साथ उरई डॉक्टर के पास जा रहे थे। जब वह आटा बस स्टैंड पर ऑटो के लिए उन्होंने जैसे ही हाइवे पार किया। तभी आटा तिराहे पर कानपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी और पहिया चढ़ाते हुए भाग गया। हादसे से मौके पर हड़कंप मच गया और मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। इसके बाद कागजी कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही वृद्ध की मौत से घर में मातम छा गया। मामले में आटा थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। ट्रक का भी पता चल गया है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### सड़क हादसे में बुआ, भतीजे की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** झांसी कानपुर हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार महिला मासूम सहित तीन लोग घायल हो गए। जिसमें बुआ भतीजे की मौत हो गई। शहर के सपा कार्यालय के पीछे मुहल्ला नया पटेल नगर निवासी धर्मेंद्र सिंह के जीजा अनिल सिंह घर आए हुए थे। मंगलवार की शाम को वह बाइक से अपनी सरहज 35 वर्षीय साधना चंदेल व भतीजा पांच वर्षीय राम के साथ आटा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरायां स्थित मंदिर गए हुए थे। जब शाम को वह लोग वहां से वापस लौट रहे थे। तभी झांसी-कानपुर हाईवे पर संकट मोचन मंदिर के पास पहुंचे, तो पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। वहां से गुजरे राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने तीनों को घायल हालत में इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा। जहां डाक्टरों ने साधना चंदेल को मृत घोषित कर दिया। वही मासूम राम को कानपुर इलाज के लिए रिफर किया गया और इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घायल अनिल सिंह का इलाज किया जा रहा है।

### किसान के घर तिजोरी तोड़कर चोरों ने की लाखों की चोरी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर थाना क्षेत्र के कुसमिलिया गांव में एक किसान के घर में अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते से दाखिल होकर सोने-चांदी के जेबरात व 77 हजार की नगदी समेत करीब बीस लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया। किसान ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव व परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने आगामी 14 दिसम्बर को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण कराने पर जोर दिया।

प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाने के बाद जिला जज विकास कुमार प्रथम ने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की चैथे चरण की बैठक ली। खासतौर से बैंकों से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग लोक अदालत में निस्तारित होने योग्य मुकदमों को चिन्हित कर लें और वादकारियों तथा अधिवक्ताओं से वार्ता कर अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण कराएं। इसके लिए विभिन्न न्यायालयों द्वारा वादकारियों, पक्षकारों को जारी किए गए नोटिस कम से कम दो बार तामील कराएं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में लम्बित शमनीय वादों, बैंक, राजस्व विभाग एवं जिले के विभिन्न प्रशासनिक विभागों से सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाएगा।

इस मौके पर अपर जिला जज अनुराग कुरील, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज राममणि पाठक, विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा, त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारतीय, सिविल जज सचिन कुमार दीक्षित, सोनम गुप्ता, सैफाली यादव, अंजलिका प्रियदर्शनी, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, उपनिदेशक मत्स्य भानूचंद्रा, राज्य कर अधिकारी कोमल अग्रवाल, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेन्द्र बहादुर, अग्रणी बैंक प्रबंधक अनुराग शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, चन्द्रभान प्रजापति, प्रफुल्ल कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।


## वृद्धजनों को दी स्वस्थ रहने की सलाह

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

वृद्धा आश्रम विनायकपुर में बुधवार को तुलसीदास शिक्षा विकास समिति शोध संस्थान व सेवा भारती द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वृद्धों को फ्रूट, जूस, शैंपू, शहद आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने वृद्धजनों से कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खान-पान में पोषक तत्वों का होना जरूरी है। इसलिए वृद्धजनों को जूस आदि सामग्री वितरण कर सभी को स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक किया गया है। सोसाइटी के सचिव चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी सभी बातें बताईं। सेवा भारती के जिला महामंत्री राज किशोर शिवहरे ने तंबाकू, गुटखा व पान का सेवन से दूर रहने व इससे होने वाले शारीरिक व आर्थिक नुकसान के साथ होने वाली गंभीर बीमारियों के विषय में बताया। जिला दिव्यांग जन विकास अधिकारी प्रियंका यादव ने कहा कि जिन बुजुर्गों को छड़ी, चश्मा व कान की मशीन की जरूरत हो, उसके लिए सभी जरूरतमंद आवेदन कर दें।

## कक्षा एक से तीन तक के छात्रों की निपुण एसेसमेंट परीक्षा सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



बुधवार को जनपद के समस्त विद्यालयों में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों की निपुण एसेसमेंट परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान परीक्षा के पर्यवेक्षण के लिए गठित टीम ने कई परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि निपुण एसेसमेंट परीक्षा के द्वारा जनपद मंडल एवं प्रदेश स्तर पर गुणवत्ता की रेटिंग होगी। इस परीक्षा के माध्यम से बच्चों के अधिगम स्तर को मापने का काम किया जाएगा। जिसमें जनपद के रामनगर, मऊ, मानिकपुर, पहाड़ी तथा चित्रकूट सहित नगर क्षेत्र के कक्षा एक से तीन तक के बच्चों भाग लिया है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कसहाई नई दुनिया बनवारीपुर पहाड़ी के दस विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें सुचितापूर्ण नकल विहीन परीक्षा होती पाई गई। साथ ही जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देश पर डी सी पुष्पेंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह, अतुल दत्त तिवारी, कृष्ण दत्त पाण्डेय, राजेश गुप्ता, मिथिलेश कुमार, डीसी ज्ञानेंद्र मिश्रा, अत्रि प्रकाश त्रिपाठी, संतोष साहू, वीरेंद्र कुमार ने भी पांच विद्यालयों का पर्यवेक्षण कर रिपोर्ट अपलोड की। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि 28 नवंबर गुरुवार को कक्षा चार से आठ कक्षा तक के समस्त बच्चों की भी परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें समस्त अध्यापक परीक्षा नकलविहीन, सुचितापूर्ण परीक्षा संपादित कराएं। यदि कहीं कोई कमी पाई जाती है, तो सम्बन्धित अध्यापक के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जेल सिर्फ सजा का स्थान नहीं है, बल्कि सुधार का केंद्र भी है- प्रभारी मंत्री

**जन एक्सप्रेस । उरई**



प्रभारी मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग संजय सिंह गंगवार ने जिला कारागार में विभिन्न बैरकों, अस्पताल, रसोई घर आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने जेल अधीक्षक और अन्य अधिकारियों से चर्चा की और कैदियों की स्थिति और जेल में चल रहे सुधारात्मक कार्यों की जानकारी प्राप्त की। प्रभारी मंत्री ने जेल परिसर में साफ-सफाई, कैदियों के लिए उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं का विशेष रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने कैदियों से भी सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कैदियों से जेल के भीतर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल में चल रहे विभिन्न सुधारात्मक कार्यक्रमों की सराहना की।उन्होंने कैदियों को समय-समय पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने और उनकी मानसिक स्थिति को सुधारने के लिए परामर्श सेवाएं बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जेल सिर्फ सजा का स्थान नहीं है, बल्कि सुधार का केंद्र भी है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार जेलों में कैदियों के लिए मानवीय और सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने निर्देशित किया कि जेल परिसर में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री का प्रवेश न हो, उन्होंने इस सम्बंध में रोस्टर बनाकर प्रतिदिन जांच-पड़ताल करने का भी निर्देश दिया ताकि जेल में किसी भी प्रकार की अनियमितता का सामना न करना पड़े।

### डीएम ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

# मुख्य चिकित्साधीक्षक को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को संयुक्त जिला अस्पताल सोनपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के प्रमुख वार्डों एंव कक्षों का निरीक्षण कर मुख्य चिकित्साधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, वाह्य रोगी विभाग, दवा वितरण कक्ष सहित जिला अस्पताल के प्रमुख वार्डों एवं कक्षों का निरीक्षण किया। दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधीक्षक को निर्देशित किया कि कोई भी दवा बाहर से न लिखें एवं एक्सपायर दवाओं को तुरंत हटाएं। नवजात शिशु वार्ड के निरीक्षण के दौरान वहां भर्ती सात नवजात शिशुओं की अच्छे से देखभाल करने के लिए निर्देशित किया। पुरुष वार्ड एवं महिला वार्ड निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित नर्सों एवं डॉक्टरों को निर्देशित किया कि समय पर आकर वार्ड में भर्ती मरीजों को देखते रहे तथा किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। कहा कि डॉक्टर भगवान का रूप होता है। अतः आप लोग निःस्वार्थ भाव से सेवा करें। मीरा स्वयं सहायता समूह (किचन) के निरीक्षण के दौरान खाना बनते पाया गया। इस पर डीएम ने शासन की गाइडलाइन के अनुसार खाना दिए जाने के लिए निर्देशित किया। पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती नोनार पहाड़ी निवासी रजवंती की पुत्री मनगिरिया के लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अगर समस्या ज्यादा है, तो आर्थिक सहायता भी दी जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधीक्षक को निर्देशित किया कि जहां पर बाउंड्री वॉल टूट गई है व जमीन विवादित नहीं है, वहां बाउंड्री वॉल बनवाए। साथ ही जिला अस्पताल कैंपस में साफ-सफाई बनाएं रहने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिक्षक शैलेंद्र कुमार, डॉ तनवीर सहित समबन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन को 17 एमडी की सीटों का आवंटन

**जन एक्सप्रेस । उरई**




राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन को 17 एमडी की सीटों का आवंटन किया गया है। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने बताई। उन्होंने कहा जालौन के लिए ऐतिहासिक दिन, जब स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को कॉलेज में पांच MD बाल रोग (Pediatrics) सीट, सात MD एनेस्थीसिया (Anesthesia) सीट, दो MD प्रसूति और स्त्री रोग (Obstetrics & Gynecology) सीट और तीन MD चिकित्सा (Medicine) सीटों के आवंटन के निर्देश दिए। यह ऐतिहासिक निर्णय कॉलेज और उसके प्रशासन द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है, जो चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता और विस्तार को बढ़ाने के लिए किए गए थे। इस महत्वपूर्ण निर्णय के परिणामस्वरूप, अब सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय जालौन विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञताओं में पोस्ट ग्रेजुएट (MD) सीटें प्रदान करेगा, जिससे छात्रों को उन्नत और उच्च गुणवत्ता वाली प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। अब कॉलेज में पांच MD बाल रोग, सात MD एनेस्थीसिया, दो MD प्रसूति और स्त्री रोग, और तीन MD चिकित्सा सीटें उपलब्ध होंगी। इन सीटों के जुड़ने से महाविद्यालय की शैक्षिक मानकों में काफी सुधार होगा और यह जालौन जिले के चिकित्सा परिदृश्य में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा।

यह निर्णय कॉलेज प्रशासन और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। कॉलेज प्रशासन ने इस हेतु एक अपील प्रस्तुत की थी, जिसके बाद कॉलेज की आंतरिक प्रणालियाँ और संरचना को मजबूत किया गया। फैकल्टी की संख्या बढ़ाने, शोध पहलों को प्रोत्साहित करने और उच्च स्तरीय संरचना में सुधार करने के लिए केंद्रित प्रयास किए गए, जिसके कारण कॉलेज इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की ओर अग्रसर हुआ।

इन रणनीतिक सुधारों के परिणामस्वरूप ही कॉलेज ने इन प्रतिष्ठित MD सीटों को हासिल किया है। हालांकि, एक और महत्वपूर्ण निर्णय का इंतजार है, जो हड्डी और जोड़ों के रोगों (Orthopedics) के लिए सीटों की स्वीकृति से संबंधित है। कॉलेज प्रशासन को उम्मीद है कि यह निर्णय भी उनके पक्ष में होगा, जिससे संस्थान की विशेषज्ञता और शैक्षिक प्रस्तावों का विस्तार होगा। इस निर्णय से छात्रों को अतिरिक्त अवसर और विकल्प मिलेंगे, जो उनके पेशेवर भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होंगे। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, डॉ. अरविंद त्रिवेदी का योगदान की प्रशंसा की और कहा कि यह सफलता मुख्य रूप से डॉ. अरविंद त्रिवेदी के निरंतर प्रयासों और कड़ी मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने कॉलेज की वृद्धि और विकास में नेतृत्व प्रदान किया। उनके नेतृत्व में, कॉलेज प्रशासन ने कई सुधारात्मक कदम उठाए, और इन प्रयासों ने अब फल दिया है। डॉ. त्रिवेदी का प्रशासनिक कार्यों को सुचारु बनाना और शैक्षिक गतिविधियों को सुधारने पर ध्यान केंद्रित करना इस मील के पत्थर को हासिल करने में मददगार साबित हुआ। इस नए विकास के साथ, राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन न केवल राज्य में अपनी स्थिति को मजबूत करेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिष्ठा को भी बढ़ाएगा। कॉलेज अब एक प्रमुख चिकित्सा शिक्षा केंद्र बनने के लिए तैयार है, जो प्रशिक्षित पेशेवरों को तैयार करेगा, जो न केवल स्थानीय स्वास्थ्य प्रणाली में योगदान देंगे, बल्कि देश की चिकित्सा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## ऐतिहासिक हनुमान मेले में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**जन एक्सप्रेस । राजापुर/चित्रकूट**



गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मभूमि राजापुर के ऐतिहासिक हनुमान मंदिर में अगहन मेले के दूसरे मंगलवार को नर-नारियों का सुबह से दर्शनों के लिए ताँता लगा रहा। वहीं पुलिस की लगभग ढाई दर्जन सुरक्षाकर्मियों को चार जोनों में बांटा गया था। मन्दिर परिसर से लेकर मेला क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक हर संदिग्ध पर नजर बनाए रहे। अगहन मेले के दूसरे मंगलवार को क्षेत्राधिकारी जय करण सिंह के निर्देशन में मेले को चार जोनों में बाँटकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करते हुए बताया कि प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह व अपने हमराहियों के साथ पूरे मेला क्षेत्र में चारों सेक्टरों का निरीक्षण व मेले में संदिग्ध लोगों से पूंछतांछ जानकारी लेते रहे और प्रथम सेक्टर गर्भगृह में उप-निरीक्षक अनिल सिंह, कांस्टेबिल, महिला कांस्टेबल दूसरे सेक्टर में तथा तीसरे सेक्टर पूरे मेला क्षेत्र में थाना राजापुर के उपनिरीक्षक, कांस्टेबल तथा चौथे सेक्टर में उपनिरीक्षक बिना वर्दी के मेला क्षेत्र में संदिग्धों पर नजर रखने के लिए मेला क्षेत्र में तैनात किया गया हैं।

ऐतिहासिक हनुमान मेला में कस्बा सहित कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रयागराज, चित्रकूट, रायबरेली, प्रतापगढ़ बाँदा के श्रद्धालुओं का सुबह से मन्दिर में दर्शन के लिए ताँता लगा रहा। हनुमान मन्दिर के पुजारी सूर्यप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि संवत 1620 से लेकर संवत 1631 तक रामचरितमानस के रचयिता सन्त सिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपने घर के पश्चिम दिशा में पड़ी एक शिला में चंदन से हनुमान प्रतिमा को बनाकर पूजा - अर्चना किया करते थे। एक दिन उस आकृति का विसर्जन करना भूल गए तभी से यह चंदन से युक्त हनुमान आकृति उस शिला में विद्यमान है और श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा-अर्चना किया जाने लगा साथ ही बताया कि कार्तिक पूर्णिमा से अगहन पूर्णिमा तक पूरे एक माह मंगलवार, शनिवार, अमावस्या तथा पूर्णिमा के दिन कस्बा सहित क्षेत्र के सैकड़ों गाँवों व विभिन्न जनपदों के श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। मेले में खोया और चीनी से निर्मित लड्डू ही प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है। जो भक्त आस्था विश्वास के साथ मन्नत मान लेता है निश्चित ही उसके कार्य सिद्ध हो जाते हैं इस 1 माह के मेले में सौन्दर्य प्रसाधन, नारियल, फूल - माला आदि की दुकानें मेले में सजी रहीं, महिलाएँ व बच्चे झूले का खूब लुत्फ उठाते रहे। भक्तों के द्वारा कार्य सिद्ध होने पर भंडारे का आयोजन जगह जगह किया जाता है।

## नवोदय में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए पाठशाला में कराई जाएगी तैयारी

**जन एक्सप्रेस । पहाड़ी, चित्रकूट**



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय चकजाफर में नवोदय पाठशाला का शुभारम्भ किया। जिसमें नवोदय विद्यालय के प्रवेश फार्म भरने वाले कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान की जाएगी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी. के. शर्मा ने नवोदय पाठशाला की शुरुआत करने वाली टीम से कहा कि यह अत्यंत पुनीत कार्य है। पूरी टीम अपना प्रयास जारी रखे इसमे सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। एआरपी शिवप्रेम यागिक ने बताया कि इस नवोदय पाठशाला में प्रत्येक रविवार एवं अवकाश के दिनों में ब्लॉक के कक्षा 5 के जिन बच्चों ने नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन किया है, उन्हें योग्य शिक्षकों द्वारा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक शिक्षण कार्य कराते हुए तैयारी करवाई जाएगी। इस दौरान आस-पास के विभिन्न विद्यालयों से आये हुए छात्र-छात्राओं के अभिभावकों का वाट्सअप ग्रुप तैयार कर कार्यशाला के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई। कहा कि आगे भी जो अभिभावक संपर्क करेंगे, उनके बच्चों को भी इस पाठशाला में प्रवेश दिया जायेगा। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिल्पा चौहान, शिक्षक मनोज मिश्रा, धीरेन्द्र कुमार, नोडल संकुल शिक्षक चकौंध हीरालाल सिंह, ऋषिकेश सिंह, दीपक पाण्डेय, नवल पाण्डेय, ऋषि कुमार, भालेन्द्र सिंह, सीमा सिंह, अतुल निरंजन, अनिल सिंह सहित प्राथमिक विद्यालय चकजाफर, चकौंध, गया का पुरवा, अहिरनपुरवा, जरिहा, भुईहरी, अशोह, तौरा आदि के छात्र-छात्रा व अभिभावक मौजूद रहे।

# खाद की कीमत से परेशान किसान, रोज लाइन लगने को मजबूर

**जन एक्सप्रेस । राजापुर/चित्रकूट**




जहाँ एक ओर केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार किसानों की आय दुगनी कराने का खोखला ढिंढोरा पीट रही है वहीं राजापुर तहसील क्षेत्र के साधन सहकारी समितियों में डीएपी और यूरिया की भारी कमी के कारण किसान एक एक बोरी खाद के लिए समितियों में आधी रात से ही डेरा जमाकर खाद की आस में बैठा रहता है और न मिलने पर मायूष होकर घर लौट जाता है। जबकि जिलाधिकारी चित्रकूट और कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा कहा जा रहा है कि जनपद में खाद की कोई कमी नहीं है समितियो में किसानों की भीड़ जमा हो रही है और खाद होने के बावजूद भी सचिव ताला बंद कर गायब रहता हैं।

बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बरद्वारा में डीएपी खाद का आवंटन किया गया है जिसमें सात गांव के हजारों किसान खाद लेने के लिए सुबह 6ः00 बजे से समिति कार्यालय में डेरा डालें पड़े हैं और खाद के लिए मारामारी चल रही है जबकि साधन सहकारी समिति बिहरवा, बरद्वारा, सरधुवा, नादिन कुर्मियांन, छीबो, हरदौली, औदहा, भदेहदू आठ समितियो में खाद ऊँट के मुँह में जीरा जैसी साबित हो रही है।

बरद्वारा समिति में खाद होने की खबर पाकर किसान मध्य रात्रि से ही सैकड़ो की संख्या में डेरा डालकर बैठे रहे। किसानों की भारी संख्या को देखते हुए साधन सहकारी समिति बरद्वारा के सचिव ताला बंद कर फरार हो गया हैं किसानों का कहना है कि जब तक जिले के उच्च अधिकारी खाद्य वितरण सही ढंग से नहीं होगा तब तक हम लोग सत्याग्रह आंदोलन पर समिति के मैदान में डेरा डाले पड़े रहेंगे जिस पर उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा ने कहा है कि किसी भी किसान के साथ भेदभाव न करने के आदेश सचिव को दिए हैं और टोकन के माध्यम से खाद वितरण किया जाए।

किसान बालकृष्ण विश्वकर्मा, समरजीत सिंह, अशोक श्रीवास्तव, जितेन्द्र, गुड्डू, भोले, भुल्लू, पप्पू पिढिया, चुनकावन, बुधराज, गोरेलाल, रामबरन, छोटेलाल आदि किसानों ने बताया कि गेहूँ की फसल 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर के बीच बोई जाती है और डीएपी खाद का प्रयोग बोने के समय ही किया जाता है। यदि समय से खाद नहीं मिलती है तो गेहूँ की फसल पिछड़ जाने के कारण उपज और पैदावार में काफी कमी आती है और किसान को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है समिति के सचिव फूलचन्द्र पटेल को साधन सहकारी समिति भदेहदू का कार्यभार दिया गया और दोनो समितियों में खाद का आवंटन होने के कारण एक जगह के किसानों को खाद नही मिल पाती हैं

उपस्थित किसानों ने जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी राजापुर से माँग किया है कि दोनो समितियों में अलग अलग सचिव तैनात कर सुचारू रूप से किसानों को खाद वितरण कराएं जाने की मांग किया है।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 28 नवंबर, 2024






### अडाणी मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा...

संसद के शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। लोकसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने अडाणी मुद्दे पर हंगामा किया। 12 बजे दोबारा कार्यवाही शुरू हुई तो फिर हंगामा हुआ। विपक्ष ने यूपी के संभल में हिंसा का मुद्दा भी उठाया। जिसके बाद लोकसभा... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

## नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चर्चाएं तेज, 30 दिसंबर तक पूरी होगी प्रकिया

# जनवरी में हो सकती है घोषणा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी को नए साल में प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। वहीं 16 से 30 दिसंबर के बीच जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े को संगठनात्मक चुनाव में पर्यवेक्षक बनाया गया है। तावडे एक दिसंबर को चुनाव के संबंध में आयोजित बैठक में हिस्सा लेंगे। बुधवार को विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में संगठन पर्व की बैठक में तय किया गया कि 28 से 2 दिसंबर तक जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। चुनाव के लिए प्रत्येक तीन जिलों के लिए एक केंद्रीय पर्यवेक्षक बनेगा। वहीं 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का चयन होगा। भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन चुनाव अधिकारी नरेश बंसल, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह एवं संगठन चुनाव अपील समिति के प्रदेश संयोजक राजेंद्र अग्रवाल की मौजूदगी में आयोजित कार्यशाला में बूथ समितियों, मंडल समितियों तथा जिला संगठन के गठन पर चर्चा हुई। प्रदेश सदस्यता प्रभारी व प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला और क्षेत्रीय अध्यक्षों ने सदस्यता अभियान तथा सक्रिय सदस्यता अभियान तथा बूथ समितियों के गठन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन प्रदेश चुनाव सहप्रभारी रंजना उपाध्याय ने संचालन किया। कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला चुनाव अधिकारी, जिला सहायक चुनाव अधिकारी, जिला सक्रिय सदस्यता सत्यापन अधिकारी सहित मोर्चों, मीडिया, सोशल मीडिया तथा आईटी के प्रदेश प्रमुख उपस्थित रहे।

### भाजपा परिवारवादी पार्टी नहीं

राष्ट्रीय सहचुनाव अधिकारी नरेश बंसल ने कहा कि भाजपा परिवारवादी पार्टी नहीं, बल्कि परिवार भाव से चलने वाली पार्टी है। वहीं भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश में ढाई करोड़ से अधिक सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का काम भाजपा जैसा कार्यकर्ता आधारित संगठन ही कर सकता है। नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी मेहनत से अच्छे परिणाम प्राप्त किये हैं। डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय ने कहा कि हालिया चुनावों में भाजपा की विजय कार्यकर्ताओं के परिश्रम से मिली है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मंडल अध्यक्ष की आयु 35 से 45 वर्ष के बीच और जिलाध्यक्ष की आयु 45 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### कार्यक्रम भी हुए तय

प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने बताया कि भाजपा गणतंत्र दिवस तक संविधान गौरव महोत्सव जिला तथा मंडल स्तर पर मनाएगी। 6 दिसंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि बूथ स्तर पर मनाई जाएगी। वहीं 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी। तत्पश्चात 27 दिसंबर को पार्टी बाल शहीद दिवस मनाएगी।

## शादी के सीजन में नोटों की कालाबाजारी

### 10 का नोट 14 रुपयों का, 20 और 50 की भी गड्डियां गायब



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

सहालग के सीजन में इस वक्त बैंकों से छोटे नोटों की गड्डियां गायब हो गई हैं। बाजार में 10, 20 और 50 रुपये के नए नोट मनमाने दाम पर बेचे जा रहे हैं। 10 के नोट की गड्डी 1000 की जगह 1400 की हो गई है। 20 रुपये के नोट की गड्डी 2250 तो 50 के नोट की गड्डी 5300 रुपये में बिक रही है। शादी के मौसम में नेग देने व जश्न के माहौल में नोट लुटाने की वजह से लोग छोटे नोटों को प्राथमिकता देते हैं। अपनी ख़ास महक और कड़कड़ाहट की वजह से भी कड़क नोट पाकर मेहमान भी खुश हो जाते हैं। इसीलिए शादी विवाह में 10, 20 और 50 रुपये के नोटों की खासी मांग रहती है। शहर के हजरतगंज,गोमतीनगर समेत लगभग सभी बैंकों से 10, 20 और 50 के नए नोटों की गड्डियां गायब हैं। यहां तक कि सभी बैंकों का प्रतिनिधित्व करने वाले बैंक ऑफ बड़ौदा की विभूतिखंड ब्रांच में भी 10, 20 और 50 रुपये के नए नोट नहीं हैं। कैशियर ने बताया कि एक्सचेंज की कोई सुविधा नहीं है। अगर बैंक में आपका खाता है, तो निकासी में छोटे नोट मिल जाएंगे। लेकिन वह पुराने नोट ही होंगे। नए नोट की गड्डियां नहीं हैं। उधर, बाजार में कटे फटे नोट बदलने वालों के पास उच्च दर पर आसानी से कड़क नोट मिल जा रहे हैं।

#### 10 के कड़क नोट के लिए खर्च कीजिए 14 रुपये

सहालग में नोटों पर इस कदर महंगाई बढ़ी है कि 10 रुपये का नोट 14 रुपये का हो गया है। अमीनाबाद स्थित कटे फटे नोट की दुकान चलाने वाले 1400 रुपये में 10 के नोट की गड्डी, 20 रुपये की गड्डी 5250 और 50 रुपये की गड्डी पर 300 रुपये वसूल रहे हैं। जबकि आरबीआई का सख्त निर्देश है कि कोई भी मुद्रा उसके तय मूल्य से ज्यादा पर खरीदी बेची नहीं जा सकती।

#### कड़क नोटों की माला भी डेढ़ गुनी तक महंगी

कड़क नोटों के अलावा दूल्हे को पहनाने वाली नोटों की माला भी महंगी हो चली है। गणेशगंज के दुकानदार पवन ने बताया कि 10 रुपये के 10 नोटों की माला 180 रुपये में, 20 रुपये की 25 नोटों की माला 700 और 50 रुपये की 20 नोटों की माला 1200 रुपये में मिल रही है। कहा कि बैंक में कड़क नोट नहीं मिलते। कटे फटे नोट बदलने वाले दुकानदारों से ही नोट खरीदने पड़ते हैं।

#### आरबीआई में सख्त है नियम

एलडीएम मनीष पाठक बताते हैं कि आरबीआई का सख्त नियम है कि तय कीमत से ज्यादा रुपये में नोट नहीं दिए जा सकते। बैंकों में नए नोट की स्थिति की जानकारी नहीं है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** भारत सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान को संवाद सामाजिक संस्थान ने समर्थन दिया । भारत सरकार की ओर से नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत के बाद जिला प्रशासन लखनऊ एवं संवाद सामाजिक संस्थान के सहयोग से लखनऊ के माल ब्लाक की ग्राम पंचायत मसीढ़ा रतन में किया गया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प दिलाया। शुभारम्भ कार्यक्रम में आये लोगों को लाइव दिखाते हुए कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम से अवगत कराते हुए बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में चर्चा हुई। इस मौके पर कार्यक्रम में बोलते हुए अतिथियों ने बच्चों, महिलाओं और पंचायत प्रतिनिधियों व अन्य को बाल विवाह को खत्म करने के लिए सभी को अपने अपने स्तर पर व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेते हुए प्रयास करना होगा। बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत' के उद्घाटन 27 नवम्बर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया।

### लोकतंत्र में फाइनल लड़ाई का केन्द्र बूथ

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व-2024 की प्रदेश बैठक बुधवार को लखनऊ के विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुई। भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन चुनाव अधिकारी नरेश बंसल, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी डा महेन्द्र नाथ पाण्डेय, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह एवं संगठन चुनाव अपील समिति के प्रदेश संयोजक राजेन्द्र अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित बैठक में प्रदेश में बूथ समितियों, मंडल समितियों तथा जिला संगठन के गठन पर चर्चा हुई। कार्यशाला में तय किया गया कि संगठन पर्व के तहत 28 से 02 दिसम्बर तक जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जायेंगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की संगठनात्मक चुनाव में प्रदेश के पर्यवेक्षक के रूप में सहभागिता रहेगी। संगठनात्मक चुनाव के लिए प्रत्येक तीन जिलों के लिए एक केन्द्रीय पर्यवेक्षक तय किया जाएगा। आगामी 01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक मंडल अध्यक्षों के चयन तथा 16 से 30 दिसम्बर तक जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। कार्यशाला में प्रदेश सदस्यता प्रभारी व प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने सदस्यता अभियान तथा सक्रिय सदस्यता अभियान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय अध्यक्षों ने अपने क्षेत्र के सदस्यता अभियान, सक्रिय सदस्यता अभियान तथा बूथ समितियों के गठन का प्रतिवेदन कार्यशाला में प्रस्तुत किया।

### ट्रेन के टॉयलेट से आ रही थी अजीब सी आवाजें

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** गोरखपुर से निकल ट्रेन में आरपीएफ नियमित गश्त पर थे।रात की वजह से एक-एक कोच की तलाशी ले रहे थे। एक कोच से दूसरे पर जाते समय जवान एक टॉयलेट के पास से गुजर रहे थे। टॉयलेट से अजीब सी आवाजें आ रही थीं। तेजी से चलते हुए आरपीएफ जवान पहले आगे निकल गया, लेकिन आवाज सुनकर वापस लौट आया। टॉयलेट का दरवाजा खटखटाया लेकिन खुला नहीं। जवानों ने बड़ी मुश्किल से दरवाजा खोला, अंदर का सीन देखकर परेशान हो गए। इसकी सूचना आरपीएफ और रेलवे अधिकारी को दी गयी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई की। भारतीय रेलवे भागकर आए या कडिनैप कर ले जाए जा रहे बच्चों को बचाने के लिए ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते चला रहा है। इसके तहत आरपीएफ स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों और स्टेशन की जांच करता है और जो ऐसे बच्चे मिल जाते हैं, उन्हें जिला बाल कल्याण समिति सौंप दिया जाता है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अप्रैल से अक्टूबर तक स्टेशनों और ट्रेनों में खतरे में पड़े 644 बच्चों को बचाया गया। जोन से निकल रही एक ट्रेन में जब आरपीएफ जवान जांच कर रहे थे, तभी टॉयलेट से बच्चों की आवाज आ रहीं थीं। सुनकर आरपीएफ ने दरवाजा खोला। अंदर दो बच्चे थे। दोनों रो रहे थे। पूछताछ में परिजनों के संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं दे पाए।इतना ही बता पा रहे हैं कि कोई इनको लेकर आया था। नन्हे फरिश्ते ऑपरेशन के तहत पूर्वोत्तर रेलवे पर 2023-24 में 368 बच्चों को बचाया गया। 2024-25 में माह अक्टूबर, 2024 तक 433 लड़कों एवं 211 लड़कियों सहित 644 बच्चों को बचाया गया, इनमें घर से भागे हुये, लापता, बिछड़े हुए, निराश्रित, अपहृत, मानसिक रूप से विक्षिप्त एवं बेघर बच्चे सम्मिलित हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर चाइल्ड हेल्पडेस्क उपलब्ध है।

### महाकुंभ प्रयागराज आध्यात्मिकता, संस्कृति और एकता का अद्भुत संगम: जयवीर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** महाकुंभ 2025 केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि का जीवंत उदाहरण भी है। इस मेले के दौरान 4 बड़े मंचों एवं 20 लघु मंचों पर 35 दिनों तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। इन प्रस्तुतियों में शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य, नाट्य कला और समकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। इस आयोजन में विश्व प्रसिद्ध कलाकारों एआर रहमान, सोनू निगम, श्रेया घोषाल, प्रसिद्ध सितार वादक रिखीराम, रिकी केज और कैलाश खेर की प्रस्तुतियां दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक आस्था, और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक महाकुंभ 2025 एक बार फिर प्रयागराज की पवित्र भूमि पर आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक होगा और इसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के भाग लेने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग और भारत सरकार के सहयोग से आयोजित यह महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि भारतीय परंपराओं, कलाओं और एकता का भव्य उत्सव भी है। इस आयोजन के माध्यम से न केवल आध्यात्मिकता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक धरोहर की गहराई और विविधता को भी विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की पारंपरिक कलाओं जैसे अवधी, धोबिया, राई, मयूर, और करमा नृत्य का प्रदर्शन किया जाएगा, जो स्थानीय लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करेंगे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अलावा, महाकुंभ में विशेष नाट्य प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी, जिनमें रामलीला, कृष्णलीला, और काकोरी महागाथा जैसे नाटक शामिल होंगे।

## केजीबीवी स्कूलों में छात्राओं को ताजे मौसमी फल और दूध देने की तैयारी, जारी किए गए निर्देश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में अध्ययनरत छात्राओं को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ताजे मौसमी फल, दूध और अन्य आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह पहल छात्राओं के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस संबंध में योगी सरकार ने निर्देश दे दिए हैं। इस पहल से न केवल बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव पड़ेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने में भी मदद मिलेगी। यह पहल उनके शैक्षिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के साथ-साथ उन्हें समाज में एक मजबूत और सशक्त भूमिका निभाने में सक्षम बनाएगी।

#### टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए सभी निविदाएं समाचार पत्रों और एनआईसी पोर्टल पर प्रकाशित की जाएंगी। प्रक्रिया को 28 फरवरी 2025 तक पूरा कर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी प्रकार की देरी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी।

#### जेम पोर्टल के माध्यम से अनिवार्य खरीदारी

सरकार ने दैनिक उपभोग और शिक्षण सामग्री की खरीद के लिए जेम (त्ढ्ढरू) पोर्टल का उपयोग अनिवार्य किया है। यह कदम क्रय प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करेगा। विशेष रूप से, छात्राओं को पराग, अमूल, ज्ञान और मदर डेयरी जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स से दूध उपलब्ध कराया जाएगा। डिप्टी डायरेक्टर और वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. मुकेश सिंह ने बताया कि यदि आपूर्ति की गई सामग्री मानक के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो संबंधित फर्म की धरोहर राशि जब्त कर उसे काली सूची में डाल दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।


#### गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निगरानी समिति

सामग्री की गुणवत्ता की जांच और निगरानी के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति नियमित रूप से आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता का निरीक्षण करेगी। आपूर्ति की गई सामग्री के नमूने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय और संबंधित विद्यालयों में संरक्षित किए जाएंगे।

### लखनऊ में ट्रैफिक जवान पर कार चढ़ाने की कोशिश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ के कृष्णा नगर में कार सवार युवक ने ट्रैफिक जवान को टक्कर मारने की कोशिश की। विरोध करने पर अभद्रता करते हुए फरार हो गए। घटना रविवार रात की है। ट्रैफिक जवान ने मंगलवार को स्नढ्ढक्र दर्ज कराई। कृष्णा नगर इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि यातायात लाइन में कांस्टेबल पद पर कार्यरत राजेश वर्मा की तैनाती कृष्णा नगर मैट्रो स्टेशन चौराहे पर थी। रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे डियूटी के दौरान गाड़ी संख्या यूपी 32 एनके 8423 से एक कार सवार तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए आया। राजेश ने उसको हाथ देकर रोका। इस दौरान आरोपी ने कार धीमी की पर रुका नहीं।



## राज्य सूचना आयुक्त ने राज्यपाल को भेंट की अपनी पुस्तक

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने आज राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को अपनी पुस्तक परदेश प्रपंच भेंट की। इस पुस्तक में डॉ दिलीप अग्निहोत्री के अंतरराष्ट्रीय विषयों पर प्रकाशित लेखों का संग्रह है।

## नगर आयुक्त की कुर्सी खाली देख भड़कीं महापौर

### बोलीं, अगर ड्यूटी आउटडोर तो कुर्सियां क्यों, शासन को भेजेंगे सभी की रिपोर्ट



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों के नहीं मिलने पर महापौर सुषमा खर्कवाल भड़क गईं। उन्होंने कहा- सुबह 10 बजे से ड्यूटी शुरू हो जाती है। अधिकारी, बाबू और चपरासी 11 बजे तक ड्यूटी पर नहीं आए हैं। सभी की रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजेंगे। आउटडोर ड्यूटी ही करनी है तो कुर्सियां क्यों लगाई गईं हैं। महापौर सुबह निगम कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचीं। अटेंडेंस रजिस्टर मंगवाकर चेक किया तो पता चला कि कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने अटेंडेंस ही नहीं भरी है।

#### दो अधिकारी ड्यूटी पर मिले

महापौर सुषमा खर्कवाल को मौके पर सिर्फ दो अधिकारी ड्यूटी पर तैनात मिले। टैक्स अधिकारी डॉक्टर अशोक सिंह और अपर नगर आयुक्त अरविंद राव ऑफिस में बैठे थे। इनके अलावा कोई अपर आयुक्त स्तर का अधिकारी ड्यूटी पर नहीं पहुंचा था। इस दौरान भड़की महापौर ने कहा- जो लोग नहीं आए हैं सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

#### रजिस्टर में भी अपसेंट

महापौर ने निरीक्षण के दौरान अटेंडेंस रजिस्टर भी चेक किया। कई कर्मचारियों की अटेंडेंस नहीं लगी थी। उन्होंने निर्देश दिया कि ऑफिस पहुंचते ही अटेंडेंस लगाएं। महापौर ने खाली कुर्सियों की वीडियो और फोटोग्राफी भी कराई।

#### महापौर से कर्मचारी बोले, आउटडोर ड्यूटी

महापौर ने पूछा कि कितने लोग हैं। कर्मचारियों ने कहा- ज्यादा लोग आउट डोर ड्यूटी पर हैं। बाबू की ड्यूटी पूछने पर कर्मचारियों ने बताया कि दो हैं, लेकिन आउटडोर ड्यूटी पर हैं। इस पर महापौर ने कहा- यहां पर आकर कर्मचारी हाजिरी लगाएंगे इसके बाद ही तो जाएंगे। जब ड्यूटी आउटडोर है, तो कुर्सियां किसके लिए लगाई गई हैं। 11 बजे पूरा ऑफिस खाली है।

## प्रॉपर्टी डीलर को किया किडनैप

### फ्लैट पर ले गए, बांध कर पीटा, कमीशन के लेनदेन में हुआ था विवाद

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ के अलीगंज इलाके में कार सवार युवकों ने लेनदेन के विवाद में एक युवक को अगवा कर जमकर पीटा। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट के दौरान उसकी चेन और रुपए भी लूट लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद शांति भंग में चालान किया है।

#### लेनदेन का था विवाद

अलीगंज पांडेय टोला निवासी विशाल साहू 24 नवंबर को दोस्त के घर शादी की सब्जी लेने मंडी गया था। यहां पर कुछ लड़कों ने आदिल का नाम लेते हुए पैसों की डिमांड की। विरोध पर मारपीट शुरू कर दी।

#### फ्लैट में ले जाकर की मारपीट

इस बीच सफेद कार से आदिल, युवराज और शुभम के साथ आए। इन्होंने बंदूक दिखाकर कार से अगवा कर लिया। फिर एक फ्लैट में ले जाकर जमकर पीटा। साथ ही ससुराल से मिली एक चैन और 13 हजार रुपए लूट लिए।

#### प्रापर्टी डीलिंग और ब्याज का करते हैं काम

अलीगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। यह लोग प्रापर्टी डीलिंग और ब्याज का काम करते हैं। सभी एक दूसरे के परिचित हैं। कमीशन के लेनदेन के विवाद में मारपीट हुई थी। आरोपियों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की जा रही है।

## विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि, 12 अरब 30 करोड स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के निर्देशों के क्रम में विधान मण्डल के दोनों सदनों के सदस्यों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास कार्यों हेतु विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 की द्वितीय किश्त के रूप में 12अरब 30 करोड की धनराशि अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा लगभग एक सप्ताह से पहले जारी किया जा चुका है।जारी शासनादेश में मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत धनराशि का व्यय विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के मार्गदर्शी सिद्धांतों में उल्लिखित व्यवस्था प्रावधान तथा इस निमित्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार ही किया जायेगा।विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने की कार्यवाही का दायित्व सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी का होगा। श्री मौर्य ने कहा है कि द्वितीय किस्त जारी होने से प्रदेश में विकास कार्यों की गति और अधिक तेज हो जायेगी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए हैं।

## 12 पर्यटन सर्किट में प्रमुख सड़कों के किनारे विकसित करें ढाबे और फूड कोर्ट : जयवीर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

■ पर्यटकों के लिए आरामदायक हो यात्रा, मोटल, ढाबों, फूड कोर्ट में मिले बेहतर सुविधाएं

उत्तर प्रदेश में पर्यटन बढ़ाने के लिए सड़क किनारे अच्छी पर्यटक सुविधाओं का होना आवश्यक है। 12 टूरिस्ट सर्किट स्थित गंतव्य स्थलों तक प्रमुख सड़कों के किनारे ढाबों, मोटल, फूड कोर्ट विकसित किए जाएं।उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के तहत दी जा रही 25 से 30 प्रतिशत तक की छूट पाने के लिए जो आवेदक योग्य हैं, उन्हें इस योजना का लाभ अवश्य मिले। प्रदेश में वे साइड एमिनिटीज ढाबों, मोटल, फूड कोर्ट बनाने के लिए जमीन खरीदने पर रजिस्ट्री शुल्क, स्टांप ड्यूटी फी की सुविधा दी जा रही है। इकाइयों के निर्माण पर 30 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी।वर्तमान में संचालित वे साइड एमिनिटी में ओपन रेस्टोरेंट, फैमिली रेस्टोरेंट, एसी रूम, शौचालय, बच्चों के लिए प्ले एरिया, आरओ सिस्टम, माड्यूलर किचन, फ्रीजर, सोलर लाइट आदि लगाने पर सब्सिडी देने का प्रावधान है। पर्यटन विभाग मोटल, ढाबा आदि का विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार भी करेगा। साइनेज व वेबसाइट के माध्यम से सूचना दी जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के साथ अनुबंध के बाद एसी बसों को ढाबों पर रुकने की व्यवस्था की जाएगी। ढाबे पर दिव्यांग कर्मचारी रखने पर प्रोत्साहन दिया जाएगा। जमीन के निर्माण भाग की भूमि पर भी अनुदान मिलेगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभरता हुआ राज्य है। बीते वर्ष 2023 में यहां 48 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ था। घरेलू पर्यटन के मामले में अभी हम पहले स्थान पर हैं। विदेश से आने वाले पर्यटकों के मामले में भी यह उपलब्धि हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न प्रदेशों या देशों के सैलानियों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन स्थलों के साथ-साथ पर्यटन सुविधाओं का विकास बेहद जरूरी है। सड़क किनारे अच्छी सुविधाओं से सुसज्जित मोटल, ढाबों, फूड कोर्ट आदि पर्यटकों को सुविधाएं प्रदान करेंगे। उत्तर प्रदेश को 12 पर्यटन सर्किट में बांटा गया है। इनमें रामायण सर्किट, कृष्ण-ब्रज सर्किट, महाभारत सर्किट, बुद्धिस्ट सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी-कबीर सर्किट, जैन सर्किट, बुंदेलखंड सर्किट, वाइल्ड लाइफ एवं इको टूरिज्म सर्किट, क्राफ्ट सर्किट और स्वतंत्रता संग्राम सर्किट हैं। पर्यटक अपने पसंदीदा गंतव्य स्थलों तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच स्टेट हाइवे एसएच सहित अन्य प्रमुख मार्गों होकर गुजरते हैं। पर्यटकों की सुविधाओं के मद्देनजर सड़क किनारे ढाबे, मोटल, मैरेज लॉन आदि में सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है।

राज्य में अभी तक 1001 ढाबों की सूची बनाई गई है। पर्यटन विभाग की ओर से यहां छूट देकर सुविधाओं के विस्तार पर काम किया जा रहा है। आमजन स्वयं पहल कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। पिछले दिनों बैठक में योजना की समीक्षा कर कार्य को और गति देने के निर्देश दिए गए हैं।

## किसानों के लिए खाद बनी मुसीबत

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

रबी की बुवाई इस समय जोरों पर चल रही है। ऐसे समय में खाद किसानों के लिए मुसीबत बनती जा रही है।खाद के लिये किसान कई-कई दिनों से उर्वरक बिक्री केंद्रों के बाहर लाइन लगा रहे है। बावजूद इसके किसानों को खाद नही मिल पा रही है।किसानों के आक्रोश को देखते हुए खाद बिक्री केंद्रों पर पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। रवी की बुवाई का सीजन चल रहा है। सभी खाद बिक्री केंद्रों पर खाद के लिए किसानों की लंबी लाइन लगी हुई है।अमेठी तहसील क्षेत्र के बाईपास के पास स्थित खाद बिक्री केंद्र पर सैकड़ो की संख्या में किसान लाइन लगाकर खाद के लिये अपनी बारी का इंतजार कर रहे है।बीच बीच मे किसान आक्रोशित भी हो जा रहे हैं।जिसे देखते हुए खाद बिक्री केंद्रों पर पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है। किसानों की मानें तो वो कई दिनों से खाद के लिए लाइन में लग रहे है। लेकिन खाद नही मिल रही है।काफी जद्दोजहद के बाद खाद मिलती भी है,तो एक या दो बोरी जिससे उनकी आवश्यकता पूरी नही हो रही है। जिससे मजबूर होकर किसानों को ऊंचे दामो पर बाजारों से भी खाद ख़रीदनी पड़ रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला नवविवाहित का शव

### परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**





जनपद के थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गंगापुर मेहमानपुर गांव में बुधवार सुबह एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजन उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान 22 वर्षीय महिमा के रूप में हुई है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी साल मार्च में बाराबंकी जिले के सुबेहा थाना क्षेत्र स्थित अहीर गांव निवासी संजय तिवारी की बेटी महिमा की शादी शिवरतनगंज क्षेत्र के गंगापुर मेहमानपुर गांव के रहने वाले राम मनोहर मिश्र के बेटे रोहित के साथ हुई थी। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक घटना के वक्त महिमा का पति रोहित खेत में ट्रैक्टर लेकर जोताई करने गया हुआ था। जबकि घर के अन्य सदस्य मौजूद थे। महिमा के शव पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है। मृतका की बहन ने पति पर यातना का आरोप लगाते हुए कहा कि रोहित हर छोटी-बड़ी बात पर शक करता था। और महिमा को मारता-पीटता था। उसने यह भी आरोप लगाया कि महिमा को शादी के बाद से ही लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। शिवरतनगंज थाना प्रभारी सच्चिदानंद राय ने कहा कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।आरंभिक जांच के आधार पर कुछ साक्ष्य जुटाए गए हैं। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि मृतका के परिजनों की शिकायत दर्ज कर ली गई है। और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मजिस्ट्रीरियल जांच सम्बन्धी साक्ष्य/बयान 02 से 16 दिसम्बर तक दें : एसडीएम

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला मजिस्ट्रेट हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार उप जिला मजिस्ट्रेट लालगंज द्वारा जनपद रायबरेली के स्थान-गोविंदपुर वलौली लालगंज में 19 जुलाई 2024 के समय 21:25 बजे दुर्घटनाकारी निगम बस लखनऊ क्षेत्र, रायबरेली डिपो की निगम बस वाहन संख्या यूपी 33 एटी 0799 दोषी मोटरसाइकिल सवार अचानक बस के सामने आ गया जिससे चालक अपना संतुलन खो बैठा और दुर्घटना घटित हो गयी, जिससे भीम पुत्र हीरालाल गोविंदपुर वलौली लालगंज रायबरेली की मृत्यु हो गयी। जिसकी थाना जीडी क्रमांक 338/2024 थाना लालगंज जिला रायबरेली में 20 जुलाई 2024 अंकित है। घटित घटना की मजिस्ट्रीरियल जांच उप जिला मजिस्ट्रेट लालगंज द्वारा की जा रही हैमजिस्ट्रीरियल जांच के संबंध में संबंधित जो भी व्यक्ति अपना लिखित/मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत कराना चाहता है।

## मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण के अंतर्गत तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का हुआ समापन



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शासन के निर्देश के क्रम में ब्लाक संसाधन केंद्र छतोह में ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण के अंतर्गत आउट ऑफ स्कूल बच्चों का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण 23 व 25-26 नवम्बर 2024 को दिया गया। प्रशिक्षण में प्रत्येक विद्यालय से एक नोडल कुल 87 शिक्षक/शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में आउट आफ स्कूल बच्चों को किस प्रकार मुख्यधारा में लाना है पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी एआरपी क्रमशः राजर्षि राज शुक्ला, अवधेश सिंह, अशफाक अहमद की थी। प्रशिक्षण सम्पन्न कराने में बी0आर0सी0 स्टाफ उत्कर्ष सिंह, मनीष यादव लेखाकार, आजाद, राजेश कुमार, महेश, मनोज, इंद्रजीत, इंद्रकुमार की सक्रिय भूमिका रही।

## यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से सेल्फी प्वाइंट के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




पुलिस अधीक्षक महोदय रायबरेली के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में बुधवार को यातायात माह के सत्ताईसवें दिवस जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत नई पहल के तहत यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों के उत्साहवर्धन तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से सेल्फी प्वाइंट लगाकर जागरुकता अभियान चलाया गया। यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों एवं यातायात नियमों का पालन करने वाले चालकों केसाथ सेल्फी लेकर उनको जागरुक करते हुए उनसे यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई तथा पंपलेट व हैंड बिल वितरित किए गए तथा रायबरेली शहर में जगह-जगह रात में चमकने वाले यातायात नियमों सम्बन्धी बोर्ड लगवाए गए। शीत ऋतु में कोहरे के कारण दृश्यता के अभाव में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु माल वाहक वाहनों विशेषकर ट्रैक्टर ट्रालियों में निःशुल्क रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए व जनपद रायबरेली के थानों एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट हैंडबिल व स्टिकर वितरित किए गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए तथा राजमार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारो से हटवाया गया, एवं शहर में भिन्न-भिन्न स्थानों पर वाहन चालकों को जागरुक करते हुए सुरक्षित वाहन चालान हेतु प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त रायबरेली शहर में बाजार तथा सार्वजनिक मार्गों स्कूलों एवं सड़कों के किनारे वाहन खड़ा करके जाम का कारण बनने वाले वाहनों को हटवाया गया चेतावनी दी गई साथ ही उनके विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई भी की गई,तथा यातायात नियमों अनुपालन न करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए कुल 289 चालान करते हुए 492000 रुपए का जुर्माना योजित किया गया।

### विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी हुआ आयोजन

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के समापन समारोह में प्रतिभागी छात्र पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संयुक्त एसडीएम सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन मनोज कुमार सिंह, न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा और एनएसपीएस सलेथू के प्रधानाचार्य राजीव सिंह, एनएसबीवीएम के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह का प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति और उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान ने स्वागत कर स्पोर्ट्स कैप पहनाईसमारोह की शुरुआत स्वागत गीत से की गई, तदोपरांत मुख्य अतिथियों द्वारा खेल प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र/छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया और खेलकूद में प्रतिभाग संख्या के आधार पर सभी हाउसों में **विनर एवं रनर** हॉउस को भी ट्राफी प्रदान की गई, साथ ही सीबीएससी द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को भी प्रमाणपत्र दिए गए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल बच्चों को भी सम्मानित किया गयासमारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत समूह गीत और नृत्य ने शमा बाँध दिया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन लांग जम्प, कबड्डी,खो-खो और 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित सभी छात्रों को मुख्य अतिथियों ने संबोधित कर सफलता की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा ने सभी विजेता छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी हमारे व्यक्तित्व के निर्माण में प्रमुख सहायक होता है, विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताएं प्रथम पायदान पर होती हैं, यहां से निकलकर सभी विजेता राष्ट्रीयऔर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर सफलता प्राप्त करेंगे। साथ ही उन्होंने खेलकूद में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सफलता और असफलता जीवन का अंग है जिन छात्रों ने इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया वह सभी बधाई के पात्र हैं **गिरते हैं सहसवार ही मैदाने जंग में, वह ख़ाक क्या गिरेंगे जो घुटनों के बल चलते हैं** इसीलिए हमें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सतत प्रयासरत रहना चाहिए विद्यालय हमेशा अपने छात्रों के सम्पूर्ण विकास हेतु ऐसे आयोजन करता रहता है और आगे भी करता रहेगा।

## नैट और नैस परीक्षा-2024 को सफल बनाएं प्रधानाध्यापक

### नैट और नैस परीक्षा में बच्चों की शत प्रतिशत रहे उपस्थिति

- नैट और नैस परीक्षा को लेकर डीएम ने जिला स्तरीय अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता को लेकर आगामी दिनों में होने वाली नैट, नैस और निपुण भारत लक्ष्य की परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अधिकारियों के साथ बैठक ली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने 29 और 30 नवंबर को होने वाली निपुण असेसमेंट टेस्ट (नैट परीक्षा), राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (नैस) परख परीक्षा को सफल बनाने को लेकर विभागीय दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को निर्धारित समय में निपुण बनाने के लिए उनकी उपस्थिति पर सर्वाधिक ध्यानदेनाहोगाविद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित रहे इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को सफल बनाने के लिए प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए जाएं। इसके अलावा उन्होंने परीक्षा के दिन जिला स्तरीय अधिकारी से लेकर ब्लॉक तक के अधिकारियों को निगरानी और रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत एक्सपोजर विजिट और कायाकल्प के संबद्ध में भी विभागीय समीक्षा की।

बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक नेट (निपुण असेसमेंट टेस्ट) की तैयारियों में जुटे हुए हैं शासन के निर्देश पर शिक्षक अपनी तरह से छात्र-छात्राओं को बोर्ड के माध्यम से ओएमआर शीट भरने का अभ्यास करा रहे हैं विद्यालयों में क्लॉस 4 से 8 तक के बच्चों का नियमित ओएमआर सीट पर अभ्यास अध्यापक करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा 29 और 30 नवंबर कोपरिषदीय विद्यालयों में कराई जाएगी उन्होंने वताया कि इस परीक्षा के आने वाले परिणाम को स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन रिजल्ट अपलोड करने का विकल्प जोड़ दिया गया है। राज्य स्तर पर स्कूलों की निगरानी व शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विद्या समीक्षा केंद्र बनाया गया है, जो प्रत्येक स्कूल के रिजल्ट का विश्लेषण किया जाएगा। इस परीक्षा को बहुत सावधानी के साथ में परीक्षा सम्पादित कराने के निर्देश प्रधानाध्यापकों को दिए गए हैं। परीक्षा को लेकर निगरानी बीईओ से लेकर एसआरजी व एआरपी कर रहे हैं इस परीक्षा के बाद दिसंबर माह में एनएएस यानी राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण परख होना है। यह सर्वे भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जाने वाला एक शैक्षिक मूल्यांकन सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण, देश भर के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की सीखने की उपलब्धि का आकलन करने के लिए किया जाता है। इस सर्वेक्षण के ज़रिए, शिक्षा प्रणाली की दक्षता का पता चलता है और सुधार के लिए कदम उठाएं जा सकते हैं। यह सर्वेक्षण तीन साल में एक बार आयोजित किया जाता है। इस टेस्ट को बेहतर ढंग से विभाग के साथ पर कराने के निर्देश दिए गएबैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## तृतीय लिंग के कल्याण, सशक्तिकरण, शिक्षा एवं व्यवसाय विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




मा0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व राजकुमार सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन व अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य की उपस्थिति में समाज की मुख्य धारा से कटे हुए तृतीय लिंग समूह को विधिक व सामाजिक रुप से जागरुक किये जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली व टी0सी0आई0 फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में एकता सदन गुलाब रोड रायबरेली में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया।

अनुपम शौर्य अपर जिला जज सचिव/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर में उपस्थित समूह के लोगों को उनके विधिक अधिकार विषय पर जानकारी प्रदान की गयी व उनसे उनकी समस्याओं के सम्बन्ध मे पूछा गया। सचिव द्वारा उपस्थित लोगों को शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करते हुए बताया गया कि समूह को भी बिना किसी भेदभाव के गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। उनको भी अवसर की समता प्रदान करते हुए समाज में सम्मानपूर्वक स्थान प्राप्त करने का अधिकार है। बताया गया कि किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। उक्त अवसर पर व्यवसायिक शिक्षा के सम्बन्ध में बताया गया कि जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष के मध्य है वह स्वरोजगार हेतु अपना आवेदन निःशुल्क कर सकते है। इसके अतिरिक्त व्यवसायिक शिक्षा के सम्बन्ध में उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित किया गया। अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा व्यवसायिक शिक्षा के सम्बन्ध में बताया गया कि आप सभी एन0आई0ओ0एस0 के द्वारा पत्राचार के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकते हैइस अवसर पर टी0सी0आई0 फाउडेशन की जिला को-आर्डिनेटर तमन्ना आफरीन, काउंन्सलर गीता श्रीवास्तव, ओ0आर0डब्ल्यू नेहा, अरविंद तथा पराविधिक स्वयं सेवक पवन श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति व उच्च जोखिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भगवत्गीता जयंती पर किया गया नि:शुल्क दैनिक योग शिविर कार्यक्रम का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जीवन जीने का उचित एवं उत्तम मार्ग प्रशस्तक ग्रन्थ गीता है।गीता महोत्सव एक कार्यक्रम है जो भगवद गीता उपदेश की तिथि से संबंधित है, जो हिंदू कैलेंडर के मार्गशीर्ष (अगहन) महीने के शुक्ल पक्ष के 11वें दिन शुक्ल एकादशी को मनाया जाता है ऐसा माना जाता है कि भगवद गीता कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान में कृष्ण द्वारा अर्जुन को बताई गई थी।जिसे संजय ने राजा धृतराष्ट्र को सुनाया क्योंकि यह कृष्ण और अर्जुन के बीच हुआ था अंधे राजा धृतराष्ट्र के लेखक संजय को उनके गुरु वेद व्यास ने युद्ध के मैदान में होने वाली घटनाओं को दूर से देखने की शक्ति दिव्य दृष्टि दी थी। यह बातें संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने कहीं योग शिविर मेंयोगाचार्य बृजमोहन ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता जयंती 24 नवंबर से 01 दिसम्बर तक आयोजन प्रतिदिन गीता के माध्यम से योग शिविर में आने वाले समस्त अध्यात्मिक साधकों श्लोक और उसका भावार्थ बताया जाएगादैनिक जीवन में गीता का बहुत बड़ा महत्त्व है जैसे 5200 वर्ष पूर्व योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने त्रेता युग में कुरुक्षेत्र वर्तमान (हरियाणा) में धनुर्धारी सर्वश्रेष्ठ अर्जुन को दिव्य ज्ञान दिया। **उपस्थित साधक:** आरती महिला योग प्रशिक्षिका इंजीनियर निलेश सिंह, मंजू अग्रहरिमोनिका ओम प्रकाश वर्मासंदीप सिंहराकेश सेवानिवृत्त लेखपालदेव अग्रहरि अंशू मौर्या।

## राम मंदिर परिसर में हो रहा है 18 मंदिरों का भी निर्माण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

राम जन्मभूमि परिसर में बन रहे सभी 18 मंदिरों की आरती के साक्षी देश-दुनिया के रामभक्त घर बैठे बन सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट परिसर के सभी मंदिरों की आरती के लाइव प्रसारण की योजना पर मंथन कर रहा है। अभी केवल रामलला की प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे होने वाली श्रृंगार आरती का ही सजीव प्रसारण दूरदर्शन की ओर से किया जाता है।

राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर में विराजमान बालकराम सहित कुल 18 मंदिर बन रहे हैं। इन सभी मंदिरों की आरती के लाइव प्रसारण को लेकर 25 नवंबर को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में चर्चा हुई। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि तय हुआ है कि परिसर के सभी मंदिरों की आरती रामभक्त देख पाएंगे, इसको लेकर विचार चल रहा है। दूरदर्शन राम जन्मभूमि परिसर में स्थायी सेटअप यानी केंद्र स्थापित कर रहा है। इसके जरिए उच्च गुणवत्ता का प्रसारण संभव हो सकेगा।

चंपत राय ने बताया कि अभी रामलला की सुबह 6:30 बजे की श्रृंगार आरती का लाइव प्रसारण दूरदर्शन की ओर से किया जाता है। रोजाना इस आरती को घर बैठे हजारों लोग देखते हैं। लाइव प्रसारण के लिए दूरदर्शन ने अभी परिसर में ओवी वैन लगा रखी है, लेकिन जल्द परिसर में दूरदर्शन स्थायी केंद्र बनाने जा रहा है। इस केंद्र के जरिए पीटीजेट कैमरे से सभी मंदिरों की आरती रिकॉर्ड की जाएगी।

## नि:शुल्क प्रवेश हेतु आरटीई की संशोधित समय सारिणी जारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**





जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 हेतु प्रवेश प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने हेतु शैक्षिक सत्र 2025-26 में रही प्रवेश हेतु समय सारिणी निर्धारित किया हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण पहली दिसंबर से उन्नीस दिसंबर तक आवेदन करने एवं बीस दिसंबर से तेईस दिसम्बर तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन व लॉक करने एवं चौबीस दिसम्बर को लॉटरी निकालने तथा सत्ताइस दिसंबर को प्रवेश हेतु विद्यालय आवंटन सूची जारी किया जायेगा।

द्वितीय चरण एक जनवरी से 19 जनवरी तक आवेदन करने एवं 20 से 23 तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन व लॉक करने एवं 24 को लॉटरी निकालने तथा 27 को प्रवेश हेतु विद्यालय आवंटन सूची जारी किया जायेगा।तथा तीसरा चरण 01 फरवरी से 19 तक आवेदन करने एवं 20 से 23 तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन व लॉक करने एवं 24 को लॉटरी निकालने तथा 27 को प्रवेश हेतु विद्यालय आवंटन सूची जारी किया जायेगा।चौथे चरण में 01 मार्च से 19 मार्च तक आवेदन करने एवं 20 मार्च से 23 तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन व लॉक करने एवं 24 को लॉटरी निकालने तथा 27 को प्रवेश हेतु विद्यालय आवंटन सूची जारी किया जायेगा।

प्रवेश हेतु आवेदन शर्तो के अनुसार अलाभित समूह द्वारा सरकार की अधिसूचना के अनुसार अनु.जाति, अनु. जन जाति, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, एचआईवी, कैंसर पीड़ित अभिभावक का बच्चा निराश्रित बेघर बच्चा तथा बीपीएल वर्ग द्वारा ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर किया जायेगा। बीएसए ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन एक प्रति के साथ निवास प्रमाण पत्र आधार कार्ड,वोटर आईडी राशन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेन्स, बैंक पासबुक आदि में कोई एक हो,बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण,विकलांग प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी से जारी आवेदन के साथ कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि जनपद के विकास खंडवार हेल्पडेस्क स्थापित किए गए हैं।जहां किसी भी जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है।



### गैर सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ...

दि-बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसील में काम कर रहे गैर सरकारी कर्मचारियों को तहसील परिसर से निष्कासित किये जाने के लिए एक मांग-पत्र उपजिलाधिकारी को प्रेषित किया है। एसडीएम राजेश विष्वकर्मा को भेजे गये मांग-पत्र में बार संघ... पढ़ें पेज 11 पर...

# 4 साल पहले बंद हुए मदरसे में मिला स्कूली बच्चे का कंकाल





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर शहर में बीते दिन बुधवार को एक हैरतअंगेज कर देने वाला मामला सामने आया है। शहर के एक मदरसे में बच्चे का कंकाल पड़ा हुआ मिलने की सूचना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मदरसे का ताला टूटने की बात पता चलने पर आज जब मलिक वहां पहुंचे तब यह बात सामने आई है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फौरन सिटी में कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिस कमरे में बच्चों का कंकाल फर्श पर पड़ा था उसे कमरे में और कुछ पड़ा हुआ नहीं मिला है। यह कह पाना मुश्किल है कि बच्चें की मदरसे में हत्या की गई या फिर बच्चा मदरसें से के अंदर बंद हो गया था। फिर भूख और बीमारी से उसकी मौत हो गई। फिलहाल इन सब सवालों के जवाब बच्चें की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएंगे। कि वास्तविकता में बच्चें की मौत का कारण क्या है। लेकिन अभी जहाज उठाने के पुलिस इस मामले की छानबीन में जुड़ गई है। यह मदरसा पोखरपुर इलाके में स्थित है। 4 साल पहले कोविड काल में इसको बंद कर दिया गया था।

### मदरसे के अंदर ब्लैक बोर्ड में 20-5-2023 तारीख पड़ी हैं

मदरसे के अंदर चौका देने वाले कुछ तथ्य सामने आए हैं। लोगों का कहना है की मदरसे को कोरोना काल के दौरान बंद कर दिया गया था। तो फिर मदरसे के भीतर बने क्लास रूम के ब्लैक बोर्ड पर 20- 5-2023 तारीख लिखी हुई मिली है। जबकि परिवार और रिश्तेदारों का दावा है कि कोरोना कल में पढ़ाई बंद कर दी गई थी। ऐसे में सवाल उठता है कि बाद में इस मदरसे में कौन पढ़ रहा था।

सूत्रों के मुताबिक शब्बीर अहमद बेकनगंज में रहते हैं। उनका जाजमऊ के पोखरपुर फॉर्म वाली गली में करीब 100 वर्ग गज का दो मंजिला मकान है। इसमें शब्बीर के दामाद परवेज अख्तर 2015 में मदरसा चलाते थे। उसे वक्त यह 70 से ज्यादा बच्चे पढ़ने आया करते थे। लेकिन अभी वह नई सड़क पर रहते हैं इस मदरसे का नाम कदरिया उलूम था। आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि करीब 4 साल पहले कॉविड कल में यह मदरसा बंद कर दिया गया था। 2 साल पहले परवेज अख्तर की भी मौत हो गई। ऐसा बताया जाता है कि उन्हें कैंसर हुआ था। परवेज के बेटे अमजा ने बताया कि डेढ़ से 2 साल पहले हम लोग जब मदरसा पर आए थे। तब भी ताला टूटा मिला था। तब नया ताला लगाया गया था। तब हम लोग ने अंदर जाकर नहीं देखा था कि वहां क्या है। बुधवार की दोपहर 12ः00 बजे केडीए मैं रहने वाले हमारे ममेरे भाई अनस ने बताया कि मदरसे का ताला फिर से टूटा पड़ा है। इसके बाद हम लोग वहां पहुंचे। आज अंदर जाकर देखा तो कमरे में एक बच्चे का कंकाल पड़ा हुआ था। इसके बाद हमने तुरंत पुलिस को इस बारे में जानकारी दी। मदरसे की बिल्डिंग में बाहर लोहे का गेट लगा है अंदर प्रवेश करने से पहले लोहे का चैनल है। इसके अंदर एक और प्रथम तल जाने के लिए जीना बना हैं। वहीं दूसरी ओर एक क्लास रूम है जिसमें धूल से सनी हुई कुछ सीटें व ब्रांच पड़ी हुई थी।

### किचन के सामने बने कमरे में मिला बच्चे का कंकाल

मदरसे में क्लास रूम के पीछे एक किचन बना है। इसके सामने छोटा सा कमरा है। जिसमें बच्चे का कंकाल फर्श पर पड़ा हुआ मिला है। इस छोटे कमरे पर खिड़की भी लगी है। इसके अलावा मदरसे में पीछे खुले मैदान की ओर एक दरवाजा भी है। लेकिन इसमें अंदर से ताला बंद था। मदरसे के नजदीक की विजय सिंह रहते हैं। उन्होंने कहा सामने जंगल है। जिसमें लोग मरे जानवर बोरी के अंदर बंद करके फेंक जाते हैं। इसलिए घरों में दुर्गंध आया करती है। यही वजह है कि पड़ोस के मकान में शव की दुर्गंध का आभास ही नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलती ही एडीसीपी पूर्वी राजेश कुमार श्रीवास्तव और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल पुलिस ने बच्चे के कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या पूनम द्विवेदी ने मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत की जनसुनवाई

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या पूनम द्विवेदी की अध्यक्षता में बीते दिन सर्किट हाउस में मिशन शक्ति फेस-5 के अन्तर्गत महिलाओं से संबंधित महिला उत्पीडन की रोकथाम व महिलाओं की समस्याओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से महिला जन सुनवाई का आयोजन किया गया। महिला जन सुनवाई में महिलाओं के उत्पीडन, घरेलू हिंसा, दहेज संबंधी मामले एवं महिलाओं से संबंधित कुल-22 मामले आये, जिन पर प्रत्येक मामले को गम्भीरता से सुनते हुये उक्त प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को मा0 महिला आयोग की सदस्या द्वारा निर्देशित किया गया। महिला जागरुकता शिविर व महिला जन सुनवाई में शिव कुमारी सिंह पत्नी मान सिंह ने बहू से प्रताडित किये जाने की शिकायत की गयी, जिस पर सुनवाई करते हुये महिला थाना में दोनो पक्षों को बुलाकर सुनवाई कराते हुये प्रकरण को निस्तारित कराने के निर्देश दिये गये।

इसी प्रकार आफरीन खातून पत्नी कामरान अहमद द्वारा पति से प्रताडित किये जाने, अदिती राय पुत्री कमल कुमार मंगेतर ने गोदभराई के बाद शादी से मना किये जाने, अभिलाषा पाण्डेय पत्नी पकंज पाण्डेय पति व ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट व प्रताडित किये जाने की शिकायत की गयी, जिसको सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

महिला जन सुनवाई में उपस्थित महिलाओं को जागरुक करते हुये बताया गया कि महिलाओं के किसी भी प्रकार के उत्पीडन, घरेलू हिंसा में सहायता के लिये तत्काल 112 नम्बर डायल करें तथा अपना इस नम्बर पर पंजीकरण कराकर तत्काल पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते है। महिला हेल्प लाइन 1090 व 181 में भी काल करके महिलाओं की समस्या व सहायता हेतु काल करने के संबंध में जानकारी दी गयी। महिला जन सुनवाई में अपर जिलाधिकारी (भू0/अ0) रिंकी जायसवाल, ए0डी0सी0पी0 महिला अपराध अमिता सिंह, डी0पी0ओ0 जयदीप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके पश्चात मा0 सदस्या पूनम द्विवेदी जी द्वारा डफरीन अस्पताल, जिला जेल, बालिका संरक्षण गृह एवं वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण भी किया गया।





## रोटरी क्लब का कानपुर शौर्य द्वारा एचबीटीयू में स्वैच्छिक रक्तदान कराया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

रोटरी क्लब ऑफ कानपुर शौर्य ने बुधवार को हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कानपुर में एक शिविर का आयोजन किया। जिसमे स्वैच्छिक रक्तदान तथा नेत्र परीक्षण शिविर दोनों का संयुक्त आयोजन हुआ। 57 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया तथा 85 लोगों का नेत्र परीक्षण हुआ जिसमें छात्र छात्राओं, एचबीटीयू के स्टाफ तथा शिक्षक शामिल थे। शिविर का उद्घाटन प्रोफेसर अलक कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया।

शिविर में रोटरी क्लब ऑफ कानपुर शौर्य के संस्थापक अध्यक्ष अमिताभ कुमार गुप्ता, सूर्य नारायण बजपेई, भूपेश कुमार, राहुल निगम, ओम प्रकाश बदलानी, सतनाम मोटवानी उल्लास वाही, दीपक मालवीय, डॉ अनूप खन्ना इत्यादि मौजूद रहे। एचबीटीयू की तरफ से विकास यादव तथा अभिषेक कुमार लाल जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एलटी ग्रेड से प्रवक्ता वेतन क्रम में पदोन्नति के लिए मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भारतीय जनता पार्टी शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ ने प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में एलटी ग्रेड से प्रवक्ता वेतन क्रम में पदोन्नति प्रारंभ करने की मांग की है ।शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉक्टर दिवाकर मिश्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र भेज कर माध्यमिक विद्यालयों में एलटी से प्रवक्ता वेतन क्रम में रुकी हुई पदोन्नतियों को प्रारंभ करने की मांग की है। डॉक्टर मिश्रा ने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि माध्यमिक विद्यालयों में रिक्त पड़े प्रधानाचार्य के पदों पर कार्य कर रहे कार्यवाहक प्रधानाचार्य को वेतनमान दिया जाए। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन के समय से पदोन्नति का कार्य रुका हुआ है। प्रदेश में लगभग 10000 प्रोन्नत के मामले लंबित है।

## उधार दिए गए रूपए वापस मांगने पर पत्नी को मिला तीन तलाक

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में तीन तलाक का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। चामुंडा थाने में महिला ने पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मामले में पीड़िता के परिवार से ससुराल वालों ने 11 लाख रुपए उधार लिए थे। आवश्यकता पड़ने पर जब पत्नी ने पति और ससुराल वालों से उधार लिए हुए रुपए वापस मांगे तो पति ने पत्नी को तीन तलाक दे दिया। क्षेत्रीय पुलिस ने उक्त मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सूत्रों के मुताबिक चमनगंज की रहने वाली अलशिफा रजा ने पति कामरान अहमद, जेठ रिजवान, सास अफसाना, ससुर शकील अहमद के खिलाफ तीन तलाक समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। पीड़िता ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए यह आरोप लगाया कि 20 दिसंबर 2023 को शक्ति नगर लखनऊ निवासी कामरान से उसकी मुस्लिम रीति रिवाज क्या अनुसार शादी हुई थी। शादी का कार्यक्रम नई सड़क पर एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ था। शादी के बाद से ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज के लिए ताना मारना शुरू कर दिया था। पीड़िता के मुताबिक ससुराल वालों ने एक फ्लैट खरीदने के लिए 22 लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग की थी। इसी दौरान पीड़िता के साथ गाली गलौज व मारपीट करना भी शुरू कर दिया था। पीड़िता का आरोप है कि पति ने दहेज के लिए बेडरूम में उसका गला दबाकर मारने का भी प्रयास किया। इतना ही नहीं उसने एक बार गैस सिलेंडर खुला छोड़ दिया। जिससे उसकी जिंदा जलकर ही मौत हो जाए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जेठ ने उसके साथ कई बार अभद्रता की। साथी पीड़िता से कहा कि मुझे समझो तो मैं सब ठीक करवा दूंगा। पीड़िता ने बताया कि पति ने उससे कहा कि उसने एक हिंदू लड़की से निकाह कर लिया है। और अगर पीड़िता चाहती है कि पति उसके साथ रहे तो मायके वालों से कहकर उसे एक फ्लैट दिलवा दे। तो उसे फ्लैट में पीड़िता को समय देगा और दूसरी हिंदू पत्नी को मुस्लिम रीति रिवाज सीखने के लिए लखनऊ में परिवार के साथ रखेंगा। फिलहाल मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। चमनगंज इंस्पेक्टर दिनेश कुमार बिष्ट ने बताया कि पीड़िता की तरह पर तीन तलाक समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर दी गई है साथ ही साथ मामले की जांच भी की जा रही है।

## सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक नसीम सोलंकी ने सदन में ली शपथ

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक नसीम सोलंकी ने विधानसभा में बुधवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें शपथ दिलाई। नसीम सोलंकी शहर की दूसरी मुस्लिम महिला विधायक हैं। उनके पति और सीसामऊ के विधायक रहे हाजी इरफान सोलंकी को न्यायालय से सजा मिलने के बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गई थी। इसके बाद उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के रूप में नसीम सोलंकी ने सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीतीं। शपथ ग्रहण के दौरान आर्यनगर के सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी और उनकी पत्नी वंदना वाजपेयी भी मौजूद रहीं। पूर्व महानगर अध्यक्ष अब्दुल मोईन खान, सपा ग्रामीण जिला इकाई के प्रवक्ता नसीम रजा, हाजी सरताज अनवर आदि सपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

## डंपर की टक्कर से मजदूर की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



घाटमपुर के पतारा क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर में सड़क पार कर रहे एक मजदूर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलती ही परिजन मौके पर पहुंचे और कानपुर सागर हाईवे को जामकर हंगामा करना शुरू कर दिया। परिजन मुआवजें की मांग को लेकर के हंगामा कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही घाटमपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजन को समझा बूझकर जाम को खुलवाया।

सूत्रों के मुताबिक पतारा थाना क्षेत्र के कस्बे का रहने वाला पिंटू उर्फ राम शरण उम्र 35 वर्ष किसी तरह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार की दोपहर व घर का सामान खरीदने के लिए पतारा चौराहे गया हुआ था। सामान लेकर मजदूर कानपुर सागर हाईवे पर स्थित तिलसड़ा मोड पर सड़क पार कर रहा था। कि तभी कानपुर की ओर से आ रहे तेज डंपर ने मजदूर को जोरदार टक्कर मार दी। इतना ही नहीं वह मजदूर को कुचल कर भाग निकला। हादसे में मजदूर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रागिरो ने एक घटना की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पतारा चौकी इंचार्ज अनुज राजपूत में लोगों से घटना की जानकारी जुटा तो पता चला कि डंपर घाटमपुर की ओर भाग निकला है। पुलिस ने लगभग 3 किलोमीटर तक डंपर का पीछा किया। काफी देर पीछा करने के बाद आखिरकार पुलिस ने डंपर को पकड़ने में कामयाबी हासिल कर ली। उधर घटना से गुस्सा है परिजनों और ग्रामीणों ने कानपुर सागर हाईवे को पूरी तरीके से जाम कर दिया। और मजदूर के शव को बीच सड़क पर रखकर हंगामा करने लगे। सड़क जाम की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए जाम को खुलवाया। कई घंटे तक चल हंगामा के दौरान कानपुर सागर हाईवे पर 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। वाहनों की लंबी-लंबी कतारे दूर-दूर तक नजर आने लगी। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मासूम बेटी को बनाया अपनी हवस का शिकार

■ बाप बेटी के रिश्ते को तार-तार करने वाला पिता हुआ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

अपनी मासूम बेटी को ही अपनी हवस का शिकार बनाने वाले हैवान पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ककवन में एक पिता ने अपनी 9 साल की बच्ची के साथ ही दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया। घर में मौजूद दादी ने हैवान पिता के चंगुल से मासूम बेटी को बचाया। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। तकवान पुलिस ने मामले में आरोपी पिता के खिलाफ रेप और पास्र को एक समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करके आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सूत्रों के मुताबिक तत्व थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने बताया कि उसका पति शराब का लती है। नसीबाजी का विरोध करने पर आए दिन घर में बवाल करता है और मारता पिटता है। पत्नी ने बताया कि पति के द्वारा रोज-रोज किए जा रहे बवाल से तंग आकर वह अपने मायके चली गई थी। 25 नवंबर की रात को नशे में धुत पिता बेटी के कमरे में घुस गया और उसे दबोच कर रेप का प्रयास किया। बच्ची की चीख पुकार सुन आरोपी की मां यानी बच्ची की दादी कमरे में पहुंची तो दंग रह गई। वृद्ध महिला ने किसी तरह अपनी पोती को उसे हवन के चंगुल से छुड़ाया। और उसके बाद मामले की जानकारी घर में मौजूद पति और बच्ची की मां? को दी। बच्ची की मां अपने दो अन्य बच्चों को लेकर मायके गई थी। उसकी 9 साल की बेटी घर पर ही थी। घटना की जानकारी मिलती ही महिला घर पहुंची और मामले की जानकारी ककवन पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुड़ गई है। बच्ची ने पुलिस और कोर्ट के सामने दिए गए बयान में पिता द्वारा की गई पूरी हैवानियत की दास्तान बयां की है। मामले में ककवन पुलिस ने बुधवार को आरोपी पिता को गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## ट्रेन के इंजन का हॉर्न ना बजाने की वजह से बड़ी दुर्घटना होने से टली

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**





बिठूर रेलवे ट्रैक पर बुधवार की सुबह एक बड़ी घटना होते-होते टल गई। हुआं यूं कि सुबह के वक्त बिठूर की ओर से मेमू ट्रेन मंधना की ओर वापस जा रही थी। मंधना के पास रेलवे ट्रैक पर कुछ रेलवे मजदूर काम कर रहे थे। मेमो ट्रेन के ड्राइवर ने हॉर्न बजाने का काफी प्रयास किया लेकिन हॉर्न नहीं बजा। तब जाकर कहीं मेमो ट्रेन के ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक लिया। जिसकी वजह से रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे मजदूरों की जान बच गई। घटना के बाद काफी देर तक ट्रेन मंधना स्टेशन पर खड़ी रही। ट्रेन के ड्राइवर ने कहा कि जब तक इंजन का हॉर्न ठीक नहीं हो जाता तब तक ट्रेन आगे नहीं जाएगी। घंटे के इंतजार के बाद मालगाड़ी के इंजन वेब 9 को आगे की तरफ जोड़ा गया जिसके बाद ट्रेन अपने गंतव्य को प्रस्थान की गई। फिलहाल रेलवे मजदूर की जान तो बच गई लेकिन समझने वाली बात यह है कि आखिर रेलवे विभाग मेंटेनेंस के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करता है तो फिर आखिर मेमो ट्रेन के इंजन के हॉर्न का मरम्मत आखिर क्यों नहीं की गई। प्रत्यक्ष दर्शनों ने बताया कि रेलवे ट्रैक के पास से ही एक युवक गुजर रहा था जिसने रेलवे मजदूर को पत्थर मार कर ट्रेन के आने के लिए आगाह किया था। सूत्रों की माने तो इससे पहले भी ऐसी ही अनिताएं कई बार पाई गई है। लेकिन रेलवे विभाग में अभी तक इस पर कोई एक्शन नहीं लिया है। ऐसा लगता है कि रेलवे विभाग के अधिकारीयों के सामने आम जनमानस की जिंदगी की कोई कीमत नहीं है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने एनआरएलएम की प्रगति के लिए खंड विकास अधिकारी व बैंक शाखा प्रबंधक के साथ की बैठक

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन की अध्यक्षता में नवीन सभागार सरसैया घाट में एनआरएलएम की प्रगति के सुधार हेतु समस्त खंड विकास अधिकारी बीएमएम व सभी बैंकों के जिला समन्वयक तथा शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में संचालित स्वयं सहायता समूहों के बैंक लिंकेज नगद शाखा सीमा ( सीसीएल) की पत्रावलियों के निस्तारण न किए जाने के करण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गहरा रोष वयक्त किया गया। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी बैंकर्स एवम खंड विकास अधिकारियों को आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष के वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति हेतु 2024 तक 2164 सीसीएल की पत्रावलियों को शत प्रतिशत पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाली बैंक शाखाओं पर कड़ा रोष व्यक्त किया ।उन्होंने कहा की अभी तक सभी विकास खंड से मात्र सिर्फ 2195 सीसीएल की पत्रावलिया बैंक शाखाओं में भेजी गईं हैं जब की मेरे द्वारा दोगुनी सीसीएल की पत्रावलियां बैंकों में भेजने के निर्देश दिए गए थे इस क्रम में बैंक शाखाओं में 4000 पत्रावलियों को भेजना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा की 2195 सीसीएल की पत्रावलियों के सापेक्ष मात्र 1282 सीसीएल की पत्रावलियों को निस्तारित किया गया लेकिन मात्र 906 ही स्वयं सहायता समूहों में धनराशि वितरित हुई है जो की अति दुर्भाग्यपूर्ण है इसी क्रम में उन्होंने इंडियन बैंक के जिला समन्वयक खराब प्रगति के लिए दो दिन का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जब तक सीसीएल की प्रगति में सुधार नहीं होता तब तक समस्त ब्लॉक मिशन प्रबंधकों के वेतन रोकने के निर्देश दिए ।उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए की आप सभी बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधकों से समन्वय स्थापित करते हुए सीसीएल की प्रगति को सत प्रतिशत पूर्ण कराए। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जब तक जनपद की प्रगति में सुधार नहीं आता है प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक की जाए।






**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य /उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-PRG-MCK-65-24-1 (Misc Static-Services-Digital Mobile Charging Kiosks) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 02.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-PRG-MCK-65-24-1 (Misc Static-Services-Digital Mobile Charging Kiosks) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 02.12.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3641/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# इमरजेंसी लाइट की तरह रोशनी दिखाता संविधान

**संविधान सभा में संविधान का अंतिम प्रारूप प्रस्तुत करते हुए 26 नवंबर 1949 को भीमराव आंबेडकर ने जो भाषण दिया था, उसमें उन्होंने संविधान निर्माण का श्रेय बीएन राव को भी दिया है। भारतीय संविधान की कई विशेषताएं हैं। कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के साथ ही राज्यों और संघ के बीच शक्तियों के विभाजन का सिद्धांत और नीति निर्देशक तत्व इन विशेषताओं में प्रमुख माने जाते हैं। मूल अधिकारों की व्यवस्था के साथ ही कानून के सामने सभी नागरिकों के बराबर होने की बात भारतीय संविधान की ताकत है।**

*भारतीय संविधान इमरजेंसी लाइट की तरह है। जब कभी हालात का घना अंधेरा देश के सामने उलझन जैसी स्थिति पैदा करते हैं, संविधान खुद-ब-खुद उजाला बन सामने हाजिर हो जाता है। संविधान के अंजोर में देश को सही राह दिख जाती है। आपातकाल जैसे एक-आध अपवादों को छोड़ दें तो पचहत्तर साल से यह संविधान हमारे लिए रोशनी की लकीर बना हुआ है। देश के सामने जब भी भटकाव जैसे हालात होते हैं, संविधान से ही आगे बढ़ने की राह निकल आती है। भारत को स्वाधीनता देने वाले लॉर्ड एटली सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान ब्रिटिश संसद में पूर्व प्रधानमंत्री और तत्कालीन विपक्षी नेता विंस्टन चर्चिल ने कहा था कि आजाद होते ही भारत बिखर जाएगा और वहां दुष्टों, बदमाशों और लुटेरों के हाथ चला जाएगा। लेकिन चर्चिल की इस चाहत को स्वाधीन भारत की मनीषा ओर लोकतंत्र ने ध्वस्त कर दिया। दुनिया के विकसित और बड़े माने जाने वाले लोकतंत्रों में भी संवैधानिक व्यवस्था लागू होने या स्वाधीनता के तुरंत बाद समानता के आधार पर वयस्क मतदान का अधिकार नहीं मिला। लेकिन महज 18.33 प्रतिशत साक्षरता वाला देश लोकतंत्र की मजबूत राह पर चल पड़ा। ये सब उपलब्धियां अगर भारतीय लोकतंत्र को हासिल हुई हैं, तो इसकी मजबूत बुनियाद भारतीय संविधान ने रखी। लोकतांत्रिक शासन की बुनियाद पर भारत राष्ट्र की जो मजबूत इमारत खड़ी हुई है, वह मजबूत संवैधानिक बुनियाद के बिना संभव नहीं हो सकता था। इसी भारतीय संविधान ने 26 नवंबर के दिन 75 साल की यात्रा पूरी कर ली है। 64 लाख रूपए के कुल खर्च और दो साल 11 महीने 18 दिन तक चली बहसों के बाद इसी दिन 1949 में देश ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। इसके ठीक दो महीने बाद यानी 26 जनवरी 1950 को देश ने इसे लागू किया और तब से यह हमारी लोकतांत्रिक राष्ट्र यात्रा की आत्मा, धड़कन, रक्त बना हुआ है। संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष भीमराव अंबेडकर को हमने संविधान के निर्माता के रूप में स्वीकार कर लिया है, लेकिन संविधान के निर्माण में 389 सदस्यों के साथ ही बीएन राव जैसे व्यक्तियों का योगदान कम नहीं रहा। भारत को आजादी देना जब तय हुआ, उसके पहले पंडित नेहरू की अगुआई में एक अंतरिम सरकार बनी। उसी अंतरिम सरकार के मुखिया के नाते जवाहरलाल नेहरू और उप-प्रधानमंत्री सरदार पटेल ने कर्नाटक के जाने माने विधिवेत्ता बेनेगल नरसिम्ह राव यानी बीएन राव को विधि सलाहकार के पद पर नियुक्त करके संविधान का प्रारूप तैयार करने की जिम्मेदारी दे दी थी। मद्रास और कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पढ़े राव 1910 में भारतीय सिविल सेवा के लिए चुने गए। साल 1939 में राव को कलकत्ता हाई कोर्ट का न्यायाधीश बनाया गया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर के महाराजा हरि सिंह ने 1944 में उन्हें अपना प्रधानमंत्री बनाया। भारत सरकार के संविधान सलाहकार के नाते उन्होंने वर्ष 1945 से 1946 तक अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन आदि की यात्रा की और तमाम देशों के संविधानों का अध्ययन किया। इसके बाद उन्होंने 395 अनुच्छेद वाले संविधान का पहला प्रारूप तैयार करके संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डा. आंबेडकर को सौंप दिया। 29 अगस्त 1947 को प्रारूप समिति की बैठक में कहा गया कि संविधान सलाहकार बीएन राव द्वारा तैयार प्रारूप पर विचार कर उसे संविधान सभा में पारित करने हेतु प्रेषित किया जाए।*

### एक्सप्रेस आलेख

**घटिया उत्पादन के पर्याय के रूप में जाना जाने वाला जापान आज अपनी जीवन शैली को बदल कर उत्कृष्ट उत्पादन का प्रतीक बन विश्वविख्यात हो गया। यह राष्ट्रीय जीवन शैली की पवित्रता का प्रतीक है। इसी तरह भारत भी आज विश्वविख्यात होने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, तो उसकी बढ़ती साख एवं समझ को खण्डित करने वाली शक्तियों से सावधान करना ही होगा। भारत जैसी माटी में जन्म लेना बड़ी मुश्किल से मिलता है। विश्व बंधुत्व एवं वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा वाला यह राष्ट्र विभिन्न संस्कृतियों एवं सम्प्रदायों को अपने में समेटे है तो यह यहां के बहुसंख्यक समुदाय की उदार सोच का ही परिणाम रहा है।**

# संभल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से उपजे जटिल सवाल



**ललित गर्ग**

**कल पर कुछ मत छोड़िए। कल जो बीत गया और कल जो आने वाला है- दोनों ही हमारी पीठ के समान हैं, जिसे हम देख नहीं सकते। आज हमारी हथेली है, जिसकी रेखाओं को हम देख सकते हैं। अब हथेली की रेखाओं को कमजोर करने एवं उसे लहूलुहान होते हुए नहीं देखा जा सकता?**

यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं त्रासद है कि उत्तर प्रदेश के संभल में एक बार फिर एक सम्प्रदाय विशेष के लोगों ने जो हिंसा, नफरत एवं द्वेष को हथियार बनाकर अशांति फैलायी, वह भारत की एकता, अखण्डता एवं भाईचारे की संस्कृति को क्षति पहुंचाने का माध्यम बनी है। स्थानीय अदालत के आदेश पर एक मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा एवं उन्माद का भड़क उठना और इसके चलते तीन लोगों की जान चले जाना, चुनौतीपूर्ण, विडम्बनापूर्ण एवं शर्मनाक है। इस घटना में कई अन्य लोग घायल भी हुए, जिनमें 30 से अधिक पुलिसकर्मी भी हैं। इस हिंसा को टाला जा सकता था यदि अदालत के आदेश पर हो रहे सर्वेक्षण का हिंसक विरोध नहीं किया जाता। ध्यान रहे कि जब ऐसा होता है तो बैर बढ़ने के साथ देश की छवि पर भी बुरा असर पड़ता है। निःसंदेह इस सम्प्रदाय विशेष को भी यह समझने की आवश्यकता है कि जब देश कई चुनौतियों से दो-चार है, तब राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव को बल देना सबकी पहली और साझी प्राथमिकता बननी चाहिए। एक उन्मादी, विभाजित और वैमनस्यग्रस्त समाज न तो अपना भला कर सकता है और न ही देश को आगे ले जा सकता है। समय आ गया है कि उन मूल कारणों पर विचार किया जाए, जिनके चलते साम्प्रदायिक तनाव, नफरत एवं द्वेष बढ़ाने वाली घटनाएं थम नहीं रही हैं। संभल की स्थानीय अदालत ने उस याचिका पर जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था, जिसमें दावा किया गया था कि मुगल बादशाह बाबर ने इस मस्जिद का निर्माण एक मंदिर के स्थान पर किया था। स्थानीय अदालत के आदेश पर इसी मंगलवार को जब प्रारंभिक सर्वे किया गया था तब भी इलाके में तनाव फैला था, लेकिन उसे दूर कर लिया गया था। समझना कठिन है कि गत दिवस सर्वे के दौरान ऐसे प्रयास क्यों नहीं किए गए जिससे किसी तरह की अव्यवस्था और अशांति न फैलने पाए। रविवार को सर्वे के दौरान जिस तरह पुलिस पर पथराव किया गया और वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ उन्हें आग के हवाले किया गया, उससे लगता है कि कुछ उन्मादी तत्वों ने उपद्रव की तैयारी कर रखी थी। ऐसी घटनाएं सामाजिक तानेबाने को क्षति पहुंचाने के साथ कानून एवं व्यवस्था के समक्ष चुनौती भी खड़ी करती हैं। यह चिंता की बात है कि यह एक चलन सा बनता जा रहा है कि जब सार्वजनिक स्थलों पर कोई धार्मिक आयोजन होता है, किसी अदालती आदेश पर जांच कार्य होता है तो प्रायः पहले किसी बात को लेकर विवाद होता है और फिर हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार तो यह हिंसा बड़े पैमाने पर और किसी सुनियोजित साजिश के तहत होती दिखती है। उत्तर प्रदेश के संभल में हुई भीषण हिंसा यही संकेत करती है कि उसे लेकर पूरी तैयारी की गई थी। संभल की ताजा घटनाओं के मूल में भड़काऊ नारे एवं संकीर्ण धार्मिकता के मनसूंबे सामने आये हैं। इस तरह की घटनाओं का बार-बार होना अच्छा नहीं है, मंदिर-मस्जिद के एक और मामले ने तनाव की स्थिति उत्पन्न करके शांति एवं सौहार्द को खण्डित किया। यदि मस्जिद पक्ष का यह मानना है कि जामा मस्जिद के सर्वे का आदेश सही नहीं तो उसे ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। अदालत के आदेश की अवहेलना करने के लिए हिंसा का सहारा लेने का कहीं कोई औचित्य नहीं और तब तो बिल्कुल भी नहीं जब निचली अदालत के किसी फैसले के खिलाफ ऊंची अदालतों में जाने का रास्ता खुला हो। यह भी देखा जाना चाहिए कि क्या कुछ राजनीतिक दल एवं सम्प्रदाय विशेष के लोग किसी भी बहाने भड़कने और हिंसा करने के लिए तैयार बैठे रहते हैं? वास्तव में जैसे यह एक सवाल है कि क्या भारतीय संस्कृति के अस्तित्व एवं अस्मिता से जुड़े इन धार्मिक स्थलों के नाम पर पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी करना जरूरी समझ लिया गया है? इन प्रश्नों पर संकीर्ण धार्मिकता से परे होकर गंभीरता के साथ विचार होना चाहिए। इसी तरह पुलिस प्रशासन को भी यह देखना होगा कि वैमनस्य बढ़ाने वाली घटनाएं क्यों बढ़ती चली जा रही हैं? यह सही है कि 1991 का पूजा स्थल अधिनियम किसी धार्मिक स्थल में बदलाव का निषेध करता है, लेकिन इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यह अधिनियम ऐसे किसी स्थल के सर्वेक्षण की अनुमति भी प्रदान करता है और इसी कारण वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण हुआ और धार में भोजशाला परिसर का भी। मथुरा में ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। मंदिर-मस्जिद के विवाद नए नहीं हैं। इन विवादों को सुलझाने की आवश्यकता है। इसका एक तरीका न्यायपालिका का सहारा लेना है और दूसरा आपसी सहमति से विवाद को हल करना। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि जहां भी ऐसे विवाद हैं, उन्हें दोनों समुदाय आपस में मिल-बैठकर हल करें। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि समाज में सद्भाव, सौहार्द एवं शांति बनी रहेगी। यह समझा जाना चाहिए कि इन दोनों उपायों के अतिरिक्त हिंसा एवं नफरत कोई उपाय नहीं है। इसी के साथ यह भी समझना होगा कि देश को अतीत से अधिक भविष्य की ओर देखने और मंदिर-मस्जिद विवादों से बाहर निकलने की आवश्यकता है। इससे इन्कार नहीं कि विदेशी आक्रमणकारियों ने अनगिनत मंदिरों का ध्वंस किया। अतीत में हुए इन ज्यादतियों, अत्याचारों एवं विध्वंस घटनाक्रमों को सुधारने की संभावनाएं किसी भी दृष्टि से गलत नहीं कही जा सकती। देश का चरित्र बनाना है तथा स्वस्थ, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण समाज की रचना करनी है तो हमें एक ऐसी आचार संहिता को स्वीकार करना होगा जो जीवन में पवित्रता दे। राष्ट्रीय प्रेम व स्वस्थ समाज की रचना की दृष्टि दे एवं कदाचार-संकीर्णता-कट्टरता के इस अंधेरे कुएँ से निकाले।



**एक सम्प्रदाय विशेष के हिंसक हमलों ने आज तेजी के साथ हिंसा, असहिष्णुता, नफरत, बिखराव और घृणा की साम्प्रदायिक जीवन शैली का रूप ग्रहण कर लिया है। यह खतरनाक स्थिति है, कारण सबको अपनी-अपनी पहचान समाप्त होने का खतरा दिख रहा है।**

### एक्सप्रेस कविता

*उन्होंने ख्वाबों में एहसास लिखा है,*
*एहसासों ने आंखों में खास लिखा है द्या।*
*फासला हमारे बीच क्यूँ पसरा है*
*किस्मत नें तो आस-पास लिखा है।*
*लहराती जुल्फें की महकती खुशबू।*
*रब ने तो इसी का एहसास लिखा है।*

*खामोश निशा लंबी-लंबी जुदाइयां।*
*सजदे में मुरीद ने अरदास लिखा है ।*
*जागती हैं नाजुक पलकें रातों में भी।*
*इसमे इश्क का राज ए खास लिखा है ।*
*सिर्फ ख्वाबों में ही आती हो संजीव।*
*नींदों ने गीतों ने जज्बात लिखा है।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**आप जैसा आपका भविष्य का निर्माण करना चाहते है उसके लिए आज आपको बहुत अधिक मेहनत करनी होगी**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 32:40 तक |
| नक्षत्र: | चित्रा 07:29 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | सौभाग्य, 15:57 |
| सूर्योदय: | 06:57 |
| सूर्यास्त: | 17:19 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 13:26-14:43 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:47-12:29 |

## जन एक्सप्रेस

### पूंछ रहे सवाल !

*साध कर निशाना ।*
*पूंछ रहे सवाल ।।*
*सच सच बतलाएं ।*
*करता कौन बवाल ।।*
*ले लिए हैं हम ।*
*नया अब अवतार ।।*
*ना कहो चालाक ।*
*है यह तो व्यवहार ।।*
*कथनी और करनी में ।*
*भले रहा मैं भिन्न ।।*
*हमको है सताया ।*
*अंदर से मैं खिन्न ।।*
*मांग रहा मैं वोट ।*
*जोड़ लिया है हाथ ।।*
*ना आगे भटकाना ।*
*वरना मैं अनाथ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में रोज सुबह पिएं ये 5 हेल्दी ड्रिंक्स



**सर्दियों** में सुबह जल्दी उठना किसी टास्क से कम नहीं होता है। ठंड ज्यादा होने पर कई बार हमें उठने में आलस भी आता है। इस सुस्ती और आलस का कारण मौसम के अलावा पोषक तत्वों की कमी भी हो सकती है। इसलिए सर्दियों में भी डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सर्दियों में कई लोग दिन की शुरुआत चाय या कॉफी से करते हैं। लेकिन यह आदत दिनभर ब्लोटिंग होने का कारण भी बन सकती है। इसके कारण आप एनर्जेटिक रहने के लिए कैफीन पर निर्भर हो सकते हैं। इसलिए आपको दिन की शुरुआत कोई एनर्जेटिक ड्रिंक पीकर करनी चाहिए। लेकिन क्या आप जानते हैं सर्दियों में आपको सुबह की शुरुआत क्या पीकर करनी चाहिए?

**दालचीनी और शहद की चाय:** मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने के लिए आप दालचीनी और शहद की चाय बनाकर पी सकते हैं। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं। इस चाय के सेवन से इंफेक्शन और बीमारियों का खतरा कम होता है। इसे बनाने के लिए आपको पानी में दालचीनी डालकर उबाल लेना है। ठंडा होने पर इसमें थोड़ा-सा शहद मिलाएं और सेवन करें।

**कैमोमाइल और लेवेंडर टी:** अगर आपको स्ट्रेस और एंग्जायटी रहती है, तो आप कैमोमाइल और लेवेंडर टी पी सकते हैं। यह नर्वस सिस्टम को शांत रखने और डाइजेशन को हेल्दी बनाने में मदद करती है। चाय के लिए आपको पानी में कैमोमाइल और लेवेंडर को उबाल लेना है। इसके बाद हल्का ठंडा करके इसका सेवन करें।


**तुलसी और अदरक की चाय:** इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए आप तुलसी और अदरक की चाय पी सकते हैं। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-फंगल और एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं। ये गुण इंफेक्शन और बीमारियों का खतरा रोकने में मदद करते हैं। चाय बनाने के लिए पानी में तुलसी की पत्तियां और अदरक डालें। थोड़ी देर पकाने के बाद इसमें शहद डालकर इसका सेवन करें।

**सेब का सिरका और शहद:** वेट लॉस करने से लेकर डाइजेशन बेहतर बनाने के लिए सेब का सिरका फायदेमंद होता है। सुबह उठकर आप पानी में सेब का सिरका डालकर पी सकते हैं। इससे इम्यूनिटी बूस्ट होगी और मेटाबॉलिज्म बढ़ेगा। इस्तेमाल के लिए गर्म पानी में 1 चम्मच सेब का सिरका और 1 चम्मच शहद मिलाएं। इसका सेवन आप खाली पेट भी कर सकते हैं।

**जीरे की चाय:** पाचन से संबंधित समस्याएं खत्म करने के लिए आप जीरे की चाय पी सकते हैं। इसके लिए आपको पानी में 1 चम्मच जीरा उबाल लेना है। इसमें मौजूद एंजाइम पाचन क्रिया को तेज करने में मदद करते हैं। अगर आप किसी स्वास्थ्य समस्या के लिए रोज दवा लेते हैं, तो आपको डॉक्टर की सलाह पर ही इन्हें डेली डाइट में शामिल करना चाहिए।


### एक्सप्रेस विशेष

# संविधान के प्रति सम्मान



**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कहा कि भारतीय संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। पचहत्तर साल पहले संवैधानिक परिषद ने संवैधानिक परिषद के इसी केंद्र में एक नव स्वतंत्र देश के लिए संविधान बनाने का एक बड़ा कार्य पूरा किया था।**



**संविधान** दिवस पर वस्तुतः कर्तव्य बोध की प्रेरणा मिलती है। यह संविधान के प्रति आस्था और सम्मान व्यक्त करने का अवसर होता है। देश को संविधान के अनुरूप चलाने में जन सामान्य का भी योगदान रहता है, उनकी भी इसमें भूमिका होती है। इसीलिए भारतीय संविधान की प्रस्तावना हम भारत के लोग से हुई है। संविधान सभा ने 26 नवम्बर, 1949 को संविधान पारित किया। लेकिन इसे 26 जनवरी, 1950 को विधिवत लागू किया गया। यह हमारा गणतंत्र दिवस हुआ। आजादी के पहले छब्बीस जनवरी को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता था। इसका निर्णय उन्नीस सौ उनतीस के लाहौर कांग्रेस अधिवेशन लिया गया था। देश पन्द्रह अगस्त को स्वतंत्र हुआ। ऐसे में इस तिथि को गणतंत्र दिवस के रूप में राष्ट्रीय पर्व की प्रतिष्ठा प्रदान की गई। जबकि छब्बीस नवम्बर भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया। वास्तव में हमारी प्राचीन राजतान्त्रिक व्यवस्था में लोकतंत्र के तत्व मौजूद थे, लेकिन विदेशी आक्रांताओं के आगमन के बाद उसमें विकृतियाँ आती गयीं। बहरहाल, आज हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं, हमारा संविधान सबसे बड़ा है, तो इसीके साथ देश के नागरिकों का दायित्व भी बहुत अधिक है कि वे केवल संविधान अधिकारों के प्रति ही आग्रही न रहें बल्कि उसमें निर्धारित कर्तव्यों के प्रति सजगता का परिचय देते हुए देश को आगे ले जाने के लिए काम करें। संविधान सभा के लिए जुलाई उन्नीस सौ छियालीस में चुनाव हुए थे। देश के विभाजन के कारण संविधान सभा भी विभाजित हुई। पाकिस्तान की संविधान सभा बंटने के बाद भारतीय संविधान सभा में दो सौ निन्यानवे सदस्य बचे। दो वर्ष ग्यारह माह अठारह दिन में हमारा संविधान बना। विशेष बात यह है कि भारतीय जनमानस ने जितनी शीघ्रता से और जिस समर्पित निष्ठा के साथ अपने संविधान को आत्मसात कर लिया, उसका दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। यह दिखाता है कि भारतीय समाज की मनोवृत्ति मूलतः लोकतान्त्रिक थी। भारत के मूल संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया था। इसके लिए मूलाधिकार अध्याय बनाया गया था। लेकिन उसमें मूल कर्तव्यों का उल्लेख नहीं था। बाद में यह अनुभव किया गया कि नागरिकों के कुछ मूल कर्तव्यों का भी प्रावधान होना चाहिए। कर्तव्यों के बिना अधिकार अधूरे होते हैं। दूसरे शब्दों में जब हम अधिकारों का उपयोग करते हैं, तब हमारे राष्ट्र व समाज के प्रति कर्तव्य भी होते हैं। इसी विचार के अनुरूप संविधान में संशोधन करके इसमें मूल कर्तव्य शामिल किए गए। इसके लिए संविधान में अनुच्छेद 51ए का सृजन किया गया। इसके अनुसार भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे। स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे, भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे। देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे आदि आदि। बयालीसवें संविधान संशोधन के द्वारा संविधान में ये दस मूल कर्तव्य जोड़े गये जो बाद में ग्यारह हो गए। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कहा कि भारतीय संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। आज हम सभी एक ऐतिहासिक घटना के भागीदार बने हैं। पचहत्तर साल पहले संवैधानिक परिषद ने संवैधानिक परिषद के इसी केंद्र में एक नव स्वतंत्र देश के लिए संविधान बनाने का एक बड़ा कार्य पूरा किया था।

# तिकुनियां खीरी हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब, आशीष मिश्रा से गवाहों को धमकाने का आरोप

## जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में गवाहों को धमकाने के मामले में सुनवाई की

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में गवाहों को धमकाने के आरोप का जवाब देने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि 3 अक्टूबर 2021 जनपद के तिकुनिया में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी यह मामला जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच के सामने आया।सुनवाई की शुरुआत में शिकायतकर्ताओं में से एक का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने बेंच के सामने दलील दी कि मिश्रा ने गवाहों को धमकाया है।वहीं, मिश्रा का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि यह एक अंतहीन प्रक्रिया है। **आशीष मिश्रा के वकील ने आरोपों का किया खंडन:** दवे ने कहा कि तस्वीरों में उनका मुवक्किल नहीं है। पीठ ने दवे के आरोपों का खंडन करने के बाद उनसे अपना रुख स्पष्ट करते हुए हलफनामा दाखिल करने को कहा। इसके लिए बेंच ने आशीष मिश्रा को चार सप्ताह का समय भी दिया है। इससे पहले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहले आशीष मिश्रा को जमानत दे दी थी और उनके दिल्ली या लखनऊ आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके अलावा अदालत ने मामले में चार किसानों-गुरुविंदर सिंह, कमलजीत सिंह, गुरुप्रीत सिंह और विचित्र सिंह को भी जमानत दी थी और निचली अदालत को सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया था। **वाहन ने चार किसानों को कुचला:** बता दें कि तिकुनियां खीरी में उस समय हिंसा भड़की थी, जब किसान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के इलाके के दौरे का विरोध कर रहे थे। तभी एक वाहन ने चार किसानों को कुचल दिया था। इसके बाद गुस्साए किसानों ने एक ड्राइवर और दो भाजपा कार्यकर्ताओं की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी।हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई थी।

# संविधान दिवस पर किसान पीजी कॉलेज में आयोजित रंगोली और चित्रकला में छात्र-छात्राओं ने उकेरी संविधान के प्रति भावनाएं

- दोनों प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी 28 नवंबर को विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग, दिखाएंगे हुनर

जन एक्सप्रेस । बहराइच



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की ओर से जारी आदेश के क्रम में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर किसान पीजी कॉलेज में एक्टिविटी क्लब, गृह विज्ञान तथा चित्रकला विभाग की ओर से रंगोली तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का अवलोकन कालेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ एसपी सिंह, प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर लेफ्टिनेंट डॉ सूर्यभान रावत, वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजू निगम, कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह, समाजसेवी संतोष सिंह गुड्डू तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंधभक्त दार्शनिक डॉ रामबदन वर्मा रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. तसनीम फातिमा जैदी, शिक्षा शास्त्र की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. डिंपल जैन तथा रसायन विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर आकांक्षा रस्तोगी शामिल रहीं। इस रंगोली प्रतियोगिता में श्रेया शुक्ल प्रथम,आकृति श्रीवास्तव द्वितीय तथा मोहिनी यादव तृतीय स्थान पर रहीं।

इसी क्रम में चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में चित्रकला विभाग की प्रभारी सविता वर्मा, भौतिक विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री गुंजन शर्मा, मध्यकालीन इतिहास के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तबरेज अनीस ने शामिल होकर प्रतिभागियों की चित्रकला का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता छात्रा शालू शुक्ला प्रथम, शगुन गुप्ता द्वितीय तथा राधा देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दोनों ही प्रतिभागिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 28 नवंबर 2014 को अपराह्न 12:30 बजे डॉ.राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय में प्रतिभाग करेंगे।

# महापंचायत में राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किसानों को दिल्ली आंदोलन की याद दिलाते हुए भरा जोश





- लघु किसान को समाप्त कर बड़े उद्योगपति कब्जा कर मजदूर बनाने में जुटे राकेश टिकैत

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

कस्बा की नवीन गल्ला मंडी में किसान संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा आयोजित महा पंचायत में क्षेत्र के कोने-कोने से आए हजारों किसानों की भीड़ ने पंचायत में शिरकत कर आयोजन को सफल बना दिया। पंचायत में पड़ोसी जनपदों से आए जिला अध्यक्ष ने सहभागिता कर किसानों को संबोधित कर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। प्रशासन ने किसी अनहोनी घटना से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किसानों को दिल्ली आंदोलन की याद दिलाते हुए जोश भरा है। उन्होंने संबोधन के बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

बुधवार को मंडी परिसर में किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय संगठन के प्रवक्ता राकेश सिंह टिकैत की अध्यक्षता में महापंचायत का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्र के कोने-कोने से आए किसानों ने सहभागिता कर आंदोलन को नई दिशा दी है। महापंचायत में आए किसानों को राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश सिंह टिकट द्वारा संबोधित करते हुए उन्हें अपनी शक्ति का एहसास दिलाते हुए कहा मुद्दे किसान के हैं उनकी समस्या है पर समाधान नहीं है। समस्या सरकार द्वारा पैदा की हुई सोची समझी रणनीति है। पूंजीवाद के चलते पहले सत्ता पर कब्जा किया अब उसी से देश पर कब्जा होगा। किसका उदाहरण अमेरिका है। जिसमें 55, 56 व्यापारी परिवार ने देश पर कब्जा कर रखा है। छोटे उद्योग, लघु किसान को समाप्त कर बड़े उद्योगपति कब्जा कर मजदूर बनाने में जुटे हैं जिसका उदाहरण पड़ोसी राज्य बिहार है। दिल्ली के आंदोलन ने सरकार को समझने का काम किया है। किसान का ट्रैक्टर उसका टैंक है। सरकार ट्रैक्टर से डरती है। सत्ताधारी कहते हैं बटोगे तो कटोगे हम कहते हैं बटोगे तो लूटोगे की बात कह कर तमाम मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए अपनी मांगों को लेकर 9 सूत्री ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर न लगाकर बिजली फ्री करना, रियल टाइम खतौनी को की समस्या का समाधान, गन्ने का भुगतान कर 500 समर्थन मूल्य की मांग, आवारा पशु और जंगली पशुओं से निजात दिलाना और मौत होने पर 15 लाख रुपया मुआवजा की मांग, परली और पत्ती का समाधान, धान खरीद घोटाले की जांच कराना और दिन में 12 घंटा विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने समेत तमाम मुद्दों की मांग करते हुए ज्ञापन सौपा है।सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

किसानों की महापंचायत को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा जिसके चलते कई थानों से बुलाए गए सुरक्षा कर्मियों को चप्पे चप्पे पर तैनात किया गया था। एसडीएम ने भीड़ की नजाकत को समझते हुए मंच पर पहुंचकर किसानों का ज्ञापन लेकर आंदोलन को समाप्त कराया है।महापंचायत में सभी समुदाय के किसानों ने शिरकत कर आयोजन को सफल बनाया है। किसानों ने अपने जलपान की व्यवस्था के लिए खुद का लंगर लगाया था।मंच से किसान नेता बाबू अजीत सिंह, राजपाल शर्मा, दिलबाग सिंह, प्रवक्ता बलबीर सिंह और संचालन जिला महासचिव मोनू यादव ने किया है। इस मौके पर क्षेत्रीय किसान नेता भी मौजूद रहे हैं।

# करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बिजुआ जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा बुधवार को जिला पंचायत इंटर कॉलेज बिजुआ में एक विशेष करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके करियर निर्माण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना था।कार्यक्रम में रिटायर्ड कर्नल सी. पी. मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों को व्यक्तित्व विकास और रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। सी. पी. मिश्रा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, ÷आपका व्यक्तित्व ही आपके करियर का आधार है। सही दिशा में कार्य करें, और सफलता आपके कदम चूमेगी।÷इस आयोजन में रिटायर्ड कार्यदर्शक एवं पूर्व प्रभारी समन्वयक कौशल विकास मिशन, अनूप सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने व्यवसायिक शिक्षा और कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को ड्रीम लक्ष्य, योजना, एटीट्यूड और पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर महत्व देने की सलाह दी। अनूप सिंह ने कहा, ÷आपका लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए। मेहनत और सही योजना से ही आप अच्छे नागरिक बन सकते हैं और अपने करियर को सफल बना सकते हैं।÷कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्र समुदाय से अपील की कि वे इन मूल्यवान मार्गदर्शनों का पालन करें तथा अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का प्रयास करें।कार्यक्रम के दौरान हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के 263 छात्रों ने भाग लिया और करियर विकल्पों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की। यह करियर काउंसलिंग कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुआ, जिससे उन्हें अपने भविष्य के लिए दिशा-निर्देश और प्रेरणा प्राप्त हुई। जिला सेवायोजन कार्यालय का यह प्रयास निश्चित रूप से छात्रों के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# आम आदमी पार्टी लखीमपुर ने चलाया सदस्यता अभियान

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

26 नवंबर 2012 को पार्टी की स्थापना हुई थी।संघर्ष और सफलता के 12 साल का यह सफर आसान नहीं था।हर दिन एक नई चुनौती आई लेकिन कार्यकर्ताओं की मेहनत, विश्वास और जनता के प्यार से हम आगे बढ़ते रहे, और आज एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में दिल्ली और पंजाब में प्रचंड बहुमत वाली आम आदमी पार्टी की सरकार है पिछले 1 साल में आम आदमी पार्टी को मिटाने की लाख कोशिशें हुईं, लेकिन हमारी ईमानदारी,जनता के प्यार और कार्यकर्ताओं के हौसले ने हमें और मज़बूत बना दिया।हम अन्याय और तानाशाही के ख़िलाफ़ पहले से ज़्यादा मज़बूती से खड़े हैं। संविधान और लोकतंत्र बचाने की हमारी ये लड़ाई जारी रहेगी।सी वाई एस एस प्रदेश अध्यक्ष अरुण वर्मा ने बताया कि इस क्रांति ने करोड़ों लोगों के दिलों में काम की राजनीति के ज़रिए उम्मीद और बदलाव का सपना जगाया और अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में इस सपने को पूरा किया जा रहा है। स्थापना दिवस पर हम संकल्प लेते है कि आम आदमी को बेहतर जिंदगी देने की इस क्रांति को देश के हर हिस्से में पहुँचाएँगे और भारत को दुनिया का नंबर.1 देश बनायेंगे।

# बाल विवाह एक सामाजिक बुराई एवं अपराध इसे जड़ से मिटाना सभी का दायित्व: सतीश



- भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत केजीबीवी बेगमपुर में आयोजित किया गया कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । बहराइच

भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत देहात इंडिया संस्था की निदेशक देवयानी द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बेगमपुर परिसर में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति (बेंच आफ मजिस्ट्रेट) के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और अपराध है। इससे बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास में बाधा होती है। बाल विवाह एक कुरीति है। इसे हमें जड़ से मिटाना है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं, अभिभावकों, महिलाओं व पंचायत प्रतिनिधियों को चार सूत्रीय शपथ दिलाई। इस अवसर पर कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राओं ने बाल विवाह से होने वाली विकृति के संबंध में एक आकर्षक व प्रेरणादायक लघु नाटिका प्रस्तुत की। इस मौके पर छात्रा रूमी द्वारा प्रस्तुत गीत काफी सराहा गया-÷ ए मेरे भगवान बता दो लड़की क्या इंसान नहीं है, लड़के का मान जगत में है, लड़की का कोई मान नहीं है।÷ देहात इंडिया के कोऑर्डिनेटर मोहम्मद इमरान ने बताया कि बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प देहात इंडिया संस्था समेत करीब ढाई सौ संगठनों द्वारा लिया गया है और देशव्यापी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में एएचटीयू के एसआई गर्जन प्रसाद, आसिफ अहमद, एसआई अमर नाथ चौहान, संरक्षण अधिकारी शिविका मौर्य, वार्डन इरफाना, नेहा श्रीवास्तव, अनुराग शर्मा,अर्चना मिश्रा, मनीष यादव, रचना मिश्रा, अवधेश मिश्रा, शालिनी यादव आदि शामिल रही।

# एनसीसी दिवस पर किसान पीजी कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर

- कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव ने किया रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन 40 ने कराया पंजीकरण डेढ़ दर्जन ने किया रक्तदान

जन एक्सप्रेस । बहराइच



एनसीसी दिवस के अवसर पर बुधवार को किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में 51 यू पी बटालियन एनसीसी बलरामपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल के दिशा निर्देशन में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डाक्टर एस.पी. सिंह रहे। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स से रक्तदान जैसे पुनीत कार्य को करने तथा सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों से जुड़ने तथा विभिन्न समस्याओं को सकारात्मक तरीके से हल करने का आह्वान किया। अंडर आफीसर हुस्ना परवीन एवं रानी निषाद ने ब्लड डोनेट कर कार्यक्रम की शुरुआत की।इस अवसर पर लगभग 40 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया। जिनमें डेढ़ दर्जन से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान किया। महाराजा सुहेल देव मेडिकल कॉलेज (स्वायत्तशासी) बहराइच के डॉ.दिवाकर वर्मा, जिला रक्त परामर्शदाता नूर मोहम्मद, राजेश कुमार तथा उनकी टीम ने उक्त कार्य में पूर्ण सहयोग दिया। इस कार्यकम में वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार त्रिपाठी, कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह, एनसीसी ए एन ओ ले. डॉ. सूर्य भान रावत, आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले एनसीसी के पंकज सिंह, महाविद्यालय नियंता मंडल के सदस्यगण समाज सेवी अनीस सिद्दीकी उर्फ गुड्डू, भाजपा नेता देवेंद्र प्रताप सिंह छोटू,एनसीसी के समस्त कैडेट्स व अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मुंबई में हुए 26/11 के हमले में 166 लोगों की गई थी जान, चार दिनों तक अलग-अलग हुई आतंकी घटना से सहम गई थी मुंबई

- बहराइच विकास मंच ने मोमबत्ती जलाकर मुंबई हमले के शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । बहराइच



स्थानीय शहीद स्मारक पर बहराइच विकास मंच के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को 26/11/2008 को हुए मुंबई हमले की 16वीं बरसी पर मोमबत्ती जलाई और उस आतंकी घटना में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंच के संरक्षक पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि 26/11/2008 को हुए इस आतंकी हमले में 166 लोग मारे गए और कई सौ लोग घायल हुए। यह हमले 26 नवंबर से शुरू होकर 29 नवंबर 2008 तक चलते रहे। इन चार दिनों में पूरी मुंबई सहम गई, इस घटना का सूत्रधार लश्कर ए तैयबा का सीनियर कमांडर आजम चीमा था, जिसने आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया था। घटना में शामिल नौ आतंकवादियों को मार दिया गया था, और जीवित बचे एक मात्र आतंकवादी कसाब को 21 नवंबर 2012 को फांसी दे दी गई। अध्यक्ष हर्षित त्रिपाठी ने कहा कि 60 घंटे की घेराबंदी में मरने वाले 166 लोगों में 33 ताज होटल के ही थे । इनमे होटल कर्मचारी भी शामिल थे । ताज होटल टाटा समूह का एक महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान था। उसके मालिक रतन टाटा ने पीड़ितों और उनके परिवारो के पुनर्वास के लिए एक कोष की स्थापना की । उन्होंने उनके बच्चो और आश्रितो की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी भी ली । पुंडरीक पाण्डेय ने कहा कि अमेरिका ने भी इस घटना से जुड़े जीवित आतंकवादियो पर भारी इनाम रखे। भारत पर पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा हमला कराया गया। केवल दस बंदूक धारियों ने आर्थिक राजधानी मुंबई को तहस नहस कर दिया । यह भारत की अस्मिता पर सीधे सीधे हमला था। हालांकि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की सूझ बूझ से भारी अनर्थ को रोकने में सफलता मिली। अंत में सभी उपस्थित जनों ने भावुक मन से उक्त घटना के शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश पर मर मिटने की शपथ के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। इस मौके पर राजन यादव छात्र नेता ,सत्यम मिश्रा,मांशू दीक्षित,देवमणि मिश्रा,दीपक शुक्ला समेत अनेक लोग कार्यक्रम में उपस्थिति थे।

# अब रुपईडीहा में बंदरों का आतंक, नगरवासी परेशान

जन एक्सप्रेस । बहराइच



नगर पंचायत रुपईडीहा में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बंदरों की बढ़ती संख्या से लोग परेशान हैं। नगर के लोगों ने बंदरों को पकड़वाने की मांग संबंधित विभाग के अधिकारियों से की है। नगर में बंदरों की संख्या पहले ही बहुत थी।लेकिन विभाग ने ध्यान नहीं दिया।अब धीरे-धीरे इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। पहले ये नगर की सब्जी मंडी के आसपास के मोहल्ला तक सीमित थे। लेकिन अब धीरे-धीरे ये नगर के अधिकांश मोहल्लों में पहुंच गए है । थोक सब्जी मंडी,मुख्य बाजार व जहां जहां भी उत्सव गृह जहां से उन्हें खाने मिल रहा है,वहीं बंदर पहुंच गए हैं। बंदरों के कारण पहले लोगों को खाने का सामान लेकर जाने, छत पर कपड़े सुखाने या छत पर अनाज आदि सुखाने में दिक्कत होती थी। अब तो इनका आतंक मुख्य बाजार में इतना है कि मोटरसाइकिल की सीट कवर फाड़ देते हैं। झोले सामान निकालकर ले जाते हैं अगर विरोध करो तो काट लेते हैं। नगरवासी सिद्धनाथ गुप्ता आदि ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि नगर से बंदरों को पकड़ कर जंगल में भिजवाया जाए जिससे लोगों को राहत मिल सके।

# जनपद में समारोहपूर्वक मनाया गया संविधान दिवस

जन एक्सप्रेस । बहराइच

स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर संविधान दिवस 26 नवम्बर, 2024 के अवसर पर वर्ष-पर्यन्त आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों का जिले में समारोहपूर्वक शुभारम्भ हुआ। संविधान दिवस के अवसर पर जनपद मुख्यालय सहित समस्त नगर निकायों/जिला पंचायतों/क्षेत्र पंचायतों/ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थाओं सहित अन्य कार्यालयों एवं प्रमुख प्रतिष्ठानों में आयोजित कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया तथा लखनऊ स्थित लोकभवन के सभागार में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह तथा संविधान से सम्बन्धित् वृत्त चिंत्र का प्रसारण भी किया गया। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, बलहा की विधायक श्रीमती सरोज सोनकर व नानपारा के विधायक राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा यादव तथा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अन्य कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा कलेक्ट्रेट कर्मियों की उपस्थिति में लखनऊ स्थित लोकभवन के सभागार में आयोजित मुख्य समारोह तथा संविधान से सम्बन्धित् वृत्त चिंत्र का प्रसारण भी किया गया।

''संविधान दिवस'' के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य उपस्थित लोगों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का संकल्प दिलाया कि ''हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प लेते हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य उपस्थित लोगों को संविधान की प्रस्तावना 'हम, भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पन्थ-निरपेक्ष, लोकतन्त्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली, बन्धुता बढ़ाने का संकल्प दिलाया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक महसी, विधायक बलहा, विधायक नानपारा व डीएम ने सभी लोगों को संविधान दिवस की बधाई दी। वक्तागण ने भारतीय संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अवसर पर हम सभी लोगों को संकल्प लेना होगा कि हम अपने अधिकारों के साथ साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी निष्ठावान रहें, यही संविधान के प्रति हमारी सच्ची निष्ठा होगी। वक्तागण ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान अपनाया गया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। यह एक लिखित दस्तावेज है जो सरकार और उसके संगठनों के मौलिक बुनियादी संहिता, संरचना, प्रक्रियाओं, शक्तियों, कर्तव्यों के साथ-साथ नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का निर्धारण करने वाले ढांचे को निर्धारित करता है। किसी देश या संगठन का संविधान कानूनों की वह प्रणाली है जो औपचारिक रूप से लोगों के अधिकारों और कर्तव्यों को बताती है। विधायकों ने कहा कि सभी माध्यमों में हमें प्राथमिक स्तर पर राष्ट्रवाद को शिक्षा में शामिल करना होगा ताकि हमारी युवा पीढ़ी संविधान के मूल्यों/आदर्शो/मौलिक कर्तव्यों की महत्ता को समझ कर देश प्रेम की भावना के साथ विकसित भारत के निर्माण में सहयोग प्रदान कर सके। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह का संचालन मुख्य विकास अधिकारी ने किया।

# गोरखपुर में फेसबुक पर हुई दोस्ती मार - पीट में बदली

- लड़की को ब्लैकमेल कर वसूले रुपए - ज्वेलरी , पुलिस ने शुरू की जांच

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर के गुलरिहा इलाके में फेसबुक पर शुरू हुई एक दोस्ती ने पूरे गांव में हंगामा खड़ा कर दिया। एक व्यक्ति ने गांव के युवक पर उसकी बेटी को ब्लैकमेल कर गहने और पैसे ऐंठने का आरोप लगाया है। वहीं, आरोपित युवक ने लड़की के परिवार पर मारपीट और सिर फोड़ने की शिकायत की है।

### फेसबुक से शुरू हुआ मामला

लड़की के पिता, जो वाराणसी में रेल विभाग में कार्यरत हैं, ने बताया कि गांव का ही एक युवक उनकी बेटी से फेसबुक पर जुड़ा। धीरे-धीरे वह लड़की को ब्लैकमेल करने लगा और कभी गहने तो कभी पैसे वसूलने लगा। पिता के अनुसार, उन्होंने इस मामले को शांत कराने के लिए लड़के और उसके परिवार को कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन हालात और बिगड़ते चले गए।




### झगड़े में बदला विवाद

25 नवंबर को स्थिति तब गंभीर हो गई जब बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस झगड़े में आरोपित युवक का सिर फट गया। मामले ने पूरे गांव का माहौल गर्मा दिया।

### मामले की गहनता से की जा रही है जांच- थानाध्यक्ष

गुलरिहा थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है।

# गोरखपुर में सर्राफा कारोबारी की दुकान पर डीआरआई का छापा

- तस्करी के सोने के बारे में की पूछताछ, लखनऊ में तस्करों से मिले इनपुट पर पहुंची

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर का हिन्दी बाजार, जो कभी सोना मंडी के लिए प्रसिद्ध था, अब सोने की तस्करी गढ़ के रूप में बदनाम हो रहा है। यहां देशभर के तस्कर अपने नेटवर्क के जरिए सोना खपाने का काम कर रहे हैं। हाल ही के मामलों ने इस मंडी को अवैध कारोबार का बड़ा केंद्र साबित किया है।

### 6 तस्करों को किया गिरफ्तार

सितंबर 2024 में डीआरआई ने एक बड़ी कार्रवाई में 6 तस्करों को गिरफ्तार किया। इनसे तीन किलो विदेशी सोना, तीन करोड़ रुपये नकद और दो कारें बरामद हुईं। तस्करों ने खुलासा किया कि ये सोना गोरखपुर के कुछ विशेष व्यापारियों को बेचा जाना था।



### नेपाल से लेकर लखनऊ तक फैला है नेटवर्क

जांच में पता चला है कि तस्करी का सोना थाईलैंड से नेपाल के जरिए लखनऊ और गोरखपुर लाया जाता है। बैंकाक से काठमांडू एयरपोर्ट तक सोने को पहुंचाने के बाद इसे नेपाल के सीमावर्ती जिलों में भेजा जाता है। यहां से कोरियर इसे चिन्हित सर्राफा कारोबारियों तक पहुंचाते हैं। डीआरआई की टीम ने हिन्दी बाजार स्थित एक प्रतिष्ठित सर्राफा व्यापारी के ठिकाने पर छापेमारी की। जांच में पाया गया कि व्यापारी तस्करी के सोने को खपाने में पहले भी शामिल रहा है। स्टॉक और खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड में गड़बड़ियां मिलीं।

### सोने की तस्करी के हाई-प्रोफाइल मामले

वाराणसी की एक फर्म से जुड़े बड़े मामले में, 6 महीने पहले डीआरआई ने साढ़े चार किलो सोना जब्त किया था। इसके बाद, मई 2024 में गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर थाईलैंड से लाए गए 750 ग्राम सोने के साथ एक व्यक्ति पकड़ा गया। फरवरी 2024 में कुशीनगर फोरलेन पर दो तस्करों से सात करोड़ रुपये की कीमत का सोना बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि यह सोना गोरखपुर के हिन्दी बाजार में बेचा जाना था।

### देवरिया और बिहार में भी तस्करी के कनेक्शन

देवरिया रेलवे स्टेशन पर 2023 में तस्करों से 17 सोने के बिस्किट (कीमत 1.31 करोड़ रुपये) बरामद किए गए। 2022 में बिहार में एक सुडानी नागरिक करोड़ों रुपये के सोने के साथ पकड़ा गया था। इसी साल गोरखपुर के एक व्यापारी से ढाई किलो सोना मिला, जबकि दिसंबर 2022 में मुंबई जा रही ट्रेन में 650 ग्राम सोना जब्त किया गया।

### कोलकाता से चल रहा कच्चे सोने का धंधा

सूत्रों के अनुसार, बड़हलगंज और आसपास के क्षेत्रों से जुड़े तस्कर कोलकाता से कच्चा सोना (बिना दस्तावेज वाला) लाकर गोरखपुर में बेच रहे हैं। ये तस्कर हर हफ्ते तीन से चार बार कोलकाता का दौरा करते हैं और मोटा मुनाफा कमाते हैं। हालांकि, हालिया सख्ती के चलते इस पर थोड़ी लगाम लगी है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### आधुनिक पद्धति से हल्दी की खेती का दिया प्रशिक्षण



**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** स्पाइस बोर्ड विजिनल ऑफिस बाराबंकी द्वारा जनपद कुशीनगर के दुदही में आयोजित दो दिवसीय हल्दी पर गुणवत्ता सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को हल्दी के उत्पादन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार ने हल्दी के गुणों के विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हल्दी एक औषधि है, इसका उपयोग दवा एवं सब्जियों में किया जाता हैं। वहीं स्पाइस बोर्ड के अधिकारी शुभांशु गौतम ने हल्दी के वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए सलाह दी। उन्होंने हल्दी के रोपाई से पूर्व खेत की तैयारी, बीज उपचार खाद एवं उर्वरक तथा कीट एवं रोगों के बचाव के लिए जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने स्पाइस बोर्ड के विभिन्न योजनाओं के बारें में भी किसानो को बताया। इस दौरान दुदही एफपीओ के सीईओ अखिलेश कुमार, रामासरे तिवारी, राजकिशोर तिवारी, रजनीश मिश्रा, रोहित यादव, विनोद, संजय, रामचंद्र, धर्मेंद्र, बृजेश कुमार, प्रदीप, धुनमुन, विंदेश्वरी सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेन्द्र मीणा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज आतिश कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी फरेन्दा अनुरूद्ध कुमार के पर्यवेक्षण में, तथा थानाध्यक्ष के नेतृत्व टीम गठित कर मु0न0 113/92 धारा 323,504,325 भादवि0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त प्रताप उर्फ रामप्रताप पुत्र पुत्र दशरथ उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम भगवानपुर बनकटवा थाना पुरन्दरपुर के घर पर दबिश दिया गया। वारण्टी अभियुक्त प्रताप उर्फरामप्रताप को पुलिस ने घर पर ग्राम भगवानपुर बनकटवा पर मौजूद मिला। जिसे गिरफ्तार कर लिया।पुरन्दरपुर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम राव ने बताया कि उक्त अभियुक्त को समय करीब 9रू55 बजे सुबह नियमानुसार गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु भेजा गया। गिरफ्तारी पुलिस टीम उपनिरीक्षक मो0 असजद व हेड कांस्टेबल संजय कुमार रहें।




### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने कोटेदार की मनमानी का वीडियो से की शिकायत

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** जनपद के पनियरा ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा आसानी की स्वयं सहायता समूह सदस्य विलायचा देवी एवं जय मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह की लगभग 7 महिलाओं ने ई सखी के साथ खंड विकास अधिकारी पनियरा को एक शिकायती पत्र दिया जिसमें उन्होंने लिखा है कि उनके समूह के नाम से सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का चयन हुआ था जिसका समूचा लब कोटा संचालिका द्वारा स्वयं ही ले लिया जा रहा है और समूह की अन्य महिला सदस्यों का फर्जी अंगूठा लगाकर हर बार राशन उत्थान व वितरण किया जाता है और जब भी संचालिका से कोट के आय व्यय संबंधी ब्यावर की बात की जाती है तो वह दंगा बवाल करने पर आमादा हो जाती हैं समूह की महिलाओं को कोटा संचारी का द्वारा बताया जाता है की ब्लॉक से लेकर जिला स्तर के जिम्मेदारों को कोटा चलाने के लिए पैसा देना पड़ता है जिसके कारण आए देना मुश्किल है महिलाओं ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत करते हुए जांच कर उचित कार्यवाही की मांग किया है मामले के संबंध में स्वयं सहायता समूह सखी प्रज्ञा मिश्रा ने आरोप लगाते हुए दी जानकारी



### बीआरडी पीजी कॉलेज कैम्पस में छात्र छात्राओं को कराया गया फील्ड विजिट



**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** बीआरडी पीजी कालेज देवरिया के बीएससी तृतीय वर्ष के समस्त छात्र छात्राओं को प्रोफेसर डाक्टर हरिशंकर गोविंद राव एवं एसिस्टेंट प्रोफेसर सीएस मिश्रा द्वारा फिल्ड विजिट कराया गया। छात्र छात्राओं को कैंपस में मिलने वाली विभिन्न औषधिय एवं जंगली पौधों की पहचान एवं उसकी उपयोगिता प्रयोग की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त वृक्षों एवं सजावटी पौधों के वर्गीकरण के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रोफेसर डाक्टर हरिशंकर गोविंद राव ने बताया कि यह वनस्पति विज्ञान के प्रयोगशाला संबंधी कार्यों में सबसे आवश्यक कार्यों में से एक है। लैब सहायक विवेक शुक्ला एवं जय प्रकाश सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### गोरखपुर जिले में समुदायिक शौचालयों का हाल-बेहाल

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** भारत सरकार की महात्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार स्वच्छ भारत मिशन का पलीता लगाते जिम्मेदार, विभागीय अधिकारी बेपरवाह। स्वच्छ भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा व्यक्तिगत व सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के लिए हजारों, लाखों रुपए खर्च कर रही है, परंतु जिम्मेदारों की मेहरबानी से शौचालयों का बुरा हाल है। मामला गोरखपुर जिले के विकासखंड भरोहिया ब्लॉक के ग्राम सभा रमवापुर का है जहां सामुदायिक शौचालय का बुरा हाल है। निर्माण के वर्षों में ही सामुदायिक शौचालय की दीवारें दरकने लगी है, सीट टूटी पड़ी है तो वहीं टोटी गायब है और शौचालय का बुरा हाल है ना तो विभागीय अधिकारी ना तो ग्राम प्रधान इस पर नहीं नजरें इनायत करते हैं, गांव की महिलाएं और पुरुषों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पूरे जोर शोर से अभियान चला कर सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है परंतु ग्राम प्रधानों व सचिव की लापरवाही से शौचालय का बुरा हाल हुआ है। इस संबंध संबंध में पूछे जाने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत भरोहिया ने कहा कि कहा मामले की सूचना मीडिया के माध्यम से मिली है जांच कराकर संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।




# बिहार पीसीएस में चयनित होने पर दी बधाई

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

बिहार पीसीएस 2024 में चयनित होने पर छात्रा रुचि शुक्ला ने जहां परिवार का सम्मान बढ़ाया वहीं क्षेत्र में नाम रोशन की। शुभचिन्तक, रिस्तेदार व जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित क्षेत्र के समाज सेवियों ने घर पहुंच कर मिठाई खिलाते हुए बधाईयां व शुभकामनाएं दी।



बुधवार को विकास खण्ड कप्तानगंज के सिसवा शुक्ल निवासी रूचि शुक्ला पुत्री शशिभूषण शुक्ला का नाम बिहार पीसीएस में 269 वीं रैंक से चयनित होने की सूचना जैसे ही मिली परिजनों, रिस्तेदारों, शुभ चिंतकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, कप्तानगंज आवास पर शुभ चिन्तकों का बधाई देने का तांता लगा रहा, जिसमें जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज कप्तानगंज के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद, डा.चंदन गोड़, सगीर अहमद, अनुप सर, पंडित आर के मिश्रा, हेमन्त मिश्रा, गोलू मिश्रा जिलाध्यक्ष ब्राह्मण महासभा सभा कुशीनगर, हरिओम मिश्रा आदि ने मिठाईयां खिलाकर बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी। रुचि शुक्ला अपने चयनित होने का श्रेय माता पिता गुरुजन एवं शुभचिंतकों को दी। तैयारी कर रहे प्रतियोगी छात्रों को टिप्स देती हुई शुक्ला ने बताया कि यदि तैयारी के प्रति सच्ची निष्ठा व लग्न हो तो सफलता निश्चित ही मिलेगी। जिस पेपर कम नम्बर आ रहे हों तो उसकी तैयारी अलग से और अतिरिक्त समय देकर करनी होगी। रुचि शुक्ला के दो भाई आषीश शुक्ला,सुधांशु शुक्ला,व दो बहन रूचि शुक्ला व सूची शुक्ला है। जिसमें बड़ा भाई पीएच डी गेट क्वालीफाई किया है। माता कुमकुम देवी गृहिणी हैं। तथा पिता सहारा इण्डिया में अभिकर्ता थे। रुचि शुक्ला की हाईस्कूल कुलकुला देवी से 2011में 79.5:, इण्टर जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज कप्तानगंज 2013में 89.6:, बीएस सी डीडीयू गोरखपुर 73:,एम एस सी (केमेस्ट्री) इलाहाबाद 94: (गोल्ड मेडल)से उत्तीर्ण की हैं। इन्होंने घर पर रहकर ही तैयारी की हैं तो तथा बिहार पीसीएस प्रथम परीक्षा में ही उत्तीर्ण की हैं। इस सफलता को लेकर चाचा शरद चंद्र शुक्ला,चाची अनिता शुक्ला,आषीश शुक्ला,अतुल शुक्ला मुकेश गुप्ता, पंडित आर के मिश्रा अध्यापक सुधीर सिंह सहित परिजनों व शुभ चिन्तकों ने खुशी का इजहार करते हुए शुभकामनाएं दिये।

# 'गन्ना लदे ओवरलोडेड ट्रक और ट्रैक्टर्, बड़े हादसे का खतरा

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले के कप्तानगंज क्षेत्र के अन्तगत के स्थित कप्तानगंज नौरंगिया रोड पर मिश्रौली चौराहे के पास रेलवे ट्रक ढाले पर रेलवे क्रॉसिंग पर इन दिनों ओवरलोड ट्रकों ट्रैक्टर की वजह से लोगों का जीवन बेहाल हो गया है। गन्ने से लदे ये ट्रक आए दिन क्रॉसिंग पर रुककर जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं, जिससे राहगीरों और खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

ये ट्रक ओवरलोड गन्ने से लदे होते हैं कि ढाले पर उपर लगे बेरीयन मीटर को भी ऊपर लगे होते है और बिना किसी डर के आबादी वाली बस्तियों से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता हैद्य गन्ना लादे ओवरलोड ट्रक इन इलाकों से गुजरते हैं और हिचकोले मारते हुए चलते रहते हैं, और स्कूल छात्रों को भी आना जाना रहता है इस बीच बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

# बेघर लोगों को रैन बसेरों में भेजने की कवायद शुरू

## सिर छुपाने के लिए रैन बसेरों में रात्रि करे विश्राम- डीएम



**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

सर्दी दस्तक देना प्रारंभ किया जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश ने समस्त उप जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि पटरी व बाहर सो रहे बेघर लोगों को रैन बसेरों में रखा जाए जिससे ठंडक से किसी को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए जिसके अनुपालन में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी के निर्देशन में सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह द्वारा पटरी पर सो रहे लोगों को रैन बसेरे में भेजने की कवायद शुरू किया गया।

सर्द रातों में राहगीरों और बेघरों को रात में छत देने की कवायद, शहर में प्रशासन द्वारा बनाए गए रैन बसेरे में आने वाले आगंतुकों के लिए पलंग, रजाई, कंबल सहित गर्म पानी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ।

सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंहअपने सहयोगी लेखपालो के साथ सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत भ्रमण पर निकले तो फुटपाथ पर सो रहे राहगीरों को रैन बसेरे ले जाकर सुलाने का कार्य किया जिससे राहगीरों को ठंडक से बचाया जा सके।

# महिला सफाई कर्मी ने ग्राम प्रधान की चप्पल से की पिटाई

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जनपद में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला सफाईकर्मी ने ग्राम प्रधान को चप्पलों से पीट दिया। इस घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला देवरिया के पथरदेवा विकासखंड के नेरवारी गांव का है, जहां सफाईकर्मी और ग्राम प्रधान के बीच किसी विवाद के बाद यह घटना घटी।



### वीडियो की पुष्टि और कार्रवाई

जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ, जिला प्रशासन ने तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि वीडियो असली है और महिला सफाईकर्मी ने ग्राम प्रधान को चप्पल से पीटा था। प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी श्रवण चौरसिया ने बताया कि एडीओ पंचायत ने इस मामले की जांच की और रिपोर्ट के आधार पर महिला सफाईकर्मी को निलंबित कर दिया गया है।

### विवाद की जड़ में पैरोल का मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सफाईकर्मी और ग्राम प्रधान के बीच पैरोल को लेकर विवाद चल रहा था। फिलहाल, इस विवाद की भी जांच जारी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत संविदा पर रखे गए सफाईकर्मी अक्सर समय पर मानदेय न मिलने की शिकायत करते हैं। कई बार इससे जुड़े विरोध प्रदर्शन भी सामने आते रहते हैं।

### वायरल वीडियो ने जिले में मचाई हलचल, बनी चर्चा का विषय

इस घटना ने जिले में हलचल मचा दी है। लोग वायरल वीडियो को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस घटना में ग्राम प्रधान को हुई 'खास खातिरदारी' पर लोग खूब मजे ले रहे हैं। हालांकि, वीडियो में दिख रही घटना और उसके पीछे की सच्चाई का पता जांच के बाद ही चलेगा, लेकिन इसने एक बार फिर सफाईकर्मियों के प्रति प्रशासन की लापरवाही और ग्राम पंचायतों के अंदरूनी विवादों को उजागर कर दिया है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PYGS-DigiL-84-24-1 (Misc Static-Services-Digital Lockers at Station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AYC-DigiL-84-24-1 (Misc Static-Services-Digital Lockers at Station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PRG-DigiL-83-24-1 (Misc Static-Services-Digital Lockers at Station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3643/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## हाईटेक सुविधाओं से लैस होगा नया शहर, जीडीए ने काम किया शुरू

# छः हजार करोड़ लागत से बसाया जाएगा नया गोरखपुर

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर जल्द ही एक नए और सुनियोजित शहर के रूप में अपनी पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने 6000 एकड़ भूमि में ष्नया गोरखपुरष् बसाने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम शुरू कर दिया है। आधुनिक सुविधाओं और सुव्यवस्थित ढांचे से लैस यह शहर गोरखपुर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### नए गोरखपुर का सपना हो रहा सरकार

जीडीए के उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन ने बताया कि नए गोरखपुर का सपना अब साकार हो रहा है। पहले चरण में चार गांवों की जमीन अधिग्रहण के बाद, इस क्षेत्र का सुनियोजित विकास किया जाएगा। ड्रोन सर्वे के माध्यम से जोनल प्लान तैयार हो रहा है, जो एक माह में शासन को सौंप दिया जाएगा।

### ड्रोन सर्वे से तय होगी योजना की रूपरेखा

जीडीए ने नए गोरखपुर के लिए जोनल प्लान तैयार करने का जिम्मा एक विशेषज्ञ फर्म द्व]को सौंपा है। यह फर्म ड्रोन सर्वे की मदद से आवासीय, व्यवसायिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जमीन चिन्हित कर रही है। साथ ही हाईवे सुविधा क्षेत्र और अन्य आवश्यक ढांचागत सुविधाओं के लिए भी अलग-अलग जोन तैयार किए जा रहे हैं। यह प्लान एक महीने के भीतर तैयार होकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।




### पहले चरण में चार गांवों पर फोकस

पहले चरण में मानीराम, बालापार, रहमतनगर और मेंहदीपुर गांवों की जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अब तक 150 एकड़ से अधिक भूमि पर कब्जा लिया जा चुका है। इन चार गांवों में कुल 600 एकड़ भूमि अधिग्रहण की योजना है। खास बात यह है कि किसान स्वेच्छा से अपनी जमीन दे रहे हैं, जिससे प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ रही है।

### सुविधाओं से भरपूर मॉडल टाउनशिप

- जोनल प्लान में हर आधुनिक सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है।
- आवासीय क्षेत्र: सुनियोजित और हरे-भरे इलाके।
- व्यवसायिक हब: व्यापार और उद्योग के लिए विशेष क्षेत्र।
- शैक्षणिक संस्थान: आधुनिक स्कूल और कॉलेज ।
- स्वास्थ्य सुविधाएंरू अत्याधुनिक अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र के अलावा सड़क, पार्क और सार्वजनिक सुविधाओं का भी व्यापक ध्यान रखा जा रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में पल्स पोलियो टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) एवं पल्स पोलियो टास्क फोर्स की बैठक कल देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। स्वास्थ्य समिति की बैठक में विगत बैठक की कार्यवृत्ति से अवगत कराने पश्चात बैठक आरंभ की गई। आशाओं के कुल 52 खाली पदों को भरे जाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया, इसके अतिरिक्त आऊट सोर्सिंग के कर्मियों का मानदेय एक सप्ताह में भुगतान करने का निर्देश दिए गए।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर की समीक्षा दौरान आरोग्य मंदिर पर दवा वितरण न होने तथा बाहर से दवा क्यों दी जा रही है इस पर पुछ ताछ सभी सीएच ओ एवं डीसीपीएम से की गई, सभी को इस पर ध्यान आकृष्ट कराया गया एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ई संजीवनी के अंतर्गत ग्रामों में डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, आदि की जांच अंतर्गत समीक्षा दौरान डेटा भरे जाने में गड़बड़ी की संभावना के मद्देनजर सुधार लाए जाने का निर्देश सभी संबंधित को देने के साथ ही बेहतर तरीके से मॉनिटरिंग किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। पीकू टेक्नीशियन ध् आशाओं के भुगतान की भी समीक्षा की गई जिसके अंतर्गत आशाओं के भुगतान अक्टूबर तक कर लिए जाने की जानकारी दी गई एवं टेक्नीशियन का भुगतान एक सप्ताह में कर लिए जाने की जानकारी सीएमओ द्वारा दी गई। बैठक दौरान संस्थागत प्रसव, बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती माताओ की जांच, आशाओं के द्वारा होम विजिट, डाटा फीडिंग, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु रिपोर्टिंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,



जन्म पंजीकरण, गर्भवती मां के उपचार की स्थिति आदि पर समीक्षा हुई। इसके अलावे बच्चों के टीकाकरण की समीक्षा दौरान स्थिति खराब होने पर संबंधित एम.ओ.आई.सी. से पूछताछ की गई एवं शत प्रतिशत टीकारण की कार्यवाही पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिए गए। आभा आईडी जेनरेट कर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में सभी बीसीपीएम, डीसीपीएम के कार्यो की समीक्षा की गई एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्देश सीएमओ को दिया गए।

बैठक में हीमोग्लोबिन जांच, यूरिन टेस्टिंग, एचआईवी जांच, आदि के संबंध में भी समीक्षा की गई। बैठक दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सीएचसी और पीएचसी पर सभी उपकरण सहित दवा उपलब्ध होने चाहिए। अभियान के अंतर्गत आशाओं द्वारा नियमित रूप से होम विजिट के निर्देश भी दिए गए । सभी एम ओ आई सी को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को प्रोत्साहित करें एवं सरकारी अस्पतालों में प्रसव हेतु प्रेरित भी करें। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने सभी एमओआईसी को अपने क्षेत्र में नियमित मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने संस्थागत प्रसव के मामले में प्रगति सुधारने हेतु तथा जनपद में चल रही शासन की स्वास्थ्य योजनाओं को प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने हेतु विशेष रणनीति तैयार कर क्रियान्वित करने के लिए सीएमओ और सभी एमओआईसी को कहा। जनपद में 08 दिसंबर को पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत सभी बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी तथा 09 दिसंबर से 13 दिसंबर तक डोर टू डोर पिलाई जाएगी जिसके अंतर्गत कुल बच्चों 599731 बच्चों को 5051 टीमों के माध्यम से शत प्रतिशत पल्स पोलियो की खुराक दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने पल्स पोलियो अभियान में लगे सभी संबंधित को निर्देशित किया की अभियान की तैयारी अभी से कर लें तथा पूर्व के पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत जो कमियां रह गई थीं उसे दुरुस्त कर लिए जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश पटारिया, जिला विकास अधिकारी कल्पना मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एडिशनल सीएमओ, डीपीएम के साथ स्वास्थ्य विभाग के सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### ताजा और साफ सुथरे गन्ने की आपूर्ति करें किसान

# चीनी मिल अकबरपुर द्वारा किया जा रहा त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के चीनी मिल अकबरपुर के इकाई प्रमुख रमेश कुमार वर्मा ने बताया कि चीनी मिल जिले के विकास एवं अपने क्षेत्र के समस्त गन्ना खरीद हेतु कटिबद्ध है। चीनी मिल द्वारा इस वर्ष 95 लाख कुन्तल गन्ना पेराई का लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक क्षेत्र का 6.17 लाख कुन्तल गन्ने की पेराई कर ली गयी है तथा चीनी मिल द्वारा त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान के अन्तर्गत 24.नवम्बर तक खरीद किये गये गन्ने का भुगतान बैंकों के माध्यम से कृषकों के खातों में कर दिया गया है तथा चीनी मिल आगे भी त्वरित भुगतान के लिये प्रतिबद्ध है। महाप्रबन्धक (गन्ना) रविन्द्र सिंह ने कृषकों से अपील करते हुये कहा कि किसान भाई चीनी मिल को जड़-पत्ती-अगोला रहित, साफ-सुथरा एवं ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें। गन्ना आपूर्ति हेतु एस0एम0एस0 पर्ची मिलने पर ही गन्ना कटाई करें, गन्ना बंधन हेतु सूखी पत्तियां अथवा धान के पुआल का प्रयोग करें तथा गन्ने की कटाई व छिलाई करते समय गन्ने को बीच से न काटें व वजन में कमी से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचे। उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा इस वर्ष 80? हजार कुन्तल प्रतिदिन की पेराई क्षमता के अनुरूप गन्ना पेराई की जा रही है जिससे कृषकों का समस्त गन्ना समय से आपूर्ति होगा। अतः कृषक भाई अपना गन्ना औने-पौने दाम पर कोल्हू/क्रेशरों पर न बेंचे, चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति कर अपने गन्ने का उचित दाम प्राप्त कर लाभ अर्जित करें एंव अपना बेसिक कोटा बढ़ायें। उन्होंने कृषक भाईयों को निम्न बातो का ध्यान रखनें की सलाह दी -

खेत में फसल अवशेष न जलायें, गन्ने की सूखी पत्तियां / फसल अवशेष प्रबन्धन के उपाय अपनाकर खेत एवं पर्यावरण को नुकसान से बचायें। ट्रेस मल्चर का प्रयोग कर खाद बनायें।

गन्ना प्रजाति को0 0238 में लाल सड़न रोग फैल रहा है इसलिये किसान भाई इसके स्थान पर को0 15023, को0 0118 व को0लख 14201 प्रजाति के गन्ने की बुवाई करें। गन्ना बुवाई के समय भूमि उपचार एवं गन्ना बीज शोधन अवश्य करें

अपनी गन्ना बीज आवश्यकता की पूर्ति हेतु स्वंय गन्ना बीज पौधशाला की स्थापना करें।

गन्ने से अधिक आमदनी प्राप्त करने हेतु द्वितीय पेड़ी अवश्य रखें

विश्वस्त सूत्रों से यह भी संज्ञान में आया है कि शासन द्वारा शीघ्र ही पेराई सत्र 2024-25 हेतु गन्ना मूल्य भुगतान की दरों में वृद्धि की जा सकती है इससे कोल्हुओं पर गन्ना डालने वाले कृषकों को भारी नुकसान होने की सम्भावना है क्योंकि तो किसान कोल्हुओं पर गन्ना डालते है उन्हें बढ़ी हुई दर का कोई लाभ प्राप्त नही होगा जबकि चीनी मिलों में गन्ना डालने वाले कृषकों को बढ़े हुये दर का शुरुआत से ही पूर्ण लाभ मिलेगा।

### देवेंद्र सिंह यादव जिला बदायूं अखिल भारतीय पंचायत परिषद से जुड़े

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** देवेंद्र सिंह यादव पुत्र कमान सिंह यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख निवासी ग्राम मल्लपुर जनपद बदायूं अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी ठाकुर गवेंद्र सिंह एडवोकेट के प्रयास से अखिल भारतीय पंचायत परिषद में शामिल हो गए। उन्होंने कहा गैर राजनीतिक अखिल भारतीय पंचायत परिषद का संगठन ग्राम पंचायतो के विकास के हेतु देश में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरे जनपद बदायूं में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को जोड़कर संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा और उनकी समस्याओं के निराकरण में पूर्ण सहयोग करूंगा प्रदेश प्रभारी गवेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा देवेंद्र सिंह यादव ग्रामीण प्रवेश से जुड़े हुए व्यक्ति है उनकी पत्नी दो बार जगत ब्लॉक की प्रमुख रह चुकी है इनके पिता भी ब्लॉक प्रमुख रहे हैं पूरे जनपद में प्रतिष्ठित एवं लोकप्रिय व्यक्ति हैं इनके पंचायत परिषद से जुड़ने से पूरे जनपद बदायूं में अखिल भारतीय पंचायत परिषद का संगठन मजबूत होगा प्रदेश प्रभारी ने उनको बधाई देते हुए आभार प्रकट किया।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बजाज चीनी मिल में गन्ना पेराई सत्र प्रारंभ



**जन एक्सप्रेस । उतरौला बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में तहसील उतरौला के विकास खंड श्रीदत्तगंज क्षेत्र अंतर्गत स्थापित बजाज हिन्दुस्थान शुगर कंपनी लिमिटेड, इटई मैदा में गन्ना पैराई सत्र 2024-2025 का शुभारम्भ पंडित मयंकेश पति त्रिपाठी द्वारा किए गए वैदिक मंत्रो के उच्चारण व विधि विधान पूजन के तत्पश्चात कैन करियर मे गन्ना डाल कर किया गया।

जानकारी के अनुसार 27 नवंबर को बजाज चीनी मिल इटई मैदा में गन्ना पेराई सत्र 2024 25 का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विश्व विधान के साथ पूजन अर्चन करके किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं प्रसाशनिक अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर देवी पाटन मंडल के उप गन्ना आयुक्त डॉ आर.बी. राम, उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह, जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार, गन्ना समिति अध्यक्ष बलरामपुर रंजू सिंह, गन्ना समिति उतरौला के अध्यक्ष तोता राम, विधायक प्रतिनिधि चन्दन मिश्रा, पूर्व विधायक अनवर महमूद, पूर्व विधायक जगराम, पूर्व विधायक शैलेन्द्र सिंह, सचिव गन्ना समिति बलरामपुर अविनाश सिंह, सचिव तुलसीपुर रविंद्र बाबू एवं प्रगति शील किसान चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, पूर्व प्रधानचार्य जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय उपस्थित थे।

इकाई प्रमुख राकेश यादव व गन्ना महा प्रबंधक डॉ आर पी साही ने प्रथम बैलगाड़ी किसान बृजलाल एवं ट्राली कृषक अगयाराम यादव को सम्मानित किया। इस अवसर पर एचआर हेड बृजेश चंद्र मंडल, इंजीनियरिंग हेड कोमल सिंह, प्रोडक्शन हेड राघवेंद्र श्रीवास्तव, अकाउंट हेड विनोद सिंह, कॉपरिट कम्युनिकेशन केपी सिंह, अशोक पांडे, डॉ विक्रमादित्या प्रधान उपस्थित थे। इकाई प्रमुख राकेश यादव ने कहा कि चीनी मिल 36 गन्ना क्रय केंद्रों गन्ना तौल करेंगी।

## महाराष्ट्र में महायुति को मिले प्रचंड बहुमत से व्यापारी खुश

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**

महाराष्ट्र में महायुति को मिले प्रचंड बहुमत और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में भाजपा को विस की नौ में से सात सीटों पर जीत मिली है। महाराष्ट्र में भाजपा का स्ट्राइक रेट 89 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में करीब 80 प्रतिशत रहा है। महाराष्ट्र में मिली बंपरजीत और यूपी में मिली बेहतरीन कामयाबी से यहां भाजपा नेता और कार्यकर्ता बेहद खुश हैं। उनका कहना है कि महाराष्ट्र के चुनाव और यूपी के उपचुनाव परिणामों से विपक्षी पार्टियों के नेताओं के चेहरे लटक गए हैं।

विख्यात समाजसेवी और व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिलाध्यक्ष राहुल राठी महाराष्ट्र के चुनाव और यूपी के उपचुनाव परिणामों से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के नेता नाहक भाजपा सरकार को कोसते रहते हैं। विपक्षी सत्ता प्राप्ति का दिन में सपना देखते हैं। जबकि उनकी नीति और सोच जनविरोधी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और भाजपा की प्रदेश सरकारों ने जो कल्याणकारी योजनाएं चला रखी है। महाराष्ट्र और यूपी के उपचुनाव के परिणाम उन्हीं की देन है। बोले, टीम मोदी को सेल्यूट। वरिष्ठ व्यापारी नेता और व्यापारी सुरक्षा फोरम के मंडल सहसंयोजक पदम सोलंकी महाराष्ट्र के चुनाव और यूपी के उपचुनाव परिणामों से गदगद हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने महाराष्ट्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि अकेली भाजपा का प्रदर्शन देखें तो उसने बेजोड़ प्रदर्शन किया है। भाजपा की महाराष्ट्र में 89 और यूपी में करीब 80 प्रतिशत का स्ट्राइक रेट भी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के करिश्माई नेतृत्व की जीत है। बधाई, मोदी जी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री चंद्र प्रकाश तायल ने कहा कि महाराष्ट्र में विपक्षी पार्टियों को वहां के मतदाताओं ने नकार दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता करते कुछ है नहीं और सत्ता की फसल काटने की उम्मीद करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होता। मतदाता उसे ही चुनते हैं जो उनके सुख दुख में खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि चुनाव कल्याणकारी योजनाओं के सफल संचालन और क्रियान्वयन से जीता जाता है। थोथी घोषणाओं से नहीं। व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगर अध्यक्ष नवीन कुमार गर्ग बिंदा वाले महाराष्ट्र और यूपी में भाजपा की बंपर जीत से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटोगे तो कटोगे के नारे ने मतदाताओं को प्रभावित किया है।

# सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चों ने अ.भा. कला प्रतियोगिता में लहराया परचम

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने **अखिल भारतीय** स्तर पर आयोजित की गई कला प्रतियोगिता **रंगोत्सव** में परचम लहराते हुए जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता की जारी मेरिट में सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चों ने उच्च स्थान प्राप्त किया है। माता, पिता, अध्यापक, मैनेजेंट और बच्चे सभी सफलता पर प्रसन्न दिखाई दिए। विजेता ट्रॉफी पाकर बच्चों के चेहरे खिले उठे।

जानकारी के अनुसार 27 नवंबर को जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल के प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय स्तर कला प्रतियोगिता रंगोत्सव, मुंबई, महाराष्ट्र द्वारा आयोजित की गई कला प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी, इनाम, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल आसिम रूमी ने बताया कि प्रतियोगिता में गुरुजनो ने कई स्तरों पर बच्चों के कौशल को परखा गया जिसमे प्रमुख तौर पर रंगों का चुनाव ब्रश दक्षता, कल्पना एवं परिपक्वता, लेख कुशलता तथा रंगों के माध्यम से अभिव्यक्ति विशेष रूप से परखे गए। उन्होंने बताया कि विगत सितम्बर माह में आयोजित की गई इस कला प्रतियोगिता देश के लगभग सभी शहरों में आयोजित की गई। सेंट जेवियर्स में प्रतियोगिता इंचार्ज कंचन श्रीवास्तव के सफल मार्गदर्शन में विद्यालय के कई होनहार बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से राष्ट्रीय स्तर पर कई बच्चों को अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में आर्ट एंड कलरिंग वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर क्लास तृतीय बी की हुमेरा फातिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में कक्षा द्वितीय ए की शिवांशी अग्रवाल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के आयोजन में कंचन श्रीवास्तव, जया मिश्रा, शाहिदा, मनमोहन ओझा एवं अमित कुमार ने विशेष योगदान दिया। प्रार्थना सभा में प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का मंच संचालन रिजवाना सिद्दीकी के द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य आसिम रूमी, समन्वयक राजेश जायसवाल, आफाक हुसैन, संगीता सरकार एवं रेखा ठाकुर के द्वारा बच्चों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रूमी ने अपने वक्तव्य में बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की मंगलकामना की। इस अवसर पर जया मिश्रा, लईक अंसारी, सामंतो, अमित व कंचन श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

# एनसीसी कैंप में दी गई सड़क स्वास्थ्य सुरक्षा की जानकारी



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में 51 वीं यू पी बटालियन एन सी सी बलरामपुर के तत्वावधान में सिरसिया श्रावस्ती के बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय में चल रहे आल इंडिया ट्रैकिंग कैम्प द्वितीय के छठवें दिन बुधवार को सड़क व स्वास्थ्य सुरक्षा मंत्र के साथ कैम्प का शुभारंभ हुआ। इस दौरान कैडेटो ने बाबा विभूतिनाथ का दर्शन किया।

जानकारी के अनुसार 27 नवंबर की सुबह कैम्प कमांडेंट कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल के निर्देशन में सुहेलवा, राप्ती, श्रावस्ती, थारू और देवीपाटन ग्रुप के केडेट्स अपने एन सी सी अधिकारी, पीआई स्टाफ के साथ अपने निर्धारित मार्गो पर ट्रैकिंग के लिए प्रस्थान किये। कैडेटो ने बाबा विभूतिनाथ मंदिर पर पहुँचकर भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। वहां के पुजारी ने कैडेटो को बाबा विभूतिनाथ की पौराणिकता से परिचित करते हुए बताया कि मान्यता के अनुसार विभूतिनाथ मंदिर में शिवलिंग की स्थापना पांडव पुत्र भीम ने अपने वनवास के अंतिम चरण में की थी। और यहीं से अज्ञात वास के लिए चले गए थे। यह भी बताया कि विभूतिनाथ के उत्तर स्थित यक्ष सरोवर जिसे अब रजिया ताल कहा जाता है। यहीं पर युधिष्ठिर और यक्ष का शास्त्रार्थ हुआ था। जिससे प्रसन्न होकर यक्ष ने सभी भाईयों को जीवनदान दिया था। और पांडव पुत्रों को अज्ञात वास के लिए विराट नगरी का पता बताया था। जिसके बाद पता चलने पर दुर्योधन और कर्ण पांडवों को खोजते हुए द्वैतवन में आए थे। और विभूतिनाथ मंदिर के आस पास रमणीक स्थान देख कर कुछ समय रुक कर तपस्या भी की थी। और पानी की किल्लत को देखते हुए कर्ण ने भगवान शिव से पानी के लिए प्रार्थना की थी। इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने मंदिर के पास दो जलस्रोत उत्पन्न किए। इस अवसर पर विभिन्न निदेशालय के एन सी सी अधिकारी व पीआई स्टाफ मौजूद रहे।

### आरक्षण के लिए हिंदू छात्रों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

डीएस कॉलेज, एसवी कॉलेज, जिले के विभिन्न गांवों से छात्र और युवा तस्वीर महल स्थित राजा महेंद्र प्रताप पार्क में एकत्र हुए। यहां से करीब 500 छात्रों ने जुलूस के रूप में यूनिवर्सिटी सर्किल की तरफ कूच शुरू किया तो पुलिस ने इन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन ये पुलिस को पीछे हटा पैदल मार्च करते आगे बढ़ते गए।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में आरक्षण का मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है। एससी-एसटी व ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को आरक्षण देने की मांग करते हुए 26 नवंबर को हिंदू छात्रों ने एएमयू सर्किल के लिए कूच किया। इस दौरान पुलिस ने इन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन ये धक्का-मुक्की करते हुए आगे बढ़ गए। पुलिस अधिकारियों से नोकझोंक भी हुई। एएमयू सर्किल पर पहुंचकर इन्होंने दो घंटे तक नारेबाजी और प्रदर्शन किया। 26 नवंबर सुबह एएमयू आरक्षण संघर्ष मोर्चा के बैनर तले डीएस कॉलेज, एसवी कॉलेज, जिले के विभिन्न गांवों से छात्र और युवा तस्वीर महल स्थित राजा महेंद्र प्रताप पार्क में एकत्र हुए।

# योग से शुरू हुआ भारत स्काउट गाइड के दूसरे दिन का प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में बुधवार भारत स्काउट गाइड द्वारा रोवर्स रेंजर्स के लिए आयोजित हो रहे पांच दिवसीय प्रवेश निपुण जांच शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत योगाभ्यास से कराया गया।

जानकारी के अनुसार 27 नवंबर को प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय के निर्देशन में रोवर्स रेंजर्स का दूसरा दिन योग से शुरू किया गया। योग कराने वाले जरवा के आनंद मार्ग से योग प्रशिक्षक आचार्य रागानुगानंद आचार्य मेधदीपानंद ने शिविर के दौरान रोवर्स रेंजर को वज्रासन, पद्मासन, धनुरासन, शिव तांडव, सर्वांगसन एवं अन्य विभिन्न प्रकार के आसन के द्वारा योग की शिक्षा दी। इस दौरान प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय, डॉ आलोक शुक्ला असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विभाग, डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन शास्त्र, डॉ पवन कुमार सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर बीबीए, डॉ राहुल बिसेन विभागाध्यक्ष बीबीए, डॉ सुनील कुमार शुक्ला असिस्टेंट प्रोफ़ेसर मनोविज्ञान, डॉ के पी मिश्रा असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य, डॉ पी एन पाठक प्रोफेसर वाणिज्य, डॉ के के सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य, अभिषेक सिंह अध्यक्ष बीएसए, मसूद मुराद व रमेश गुप्ता ने भी योग किया। प्राचार्य डॉ पाण्डेय के साथ रोवर प्रभारी डॉ एस के त्रिपाठी तथा रेंजर प्रभारी डॉ वंदना सिंह ने आनंद मार्ग जरवा से आए हुए योग प्रशिक्षक आचार्य रागानुगानंद एवं आचार्य मेधदीपानंद को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात संतोष कुमार यादव ट्रेनर तथा बलरामपुर के डीओसी सिराजुलहक एवं डॉ एस के त्रिपाठी प्रभारी रोवर्स ने भारत स्काउट गाइड का ध्वज शिष्टाचार किया। दूसरे दिन की शुरुआत सिराजुल डीओसी बलरामपुर एवं ट्रेनर संतोष कुमार के द्वारा स्काउट गाइड का इतिहास, वर्दी, झंडा की बनावट तथा कैंप फायर की जानकारी दी गई। डॉ आशीष कुमार लाल असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति शास्त्र, डॉ अनामिका सिंह विभाग अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, डॉक्टर देवेंद्र कुमार चौहान असिस्टेंट प्रोफेसर शिक्षा शास्त्र, विभाग डॉ सुनील कुमार मिश्रा असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन शास्त्र, मणिका मिश्रा असिस्टेंट प्रोफेसर गृह विज्ञान विभाग, डॉ श्रद्धा सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी, डॉ रमेश शुक्ला विभाग अध्यक्ष अंग्रेजी, डॉ अभय नाथ ठाकुर असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी, डॉ कृतिका तिवारी असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञान सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नसीरुद्दीन शाह ने हिंदी में शिर्षित हर इंडियन के साथ जुड़ेंगे, उड़ेंगे कैंपेन एड फिल्म के लिए अपनी आवाज दी है

## श्रीराम फाइनेंस ने राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर शुरू किया प्रेरक कैंपेन '#टुगेदर, वी सोअर'

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

देश की प्रमुख वित्तीय सेवा प्रदाताओं में से एक, श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने ष्टुगेदर, वी सोअर, शिर्षित एक बेहद प्रेरक ब्रांड कैंपेन प्रारंभ किया है। यह कैंपेन, परस्पर संबंध और एकता की ताकत पर प्रकाश डालते हुए, श्रीराम फाइनेंस की भारत की उम्मीदों के साथ साझेदारी की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

आज, कई भारतीय सिद्धांत को अपना रहे हैं, जो सफलता की अपनी यात्रा में किसी भी चुनौती को पार करने की आकांक्षा को दर्शाता है। इस कैंपेन का उद्देश्य इस भावना का जश्न मनाना और राहुल द्रविड़ के अपने जीवन के एक अंश के साथ साझेदारी को आगे बढ़ने के साधन के रूप में दर्शाना है। संदेश स्पष्ट है, टुगेदर, वी सोअर, अपने ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत बनाकर, हम उन्हें अपनी शक्ति को पहचान कर, अपने सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करते हैं।

कैंपेन को प्रेरणात्मक बनाने वाली स्टार पॉवर- कैंपेन में क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़ ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हैं, जो टीमवर्क और दृढ़ता के मूल्यों को दर्शाते हैं, जिसका श्रीराम फाइनेंस भी समर्थन करता है। उनकी उपस्थिति, विकास को प्रेरित करने वाली साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

अभियान के प्रभाव को और बढ़ाते हुए, प्रसिद्ध अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने हिंदी एड फिल्म हर इंडियन के साथ- जुड़ेंगे-उड़ेंगे के संस्करण में




अपनी आवाज दी है। 50 से अधिक वर्षों तक फिल्मों में अभिनय और निर्देशन करने वाले, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार विजेता को भारतीय सिनेमा में उनके विशेष योगदान के लिए कई पुरस्कार मिले हैं। श्रीराम फाइनेंस के संदेश के लिए उनकी शक्तिशाली आवाज़, सार्थक साझेदारी के माध्यम से व्यक्तियों को उनके सपनों को प्राप्त करने में मदद करने के समर्पण पर ज़ोर देती है।

इस अभियान में तेलुगु संस्करण के लिए अकादमी पुरस्कार विजेता के. एस. चंद्रबोस द्वारा बोल लिखे गए है और तमिल संस्करण के लिए प्रशंसित गीतकार मधन कर्की द्वारा बोल लिखे गए हैं, जिससे विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों के साथ जुड़ना संभव होगा।

राष्ट्रव्यापी पहल- व्यापक 360-डिग्री मीडिया दृष्टिकोण के साथ, ष्टुगेदर, वी सोअर अभियान प्रिंट, डिजिटल, टेलीविज़न, सोशल मीडिया और आउटडोर प्लेटफॉर्म के साथ-साथ पूरे भारत में चुनिंदा सिनेमाघरों के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचेगा। अगले दो महीनों में, अभियान को देश भर में प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें विविध शहरी और ग्रामीण दर्शकों को लक्षित किया जाएगा, ताकि श्रीराम फाइनेंस की वित्तीय यात्रा के हर चरण में ग्राहकों के साथ साझेदारी करने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया जा सके। श्रीराम फाइनेंस ने प्रो कबड्डी लीग के साथ भी भागीदारी की है और दर्शक पीकेएल के दौरान यह विज्ञापन देख सकेंगे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण और वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पर्यावरण समिति व जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गई। जानकारी के अनुसार 27 नवंबर को जिला पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक में डीएम जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने वृक्षारोपण अभियान 2025 हेतु वृक्षारोपण स्थलों का चिन्हीकरण, जियो टैगिंग, जिला वेटलैंड समिति के माध्यम से नए वेटलैंड का चयन, नगरीय क्षेत्रों में पार्क व ओपन स्पेस के माध्यम से हरित क्षेत्र को बढ़ाए जाने हेतु उपवन योजना, नगर निकायों में अपशिष्ट प्रबंधन, बायोमेडिकल वेस्ट, इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का मानक अनुरूप निस्तारण की समीक्षा की गई। बैठक में डीएम ने सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु एमआरएफ सेंटर शीघ्र संचालन प्रारंभ किए जाने का निर्देश दिया। इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट के निस्तारण हेतु निकलने वाले इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का सटीक आकलन हेतु सर्वे किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान हेतु समस्त विभागाध्यक्ष तैयारियां शुरू कर दें एवं स्थान आदि का चिन्हीकरण कर लें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, डीएफओ, सीएमओ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला पूर्ति अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इंतजार की घड़ियां हुई खत्म : भुरजुनिया पीडब्ल्यूडी मार्ग को मिली स्वीकृति, करोड़ों रुपये के बजट से होगा मार्ग का निर्माण

■ रामनगर-नेहरु नगर-भुरजुनिया पीडब्ल्यूडी मार्ग पर चलना था मुश्किल स्वीकृति मिलने से क्षेत्र में दौड़ी खुशी की लहर

जन एक्सप्रेस । अजय शर्मा



संपूर्णानगर मुरैना गौढ़ी मार्ग से रामनगर नेहरु नगर होते हुए एनपीडीपी मार्ग तक अन्य जिला मार्ग लंबाई लगभग नौ किमी चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की प्रशासकीय एवं वित्तीय 23 करोड़ 28 लाख 24 हजार रुपये की स्वीकृति शासन ने प्रदान कर दी है। शीघ्र ही उपरोक्त मार्ग का निर्माण कार्य होगा। -अनूप कुमार, अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग पीलीभीत

**हजारा (पूरनपुर)।** ट्रांस शारदा क्षेत्र में बड़े बजट से बनने वाली पीडब्ल्यूडी मार्गों के कड़ी में एक कड़ी और जुड़ गयी है।अब इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई है सरकार ने रामनगर से होते हुए नेहरू नगर भुरजुनिया पीडब्ल्यूडी मार्ग के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है।शीघ्र ही करोड़ों रुपये के बड़े बजट से भुरजुनिया मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।मार्ग की स्वीकृति मिलने की जानकारी पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। ट्रांस शारदा क्षेत्र के रामनगर से होते हुए नेहरु नगर भुरजुनिया पीडब्ल्यूडी मार्ग टूट-फूट कर क्षतिग्रस्त हो गया था उक्त मार्ग से राहगीरों छात्र छात्राओं दो पहिया व चार पहिया वाहनों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था इस मार्ग को बनवाने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण काफी समय से मांग करते आ रहे थे।ग्रामीणों की मांग और सड़क की आवश्यकता को समझते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग पीलीभीत के अधिकारी भी उक्त मार्ग के संबंध में आवश्यक लिखा-पढ़ी कर शासन को प्रेषित कर रहे थे।क्षेत्रीय भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के प्रयास व क्षेत्र की जनता की लगातार मांग और पीडब्ल्यूडी विभाग पीलीभीत के अधिकारियों की सकारात्मक पहल से शासन ने रामनगर से होते हुए नेहरु नगर भुरजुनिया पीडब्ल्यूडी मार्ग के निर्माण कार्य के लिए बड़े बजट का प्राविधान करते हुए मार्ग निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी है।काफी समय से मार्ग निर्माण की आस लगाएं बैठे ग्रामीणों को मार्ग निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने की जानकारी लगते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।यहां बता दें कि पूर्व में करोड़ों रुपये के बड़े बजट से पीडब्ल्यूडी मार्ग मुरैना गौढ़ी पीडब्ल्यूडी अतिथि गृह से मुरैना गांधीनगर,आजाद नगर,शांतिनगर,चीनी मिल मार्ग से होते हुए संपूर्णानगर खीरी तिराहे तक शासन से स्वीकृति मिल चुकी है जिसका निर्माण कार्य भी वर्तमान में चल रहा है। ट्रांस शारदा क्षेत्र की उक्त दोनों सड़कें बन जाने से ग्रामीणों को हिचकोलों से राहत मिल जाएगी।

# सरकारी-प्राइवेट चिकित्सकों को फायर विधुत से संबंधित उपकरणों को लेकर किया निर्देशित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

झांसी मेडिकल कॉलेज में हुयी दुर्घटना के दृष्टिगत निदेशक सी0एच0सी0 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर जनपद के समस्त सरकारी चिकित्सालयों/प्राइवेट चिकित्सालयों को फायर/विद्युत से सम्बन्धित उपकरणों एवं अन्य पक्षों के उपयोग एवं अनुरक्षण किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित कर दिया गया है। जिला अग्निशमन अधिकारी एवं सहायक निदेशक विद्युत को भी इस सम्बन्ध में सूचित कर दिया गया है। वह समस्त सरकारी चिकित्सालयों के अतिरिक्त प्राइवेट चिकित्सालयों में विद्युत उपकरणों/तार/स्विच/एम0सी0बी0/वोल्टेज कनेक्शन प्वाइन्ट/बल्ब आदि का यथोचित अनुरक्षण कराया जायें। चिकित्सालय परिसर में अव्यवस्थित/ढीले/कि याशील तारों/स्विच को तत्काल प्रभाव से व्यवस्थित एवं उपयोगी बनाया जायें। परिसर के समस्त वोल्टेज कनेक्शन प्वाइन्ट जैसे हीटर, ए0सी0 एवं अन्य भारी उपकरणों को चिन्हित किया जायें तथा वहां समुचित वोल्टेज की उपलब्धता सुनिश्चित किया जायें, साथ ही चिकित्सालय परिसर के समस्त एम0सी0बी0, जोकि क्रियाशील है, उनका अनुरक्षण कराया जायें, साथ ही अक्रियाशील एम0सी0बी0 को तत्काल बदला जायें। समस्त विद्युत उपकरणों जैसे जेनरेटर आदि का समय-समय पर अनुरक्षण कराया जायें। चिकित्सालय परिसर में फायर एक्सटिंग्विसर स्थापित हो, तथा उनके उपयोग हेतु दिशा-निर्देश अंकित किये जायें जो पठनीय तथा स्पष्ट हों। परिसर में स्थापित फायर एक्सटिंग्विसर के उपयोग हेतु दिशा निर्देश में सम्बन्धित फायर एक्सटिंग्विसर की समाप्ति तिथि भी स्पष्ट रूप से अंकित की जायें, जिन उपकरणों की तिथि समाप्त हो चुकी हो, उन्हें त्वरित बदला जायें। चिकित्सालय में अग्निशमन कार्यों से सम्बन्धित कर्मियों के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित कर लिया जायें कि अच्छी तरह से प्रशिक्षित हों। चिकित्सालय परिसर में अग्नि एवं ऊष्मा से सम्बन्धित स्थलों को चिन्हित किया जायें तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित किया जायें, यह भी सुनिश्चित किया जायें कि जो स्थान अग्नि एवं ऊष्मा से सम्बन्धित कार्यों के लिये निर्धारित है, केवल वहीं उनका उपयोग हों। मरीज एवं उनके तीमारदारों को चिकित्सालय परिसर में अग्नि एवं ऊष्मा से सम्बन्धित उपकरणों को न लाने दिया जायें। फायर एनओसी तथा विद्युत सुरक्षा प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/आई0एम0ए0 अध्यक्ष/सचिव को भी सूचित कर दिया गया है, वह अग्निशमन विभाग/विद्युत सुरक्षा विभाग से सम्बन्धित कार्य पूर्ण कराने के उपरान्त एन0ओ0सी0 भी प्राप्त करना सुनिश्चित करे। सरकारी चिकित्सालयों में उक्त कार्य कराये जाने हेतु आवश्यकतानुसार व्यय रोगी कल्याण समिति से किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को यह भी निर्देश दिये गये है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में जाकर प्राइवेट चिकित्सालयों का सघन चेकिंग अभियान करें कमियां पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है, समस्त कमियों को सात दिवस के अंदर निराकरण करने हेतु भी निर्देशित किया गया है, उक्त का अनुपालन न करने पर सम्बन्धित चिकित्सालयों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी तथा सप्ताह भर के अंदर रिपोर्ट न आने पर जिला मुख्यालय से एक सचल टीम द्वारा सम्बन्धित्तों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रतिष्ठान स्वामी की होगी। अधिक जानकारी के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बाघ की चहलकदमी से राहगीरों की सिट्टी-पिट्टी हुई गुम, क्षेत्र में दहशत का माहौल

जन एक्सप्रेस। हजारा (पूरनपुर)। बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज क्षेत्र एवं हजारा थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर दिन दहाड़े बाघ की चहलकदमी से राहगीरों की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई तो वहीं क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर बाघ की निगरानी शुरू कर दिया है। बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज एवं हजारा थाना क्षेत्र के गांव शांतिनगर पीडब्ल्यूडी मार्ग पर रिंकू शर्मा के खेत के पास दिन दहाड़े बाघ की चहलकदमी और मार्ग पर निकलने से बाघ को देखकर राहगीरों की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई और वाहनों के पहिए जहां के तहां थम गये। राहगीरों ने संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार को सूचना दिया जिस पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर बाघ की निगरानी शुरू कर दिया और बाघ की लोकेशन ट्रेस कर उसे पकड़ने व खदेड़ने के लिए टीम जुट गई।यहां बता दें कि इससे पहले दो बार कबीरगंज मुरैना गौढ़ी पीडब्ल्यूडी मार्ग पर भी बाघ राहगीरों पर झपट्टा मार चुका है। क्षेत्र में बाघ व तेंदुओं की बढ़ती चहलकदमी से राहगीरों,ग्रामीणों,पशुपालकों,कृषकों में दहशत का माहौल बना हुआ है।वन विभाग की टीम बाघों व तेंदुओं को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है मगर सफलता नहीं मिल सकी है। उधर बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया है कि ग्रामीण सतकर्ता बरतें और समूह के साथ खेत खलिहान जायें और शोर-शराबा करते रहें।वन विभाग की टीम बाघ एवं तेंदुओं की लगातार निगरानी कर रही है और उसे पकड़ने का प्रयास कर रही है।

### पति-पत्नी की घेराबंदी कर पांच लोगों ने पति को किया गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। विकासखंड क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पांच लोगों ने दलित दंपति को खेत से वापस आते समय रास्ते में घेराबंदी कर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाली में पंजीकृत कराई गई प्राथमिकी में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चटिया सेवाराम निवासी कमला देवी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि वह अपने पति अनिल कुमार के साथ खेत से दोपहर 3:30 बजे अपने घर वापस आ रही थी इसी समय पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही रामआीतार श्रीपाल, प्रेमपाल, सुनील व सत्यदेव निवासी चटिया सेवाराम ने जान से मारने की नीयत से कमला देवी के पति अनिल कुमार को घेर लिया और हमला कर दिया इस दौरान उन्होंने उनके माथे पर बांका प्रहार किया जिससे वह लहू लोहान होकर खेत में बेहोश होकर गिर गए महिला जान बचाकर भागी तो उक्त लोगों ने उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए भविष्य में जान से मारने की धमकी दी और गंदी गंदी गालियां दी महिला के चिल्लाने पर आसपास के लोगों को मौके पर एकत्र होता देख उक्त सभी हमलावर भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए पीड़ित महिला ने उक्त पांचो लोगों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर प्राथमिकी पंजीकृत कराई है पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

### एचडीएफसी बैंक के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक पर एचडीएफसी बैंक के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।इस दौरान रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। रक्तदान को महादान के रूप में संजोए एचडीएफसी बैंक ने बुधवार को जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया।इस दौरान चिकित्सालय के सीएमएस डाक्टर के के राय ने उद्घाटन सत्र पर रक्तदान को महान कार्य बताते हुए रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया साथ ही इस कार्य में अहम भूमिका निभाने के लिए एचडीएफसी बैंक के लोगों को बधाई दी। शिविर का शुभारंभ फीता काट कर किया गया इस दौरान वरिष्ठ सर्जन डाक्टर एस पी त्रिपाठी समेत आपरेशन मैनेजर राजीव कुमार, पंकज पांडेय, अभिषेक यादव,निधि पांडेय, प्रशांत, अभिषेक सिंह समेत जिला चिकित्सालय की टीम और अन्य लोग मौजूद रहे।

### निपुण एसेसमेंट परीक्षा का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। शाहगंज/सुईथाकला। शिक्षा क्षेत्र में परिषदीय प्राथमिक स्कूल के कक्षा एक से तीन तक के बच्चों का शैक्षिक आकलन करने के लिए ओएमआर शीट के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में निपुण एसेसमेंट परीक्षा का आयोजन हुआ।इस दौरान नामांकन के सापेक्ष 98.64प्रतिशत बच्चे उपस्थित पाए गए। शासन की मंशा के क्रम में बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल के निर्देशन में उक्त परीक्षा का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश सिंह और एआरपी के पर्यवेक्षण में हुआ। परीक्षा के पहले चरण में शिक्षा क्षेत्र के अशोकपुर खुर्द,मयारी,एकडला,डीह असरफाबाद, सदरुद्दीनपुर,भरारी और रामनगर समेत तमाम स्कूलों में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों का शैक्षिक आकलन किया गया। सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने में खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश सिंह समेत एआरपी पंकज सिंह, त्रिवेणी प्रसाद बिन्द, मनोज सिंह व एजाज अहमद को तीन तीन न्याय पंचायतों का प्रभार सौंपा गया था इस दौरान बच्चों द्वारा बताए गए विकल्प के आधार पर शिक्षकों द्वारा ओएमआर शीट भरी गई। परीक्षा में नामांकन के सापेक्ष 98.64बच्चे उपस्थित रहे।

# नोडल अधिकारी ने छुट्टा जानवरों को लगाए रिफ्लेक्टर

■ 11 छुट्टा जानवरों के सींगों में रिफ्लेक्टर लगाकर सड़क दुर्घटनाओं को कम किया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



नोडल अधिकारी इन्तजार खान के द्वारा किया गया जिसमें सड़क पर बैठे लगभग 12 छुट्टा जानवरों को रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य किया

यातायात माह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में सड़क सुरक्षा के अंतर्गत सड़कों पर छुट्टा जानवरों को रिफ्लेक्टर लगाकर रात के समय में जानवरों के द्वारा होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से छुट्टा जानवरों को रिफ्लेक्टर लगाकर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जानवरों को रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य जिला सड़क सुरक्षा गया। जिला नोडल सड़क सुरक्षा इन्तजार खान ने बताया कि रात के समय में सड़कों पर छुट्टा जानवरों के द्वारा दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं क्योंकि रात में जानवर सड़कों पर आकर बैठ जाते हैं और दो पहिया वाहनों एवं चार पहिया वाहन चालकों को दिखाई नहीं देता है और वह दुर्घटना का शिकार होते हैं अब रात में इन जानवरों को रिफ्लेक्टर लगाया गया है जो रात के समय में वाहनों की लाईट लगने पर इनके सींगों पर लगा रिफ्लेक्टर पीला पीला दिखाई देगा जिससे वाहन चालक दूर से देखकर अपने वाहन को बचाने एवं दुर्घटना का शिकार होने से बच जायेंगे।

# शाहगंज व खुटहन में 8.34 करोड़ की लागत से बनेंगे दो कस्तूरबा आवासीय विद्यालय : रमेश सिंह

■ गरीब तबके की बच्चियों को मिलेगा निःशुल्क शिक्षा, भोजन व आवास

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



शाहगंज तहसील क्षेत्र में आठ करोड़ चौंतीस लाख की लागत से दो कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निर्माण होगा। बुधवार को विधायक रमेश सिंह ने दोनों विद्यालयों का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। श्री सिंह ने इस दौरान दोनों स्थानों पर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की विशेष कृपा से शाहगंज का विकास गति पकड़ चुका है। जनपद में एकमात्र शाहगंज ही ऐसी विधानसभा है जहां पर 8.34 करोड़ की लागत से खुटहन के ग्राम सभा तिसौली स्थित प्राथमिक विद्यालय, एवं आर्यनगर में प्राथमिक विद्यालय बड़ौना में एक-एक कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। दोनों निर्माण कार्य क्रमशः 4 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से बनना है। कुल 8 करोड़ 34 लाख से निर्माण कार्य होगा। समान लागत से बन रहें दोनों का नक्शा एक तरह का ही है। जिसमें समाज के गरीब तबके की बच्चियों को निःशुल्क शिक्षा के साथ ही आवास व भोजन की व्यवस्था मिलेगी। इस दौरान उन्होंने शाहगंज में कराए जा रहे अन्य विकास कार्यों की भी चर्चा की। कार्यक्रम में खुशीराम मिश्र, प्रधान ओम प्रकाश यादव, सुरेंद्र निषाद, पंचम बिंद, सुधीर सिंह बब्लू, वेद प्रकाश जायसवाल, धीरज पाटिल, वंश बहादुर पाल, अशोक बिंद, अजय सिंह राजू, रविकांत विश्वकर्मा, प्रधान कृष्ण चंद गौतम, वार्डेन एकता नीलम, किरण मौर्या व पूजा सिंह आदि मौजूद रहे।

### मकान का ताला तोड़कर जेवर नगदी समेत 80 लाख की चोरी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्दीकपुर गांव में एक मकान में चोरों ने मंगलवार की रात में मुख्य गेट का ताला तोड़कर नगदी करीब 1 किलो सोना व 2 किलो चांदी के जेवरात उठा ले गए। सूचना पर भारी संख्या में पुलिस पहुंच गई। सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। आशंका है कि पेशेवर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। फॉरेंसिक व डाग स्क्वायड टीम पहुंचकर घटना का छानबीन किया। सिद्दीकपुर निवासी दुष्यंत सिंह मंगलवार की शाम पड़ोस में ही बब्लू सिंह के घर मिलने के लिए चले गए थे और उनकी पत्नी रेनू सिंह बड़े बेटे के साथ खुद को दवा लेने के लिए शहर चली गई थी। इसी मौके का फायदा उठाकर आसपास के पेशेवर चोरों ने करीब 7 बजे के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और कमरों में घुसकर अलमारी अटैची लाकर तोड़कर उसमें रखे सोने के करीब एक किलो आभूषण व चांदी के करीब 2 किलो आभूषण एक लाख नगदी उठाकर ले गए। इसके अलावा चोरों ने कुछ ले जाने से परहेज किया।

# ट्रेन से गिरकर मां सहित दो बच्चे भी हुए घायल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





महिला अपने पति व बच्चों के साथ मायके जा रही थी तभी बीसलपुर प्लेटफार्म पर उसका बच्चा गिर गया बच्चाको पकड़ने के लिए वह अपनी छोटी बच्ची को लेकर उतर रही थी तभी वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। थाना गजरौला के गांव बागन निवासी सत्यवती अपने पति अशोक पुत्र निखिल नौ वर्ष पुत्री सैजल 3 वर्ष के साथ अपने मायके मिल्किया गोटिया जा रही थी वह बरखेड़ा से ट्रेन में सवार हुई उसका पति टिकट लेकर पीछे डब्बे में बैठ गया सत्यवती अपने बच्चों को लेकर दूसरे डब्बे में बैठी हुई थी उसे लगा कि उसका पति ट्रेन में नहीं है चेकिंग होने पर वह पकड़ी जाएगी इसीलिए ट्रेन के गेट पर खड़ी होकर वह अपने पति को देख रही थी इतने में उसके पुत्र का पैर फिसल गया और वह गिर गया जिसे पकड़ने के लिए वह अपनी पुत्री को गोद में लेकर उतर रही थी चलती ट्रेन से उतरने पर वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया फिलहाल तीनों घायलों का उपचार जारी है।

# नेपाल के अधिकारियों को कराई गई जंगल की सवारी, दोनों देशों ने टूरिज्म के लिए दिया जोर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





बुधवार को चूका इको टूरिज्म स्पॉट पर भारत नेपाल जैव विविधता संरक्षण ब्रेटक का आयोजन किया गया। जिसमें नेपाल की ओर से आए अधिकारियों को जंगल का भ्रमण कराया गया कॉरिडोर प्रबंधन और वन्य जीव भ्रमण पर चर्चा की गई। नेपाल राष्ट्र की ओर से राम बिचारी ठाकुर डीएफओ कंचनपुर, चीफ वार्डन अधिकारी शुक्ला फाटा राष्ट्रीय निकुंज नेपाल, मनोज के शाह, लव बिष्ट अध्यक्ष बफर जोन मैनेजमेंट काउंसिल, लक्ष्मी राज जोशी एन टी एन सी संरक्षण अधिकारी तथा भारत की ओर से प्रभारीय वनाधिकारी मनीष सिंह डिप्टी पीलीभीत टाइगर रिजर्व, डिप्टी कमांडेंट एसएसबी अजय बहादुर सिंह ,नरेश कुमार सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर डब्ल्यू डब्ल्यू एफ, प्रोजेक्ट ऑफिसर देवल कलम, कृतिका भावे मुख्य रूप से उपस्थित रहे हैं। बैठक में मुख्य रूप वन्य जीवों की सुरक्षा पर चर्चा। संयुक्त गस्त पर चर्चा, पर्यटन में सहयोग पर चर्चा, समुदाय की सहभागिता से संरक्षण पर चर्चा, स्थानीय व उच्च स्तरीय बैठक को लगातार करने पर चर्चा, कॉरिडोर प्रबंधन पर चर्चा, वन्य जीवों के भ्रमण पर चर्चा, दोनों देशों के वनाधिकारियों ने टूरिज्म को बढ़ावा देने में सहयोग करने के साथ वन्यजीवों के आवागमन की सूचना साझा करेंगे जिससे मानव वन जीव संघर्ष काम हो। बॉर्डर क्षेत्र की समितियां के साथ समन्वय कर वन जीव संरक्षण किया जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ है कि वन विभाग एस एस बी के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाएं जाएंगे।

# क्षतिग्रस्त मार्गों एवं पुल-पुलियों की मरम्मत न कराये जाने पर राज्यमंत्री ने जताई नाराजगी



■ जिलाधिकारी को पत्र भेज पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने जनपद में बाढ़ वर्षा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़के व पुल/पुलियों की मरम्मत एवं नव निर्माण न कराये जाने पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर इस मामले में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक कर इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जनता दर्शन एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता ने राज्यमंत्री श्री गंगवार को अवगत कराया था कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ वर्षा के दौरान कई जगह पुल/पुलिया एवं सड़के क्षतिग्रस्त हुई है जहाँ से लोगों को आवागमन में खासी असुविधा हो रही है वहीं दुर्घटनाओं की आंशका भी बनी रहती है। इनमें अमरिया क्षेत्र में मझोला से उत्तराखण्ड को जोडने वाली मार्ग पर विरहनी के पास पुलिया क्षतिग्रस्त है इसके अलवा बीसलपुर-बिलसण्डा मार्ग पर कटना नदी का पुराना पुल क्षतिग्रस्त है इसी तरह जनपद के कई मार्गो पर पुल/पुलिया एंव सड़के क्षतिग्रस्त हुई है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते सड़को एंव पुल/पुलियों का न तो निर्माण हुआ है और न ही उनकी विशेष मरम्मत कराई गई है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को पत्र भेज कर कहा है कि बाढ़ वर्षा के दौरान जनपद में क्षतिग्रस्त हुई सड़के एंव पुल/पुलियों का सर्वे कराकर उनको तत्काल विशेष मरम्मत/नव निर्माण कराये जाने की कार्यवाही की जायें ताकि आमजनों को आवागमन में असुविधा न हो साथ ही दुर्घटनाओं को भी टाला जा सकें।

# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर हुए घायल, दोनों को लगी पैर में गोली

■ जफराबाद व लाइनबाजार पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जफराबाद थाना क्षेत्र के बैजाबाद गांव के पास मंगलवार की देर रात को जफराबाद तथा लाइनबाजार पुलिस की संयुक्त टीम तथा पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गयी।जिसमें दो पशु तस्करों के पैर में गोली लगी।दोनों के ऊपर कई जनपदों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। जफराबाद थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव तथा थानाप्रभारी लाइनबाजार सतीश सिंह मय फोर्स मुखबिर की सूचना मिलने पर ऊक्त गांव के पास मौजूद थे।उसी समय एक बॉइक आती हुई दिखाई दी।पुलिस ने जब उसे रोका तो वह भागने लगा।परन्तु पुलिस की घेराबंदी को देखकर बॉइक पर सवार बदमाश पुलिस पर फायरिंग करने लगे।पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग किया।जिसमें दोनो बदमाशों के पैर में गोली लगी।घायल अवस्था मे दोनो को उपचार के लिए ले जाया गया।उनकी शिनाख्त खेतासराय थाना क्षेत्र के सरवरपुर गांव निवासी साहिल पुत्र मुस्तकीम तथा भुडकुड़हा गांव निवासी मोहम्मद दानिश पुत्र मोहम्मद असलम के रूप में हुई।इन दोनों विभिन्न जनपदों में साहिल पर नौ तथा दानिश पर डेढ़ दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज है।दोनो की तलाश में पुलिस काफी दिनों से लगी हुई थी।मुठभेड़ में एस आई निखिलेश तिवारी,ओम प्रकाश यादव,राजेश सेंगर,विपुल राय आदि शामिल रहे। बदमाशों के पास से एक चोरी की बाइक,बारह हजार दो सौ नगद, दो तमंचा,दो खोखा कारतूस,एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

# जान से मारने की धमकी, अधिवक्ताओं में आक्रोश

■ अधिवक्ताओं ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**मछलीशहर।** नगर के चैलहा(चौदह)मोहल्ले के निवासी तहसील अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार मौर्य को जान से मारने की धमकी मिलने से साथी आक्रोशित हो गए।अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ एवं क्षेत्राधिकारी गिरेंद्र सिंह को ज्ञापन देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग किया। कस्वाधिसुआकास की जमीन की पत्थरगड्डी के मामले में मुकदमें में पैरवी करने वाले भुक्तभोगी अधिवक्ता का आरोप है कि मेरे विरुद्ध कोतवाली में विरोधियों द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 326(ई),351(3),126(2)के अंतर्गत फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है।अभी उसकी जांच पड़ताल चल ही रही थी कि मंगलवार की रात 9-25 बजे और 12-03बजे दो नंबरों से फोन कर धमकी दी गई कि मैं लखनऊ सपा कार्यालय से बोल रहा हूं। अमुक मुकदमें पैरवी करना छोड़ दो और रोड़ा मत बनो नहीं तो वकालत का लाइसेंस निरस्त करा दूंगा और तुम्हारे साथ कुछ भी हो सकता है।अधिवक्ता ने अपनी व परिवार की सुरक्षा सहित आरोपी के विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की मांग किया।क्षेत्राधिकारी ने कोतवाल मछलीशहर को फर्जी मुकदमें से अधिवक्ता का जांचकर नाम निकालने एवं आरोपी की विरुद्ध कार्यवाही का निर्देश दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, आर पी सिंह, राज कुमार पटवा, आलोक विश्वकर्मा, हरि शंकर यादव, अमित सिंह, रमेश चंद्र यादव, अनुराग श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# गैर सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर-बाराबंकी**



दि-बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसील में काम कर रहे गैर सरकारी कर्मचारियों को तहसील परिसर से निष्कासित किये जाने के लिए एक मांग-पत्र उपजिलाधिकारी को प्रेषित किया है। एसडीएम राजेश विष्वकर्मा को भेजे गये मांग-पत्र में बार संघ अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम ने कहा है कि शासन की मंशानुरूप न्यायालय /कार्यालय तथा कर्मचारी एवं अधिकारियों के साथ कार्य कर रहे बाहरी व्यक्तियों को कार्य करने से रोक लगाई जा चुकी है इससे सम्बन्धित शासनादेश भी सम्बन्धित कार्यालयों, न्यायालयों को प्रेषित किये जा चुके है। सरकारी बाबू बनकर तथा मुंशी बनकर जो व्यक्ति बाहरी कार्य कर रहे है और उनके हाथ में सरकारी अभिलेख रहते है और तमाम गोपनीय रिकार्ड होते है जिसमें किसी भी प्रकार की कोई क्षति हो सकती है। तहसील क्षेत्र में चार सौ एक राजस्व गांव है जिसमें से काफी गांवों के मूल नक्शे गायब है ऐसी दशा में मांगपत्र का संज्ञान लेते हुए बाहरी व्यक्तियों को न्यायालय और कार्यालयों से तथा कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ लगे बाहरी व्यक्तियों निष्कासित किया जाये। यदि निष्कासित नही किया जाता है तो ऐसी दशा में यदि किसी बाहरी व्यक्ति के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### अधिवक्ताओं की सातवें दिन भी हड़ताल जारी

अधिवक्ताओं की सातवें दिन भी कलमबन्द हडताल जारी रही। जिसके चलते सभी न्यायालयों व रजिस्ट्री दफ्तर का कार्य पूर्णतय: बाधित रहा। उपनिबन्धक कार्यालय को तहसील से अन्यत्र स्थान पर स्थानान्तरित न किये जाने को लेकर अधिवक्ताओं की कलमबन्द हडताल सातवें दिन भी जारी रही। इस हडताल के दौरान अधिवक्ताओं और स्टाम्प वेन्डरों के चौम्बर और बस्ते भी नही खुल रहे है जिसके चलते एक शिकायती पत्र आदि लिखाने के लिए फरियादियों को दर-दर भटकना पडा। इस मौके पर संजय सिंह नम्बरदार, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नयन तिवारी, इन्द्रेश शुक्ला, रमेशचन्द्र रावत, प्रेमचन्द्र पाल, अनीक अहमद सिद्दीकी, श्रवण कुमार वर्मा, सतीश वर्मा, नफीस अहमद, अलीउद्दीन शेख, पुलकित श्रीवास्तव, नितिन मुकेश राज, प्रेमचन्द्र राजपूत, अशोक यादव, सुनील सिंह, प्रमोद सिंह आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## 2 करोड़ 32 लाख की लागत से मालवीय रोड का निर्माण शुरू, एडीएम सहित अन्य लोग रहे मौजूद

**जन एक्सप्रेस | बस्ती**



मालवीय रोड का निर्माण कार्य शुरू हुआ। 2 करोड़ 32 लाख की लागत से सुभाष तिराहे से नेहरू तिराहे तक विकास प्राधिकरण द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक, के साथ ही अनेक अधिकारियों की मौजूदगी में विधि विधान से नारियल फोड़कर सड़क का निर्माण शुरू हुआ।

एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने बताया कि नगर पालिका परिषद के इस 2800 मीटर सड़क का बीडीए द्वारा रिनवल कराया जा रहा है। इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा ने कहा कि लम्बे समय से नागरिकों की मांग थी कि मालवीय रोड का निर्माण कराया जाय। जिलाधिकारी और सम्बंधित अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग किया गया। अब शीघ्र ही सड़क का निर्माण हो जाने से लोगों को काफी सुविधा होगी। सड़क अनेक स्थानों पर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। सड़क निर्माण शुरू होने के मौके पर मुख्य रूप से अजय सिंह, परमेश्वर शुक्ल पप्पू, अमृतपाल सिंह 'सनम' सत्येन्द्र मिश्र, विवेक श्रीवास्तव, विक्रम चौहान, पार्थ श्रीवास्तव के साथ ही अनेक लोग एवं विकास प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मायके जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर-बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र में मायके जा रही एक वृद्ध महिला की बाइक से गिरकर मौत हो गई। बाइक चला रहे रिश्तेदार ने सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरी की है। जहां पर इसी क्षेत्र के जरखा निवासी माया देवी देर शाम मंगलवार को भांजे के साथ उमरी गांव अपने रिश्तेदार के यहां जा रही थी। इस दौरान अचानक मिर्जापुर मोड़ के पास उनकी बाइक फिसलने से वह गिर गई। बाइक गिरने से उनके सिर से काफी खून बहने से वह अचेत हो गई। आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान वृद्ध महिला की मौत हो गई। इस संबंध में कोतवाल डीके सिंह ने बताया, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### हाइटेंशन की चपेट में आया किशोर: झुलसा, भर्ती

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर-बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में छत के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से एक किशोर झुलस गया। आनन-फानन में परिजनों ने किशोर को उपचार के लिए सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। वही घटना को लेकर ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश बना हुआ है। मामला कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के गांव मिर्जापुर का है। जहां पर इसी गांव के निवासी इलियाश की छत के उपर हाई टेंशन लाइन गुजरी हुई है। उसका बेटा मुमताज उम्र 17 वर्षीय किसी काम से छत पर गया था। अचानक छत पर गुजरी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलस गया। तेज धमाके की आवाज सुनकर परिजन छत पर पहुंचे और देखा कि मुमताज करंट की चपेट में आने से अचेत हो गया। बिना देर किए परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएससी फतेहपुर में भर्ती कराया। जहा पर उसका इलाज किया जा रहा है। पीड़ित पिता ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाते हुए बताया, विभाग को कई बार शिकायती पत्र देकर हटाने व ऊंची लाइन करने की मांग की गई थी। मगर अफसोस आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई और विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। इस संबंध में एसडीओ शंभूनाथ ने बताया, कि दुर्घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। जल्द ही जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकें: मयंक सिंह




**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

बुधवार को सामाजिक संस्था संवाद के माध्यम से बाल विवाह मुक्त भारत का शुभारम्भ किया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में लगभग 1800 छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने जिला प्रशासन एवं समाजिक संस्था संवाद के सहयोग से जनपद सहित संपूर्ण देश को बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा त्रिपाठी ने किया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा छात्राओं ने स्वागत गीत एवं बाल विवाह के विरूद्ध मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी पल्लवी सिंह ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए छात्राओं को प्रेरित किया और पढ़ाई कर बेहतर भविष्य बनाने पर बल दिया। सहायक श्रम आयुक्त मयंक सिंह ने कहा, कि यदि महिलाओं का विकास नहीं होगा तो इसका प्रभाव परिवार, समाज और देश पर पड़ेगा, बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोककर महिला विकास में सभी योगदान दें। राजेश शुक्ला ने सभी छात्राओं को बाल विवाह रोकने के लिए ब्रांड एंबेसडर बनने की जिम्मेदारी दी और समाज से बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से खत्म करने के लिए जागरूक किया। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य डॉ पूनम सिंह द्वारा छात्राओं को स्वावलंबी बनने, आगे बढ़ने एवं अन्याय का विरोध करने पर बल दिया और कहा अपने अधिकार को पाने के लिए स्वयं आगे बढ़ना होगा। संतोष देव पांडे ने कहा कि अभिभावकों को विभिन्न क्षेत्र में महिलाओं के योगदान का उदाहरण देकर देशहित में बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए जागरूक किया जाए तभी 2047 में विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। सचिव संवाद अतुल तिवारी बाल विवाह, बाल यौन शोषण एवं बाल मजदूरी आदि समस्त सामाजिक बुराइयां तभी दूर हो सकती हैं जब हम सभी सरकार के प्रति उत्तरदायी हों, मन में सेवा भाव हो। मुख्य अतिथि श्याम त्रिपाठी ने कहा कि यदि बालिकाएं दृढ़ प्रतिज्ञा कर लें कि वे न तो बाल विवाह करेंगी और न ही करने देंगी एवं विवाह 18 वर्ष के उपरांत ही करेंगी तभी बाल विवाह से मुक्ति पूर्णतः संभव है। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि ने विद्यालय की मेरिट में आने वाली छात्राओं अनुपमा एवं नैना घोष को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी, बाल कल्याण समिति के सदस्य राजेश शुक्ला, जिला प्रोबेशन अधिकारी पल्लवी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय, सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह, ए.एच.टी.यू. अच्छेलाल सरोज, उप प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज डॉ. पूनम सिंह, प्रभारी प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, ममता सहाय, सचिव संवाद अतुल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## व्यापारियों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता पर कराया जायेगा: ए.के.मित्तल

**जन एक्सप्रेस | सहारनपुर**

व्यापारियों की जीएसटी सम्बन्धित विभिन्न समस्यायों के निराकरण की मांग को लेकर आज सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला के नेतृत्व में सैंट्रल जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर ए.के.मित्तल से उनके कार्यालय पर मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने श्री मित्तल को अवगत कराया कि देश के व्यापारियों की जीएसटी व अन्य विभागों के सम्बन्धित अनेक समस्याएं हैं, जिससे व्यापारी वर्ग जूझ रहा है। व्यापारी हितों की रक्षा व उनकी समस्याओं के निदान के लिए भी व्यापारी मोदी सरकार की गारंटी चाहता है। व्यापारी व लघु उद्यमी एक दूसरे से जो माल की खरीद-फरोख्त करते हैं, यह उनका व्यापारिक मामला है, सरकार को भुगतान की समय-सीमा निश्चित करने की क्या आवश्यकता पड़ गयी। सरकार को माल की बिक्री पर जीएसटी व दूसरे करों का भुगतान किया जाता है, ऐसे में इन नियमों को लागू करना व्यापार व देशहित में नहीं है। श्री मित्तल ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि व्यापारी व विभाग एक दूसरे के पूरक हैं। व्यापारियों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता पर कराया जायेगा। किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नही होने दिया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से विवेक मनोचा, स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला, आर.के.मल्होत्रा, राजीव मदान, नीरज जैन, अनुभव शर्मा, कुबेर नरूला, देवेन्द्र चडढा, संजय भसीन, पुरूषोत्तम दुआ, रमन पोपली, सी.ए. भरत मिगलानी, नितिन चिलाना, पारस जैन व्यापारी प्रतिनिधि शामिल रहे।

## महिला आयोग की सदस्य ने महिलाओं से संबंधित प्रकरणों को लेकर की जनसुनवाई

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**

सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय ने तहसील सदर सभागार में महिला जनसुनवाई /समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुये सबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हमें महिलाओं पर हो रहे अपराधों को रोकने के लिये हर संभव सजग रहना होगा। इस संबंध में ग्रामीण स्तर पर भी ग्रामों में समन्वय बैठक की आवश्यकता है, जिसमें महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जागरूक किया जाये। उन्होनें महिला थानाध्यक्ष से महिला उत्पीड़न की शिकायतों के संबंध में पूर्ण जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि पीड़ित महिलाओ की एफआईआर लिखने में किसी भी दशा में विलम्ब न किया जाये और न ही दोषी के प्रति लापरवाही बरती जाये बल्कि दोषी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाये।

## दो लोगों की हत्या में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार शुक्ला ने थाना मोहम्मदपुर खाला अंतर्गत आशनाई में हुई हत्या करने और साक्ष्य छिपाने के मामले में अभियुक्तगण रामभजन यादव एवं उसके पुत्र दुर्गेश यादव को आजीवन कारावास के दंड से दंडित किया। कोर्ट ने दोनों पर 25-25 हजार रुपए का अर्थ दंड भी लगाया। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में तीन आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया जबकि एक अन्य आरोपी की न्यायालय में सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई। कोर्ट ने कहा अर्थदंड जमा न होने पर अभियुक्त गणों को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमाकांत तद्विवेदी ने बताया की दिनांक 31 जनवरी 2014 को वादी मुकदमा राम शंकर यादव निवासी ग्राम ताड़ा थाना मोहम्मदपुर खाला ने थाने में तहरीर दी थी कि उसका लड़का अनिल कुमार तथा अवनीश मिश्रा उर्फ छंगा निवासी मोहम्मदपुर खाला की आपस में दोस्ती थी दोनों साथ-साथ रहते थे। मेरी बहन ग्राम भगनापुर में ब्याही है वहां पर भजन यादव की लड़की काल्पनिक नाम (प्रेमा यादव) से मेरे लड़के का संबंध था ।इसको लेकर रामभजन यादव और दुर्गेश यादव रंजिश रखते थे ।इसी रंजीत के कारण 3031 की रात 30/31 जनवरी 2014 की रात मेरे लड़के अनिल कुमार और उसके दोस्त अवनीश मिश्रा उर्फ छंगा को मोहम्मदपुर खाला में खूब शराब पिलाकर दोनों की रस्सी से गला घोंट कर हत्या कर दी और लाश को छुपाने के उद्देश्य से वहीं बालक नाग के खेत के किनारे लगे आम के पेड़ पर लटका दिया ।पुलिस ने रामभजन यादव पुत्र बब्लू और उसके पुत्र दुर्गेश यादव को नामज़द करने के साथ ही दौरान विवेचना सुरेंद्र यादव निवासी भगनापुर, थाना मोहम्मदपुर खाला और राममोहन मिश्रा व रामाधार यादव निवासी पिपरी थाना मोहम्मदपुर खाला एवं सर्वजीत यादव निवासी फैय्याजपुर कस्बा व थाना फतेहपुर के विरुद्ध साक्ष्य पाते हुए 6 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया था।कोर्ट में सुनवाई के दौरान वादी सहित अन्य गवाहों के बयान तथा दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्तगण रामभजन यादव व उसके पुत्र दुर्गेश यादव को दोषी पाते हुए दोनों को आजीवन कारावास के दंड से दंडित किया और दोनों पर 25-25 हज़ार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। जबकि अभियुक्त रामाधार यादव कि न्यायालय में सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसके साथ अभियुक्त गण सुरेंद्र यादव राममोहन मिश्रा तथा सर्वजीत यादव को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया।

## ''सर्विस चार्ज'' पुस्तक का विमोचन



**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

बुधवार को धनोखर चक्रतीर्थ स्थित श्री चित्रगुप्त महराज मंदिर परिसर में रंजीत बहादुर श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक ''सर्विस चार्ज'' का विमोचन किया। उक्त पुस्तक में लेखक श्री श्रीवास्तव ने अपराध के नये तरीकों के साथ राष्ट्रीय समस्याओं के चिंतन का भी उल्लेख किया है। यह पुस्तक कुल 120 पन्नों की है। रंजीत बहादुर श्रीवास्तव की यह चौथी पुस्तक है। इनकी पहली पुस्तक सच्चाईयाँ (दीवान), बब्लू श्रीवास्तव के बढ़ते कदम, यज्ञ और यज्ञ फल प्राकृतिक श्रोतों से रोग निवारण पुस्तक लिख चुके हैं। इस मौके सुभाष श्रीवास्तव, उमेष, राजीव श्रीवास्तव, हरिहर वर्मा आदि मौजूद रहे।

### लॉरेंस विश्नोई वसूली गैंग का सरगना

बुधवार को रंजीत बहादुर श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक ''सर्विस चार्ज'' के विमोचन के दौरान पत्रकारों ने लॉरेंस विष्नोई पर सवाल किया तो उन्होने कहा कि बच्चा है उसका नाम लेना भी मेरे लिए सही हैं नही है यह डॉन नही वसूली गैंग का सरगना है।

## हसेरन ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ 18 सदस्यों ने पलटी मारी, कलेक्टर ने रद्द किया अविश्वास का नोटिस

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**

हसेरन ब्लॉक प्रमुख सीमा शाक्य के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को कन्नौज के कलेक्टर शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने पोषणीय नही मानते हुए रद्द कर दिया है। अपने दस पृष्ठ लम्बे आदेश में कलेक्टर ने कहा है कि 11 नवम्बर को क्षेत्र पंचायत हसेरन के सदस्य मोहित कुमार व 44 अन्य सदस्यों द्वारा क्षेत्र पंचायत प्रमुख सीमा शाक्य के विरुद्ध अविश्वास का प्रस्ताव और इसके समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत किये गए। बाद में इन 45 मे से 17 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस से असहमति जताते हुए 22-23 नवम्बर को शपथ पत्र प्रस्तुत किये। एक सदस्य ने प्रमुख के पक्ष में अपने समर्थन का शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इस दृष्टि से 18 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस से असहमति व्यक्त की है। शेष 28 सदस्य को ही अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस के समर्थन में माना जायेगा। हसेरन क्षेत्र पंचायत के सदन की सदस्य संख्या कुल 60 है और अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस की अनिवार्य संख्या 30 से कम है अतः ये नोटिस पोषणीय नही है। इसलिए निरस्त की जाती है। हालांकि नोटिस दिए जाने और इसे निरस्त किये जाने के बाद जिले में सियासी हलचलें तेज हो गईं हैं। कहा जा रहा है कि इसमें भाजपा के ही कुछ लोग लगे हैं और कुछ बचाने में भी जुटे हैं। हालांकि डैमेज कंट्रोल की कोशिश फुल आन थी इसलिए कई बीडीसी बैकफुट पर भी आ गए बताये जाते है हालांकि विपक्ष का दावा है कि बाद में कथित शपथ पत्र देने के लिए सदस्य जिले में उपलब्ध ही नही है और सहमति वाले बाद में दिए गए शपथ पत्र फ़र्ज़ी हैं। यही वजह है कि विपक्ष उच्च न्यायालय जाने के लिए पूरी तरह तैयार है और बेहद भरोसेमंद सूत्रों का दावा है कि कलेक्टर के फैसले को चुनौती देने दर्जन भर से ज्यादा सदस्य उच्च न्यायालय पहुंच चुके है और शीघ्र ही इस आशय की याचिका प्रस्तुत कर देंगे। विकास खंड हसेरन इलाके में कुल 60 बीडीसी हैं। 11 नवंबर को कुछ क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने को शपथ पत्र दिए थे। दावा किया था कि 45 सदस्य अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के पक्ष में हैं। उसके बाद अधिकारियों ने इस मामले में मंथन शुरू कर दिया। उसके बाद राजनीतिक उथल-पुथल शुरू हो गई। सदस्यों को मनाया जाने लगा। चर्चा है कि बाद में कुछ बीडीसी पीछे भी हट गए। इसमें हवाला दिया गया है कि शपथ पत्र कुछ महीने पहले के बने हैं।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जिला चिकित्सालय तथा कस्तूरबा आवासीय विद्यालय एवं जिला कारागार देखा

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय ने संयुक्त जिला चिकित्सालय कन्नौज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें पीकू वार्ड, महिला वार्डों में इमरजेंसी वार्ड तथा अन्य इकाईयों में महिलाओं से सम्पर्क कर चिकित्सा संबंधित सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होनें कन्या जन्मोत्सव के अवसर पर 15 बच्चियों के माता-पिता को मिठाई, कंबल व बेबीकिट आदि वितरण करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी। सदस्य ने प्राथमिक विद्यालय, तिर्वाखास में उपकरण वितरण शिविर में विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग, मानसिक मंदित बच्चों को 11 ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीन, बेल किट आदि उपकरण वितरित किये।

## समाज को अंग दान करने के लिये करें प्रोत्साहित: लवली

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल द्वारा आज संयुक्त जिला चिकित्सालय के सभागार में भारतीय देहदान दिवस के अवसर पर जरूरत मंद लोगो की मदद के लिये समाज को अंग दान करने के प्रोत्साहन के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सीएमएस डॉ शक्ति बसु , डिप्टी सी0एम0ओ0, डॉ बृजेश शुक्ला, डॉ भूपेश कुमार, डॉ रवि कुमार, डॉ प्रियंका, डॉ नीलिका त्रिपाठी, पैनल अधिवक्ता, काउन्सिल एवं पराविधिक स्वयं सेवक शुभा नितिन, शिवाशु, एवं जगदीश उपस्थित रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-नीलामी से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0 | PnU-LKO-BSB-Toi-47-24-3(Pay & Use Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि | 17.12.2024 11:00 |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.12.2024 11:30 |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3654/24

## जिले में बाहर से आने वाले सभी खाद्य पदार्थो की चेकिंग होगी: डीएम

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित खाद्य सुरक्षा समिति की अध्यक्षता करते हुये कहा कि मानव स्वास्थ्य के लिये शुद्ध भोज्य पदार्थ मिलें, इस हेतु अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग करायी जाए। बाजार में मिलावट के खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाये जाने हेतु जनपद में बाहर से आने वाले खाद्य पदार्थों की चेंकिंग की जाये। मिलावटखोरों पर सख्ती से पेश आया जाये। कैटर्स की सूची बनाकर उन्हें खाने में स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया जाये। साथ ही खाद्य पदार्थ की शुद्धता के संबंध में जागरूकता लायी जाये। फूड प्वाइजनिंग पर पैनी नजर रखी जाये।

## भारतीय संविधान देश के लोकतंत्र की आधारशिला: शीतल टण्डन

- 75वें संविधान दिवस जिला व्यापार मण्डल द्वारा जिलाधिकारी को संविधान की पुस्तक भेंट की

**जन एक्सप्रेस | सहारनपुर**



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जिला इकाई द्वारा गत दिवस देर सांय रेलवे रोड स्थित जिला मुख्यालय कार्यालय में देश के 75वें संविधान दिवस के अवसर पर एक संक्षिप्त बैठक आयोजित कर उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों द्वारा संविधान में नागरिकों के अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहने पर भी व्यापक विचार विमर्श किया गया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन, जिला कोषाध्यक्ष कर्नल संजय मिडढा द्वारा कलेक्टेऊट सभागार में श्रम विभाग से सम्बन्धित आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल का तिरंगा, पुष्प भेंट करने के साथ-साथ संविधान की एक पुस्तक भी भेंट की गयी। जिला मुख्यालय कार्यालय पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने कहा कि भारतीय संविधान देश के लोकतंत्र की आधारशिला है और जहां देश में 26 जनवरी 1950 से नया संविधान लागू किया गया वही 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था तथा देश की जनता को समर्पित किया गया। संविधान की समिति के प्रारूप के अध्यक्ष डा.भीमराव अम्बेडकर संविधान के पिता कहे जाते हैं। इसके अंतर्गत भारत को एक सम्पूर्ण प्रबुद्ध समाजवादी धर्मनिरपेक्षक लोकतंत्रात्मक गणराज्य घोषित किया। संविधान के सभी उद्देश्यों में सभी नागरिकों को सामाजिक, राजनैतिक न्याय दिलाना, विचारों की अभिव्यक्ति , धर्म, विश्वास, पूजा पाठ की स्वतंत्रता तथा अवसरों की समानता प्रदान की गयी है। व्यक्ति तथा राष्ट्र की गणना करने का इसमें वर्णन है और भारत को राज्यों का संघ माना गया है। श्री टण्डन ने कहा कि हाल के वर्षों में संविधान दिवस के प्रति लोगों की जागरूकता अन्य राष्ट्रीय पर्वों की तरह बढ़ी है। और इन 75 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा में हमारा संविधान सिर्फ कानूनी दस्तावेज ही नहीं बल्कि सामाजिक आर्थिक दस्तावेज का मार्गदर्शक भी रहा है। संविधान ने हमारे लोकतंत्र को सुदृढ किया और लोकतंत्र हमारी जीवन शैली का अभिन्न अंग बन चुका है। श्री टण्डन ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का नागरिक होना जहां गर्व की बात है, वही भारतीय संविधान जो कि एक पवित्र ग्रंथ है, उसके नियमों के अनुसार अनुपालन करना हम सब का राष्ट्रीय कर्तव्य है और आज हम संविधान सभा के अध्यक्ष डा.राजेन्द्र प्रसाद का भी स्मरण करते हैं और हमारे देश में कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका संविधान की भावना के अनुरूप सफलता पूर्वक कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन, जिला महामंत्री रमेश अरोडा, जिला कोषाध्यक्ष कर्नल संजय मिडढा, मेजर एस.के.सूरी, पवन कुमार गोयल, रमेश डावर, संदीप सिंघल, राजीव अग्रवाल, संजय महेश्वरी, अभिषेक भाटिया आदि मौजूद रहे।

# अडाणी मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा

- संसद सत्र का दूसरा दिन, राहुल बोले, उन्हें जेल में होना चाहिए, सरकार बचा रही
- सरकार ने मानी विपक्ष की मांग, दो दिनों तक संविधान पर विशेष बहस कराने पर दी सहमति

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



### लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने अदाणी समूह के कथित कदाचार और इस मुद्दे पर जेपीसी गठन के मुद्दे पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है। कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गौतम अडानी के अभियोग के मुद्दे पर चर्चा के लिए राज्यसभा में नियम 267 के तहत कार्य स्थगन नोटिस दिया। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया और गौतम अडानी पर अभियोग के मुद्दे पर चर्चा की मांग की। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने ' 'राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते अपराध के ग्राफ को लेकर नियम 267 के तहत राज्यसभा में कार्य स्थगन का नोटिस दिया है।' '

संसद के शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। लोकसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने अडाणी मुद्दे पर हंगामा किया। 12 बजे दोबारा कार्यवाही शुरू हुई तो फिर हंगामा हुआ। विपक्ष ने यूपी के संभल में हिंसा का मुद्दा भी उठाया।

जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा दोनों को 28 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। राहुल गांधी ने संसद के बाहर कहा कि अडाणी पर अमेरिका में 2 हजार करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है। उन्हें जेल में होना चाहिए। मोदी सरकार उन्हें बचा रही है। दरअसल, 21 नवंबर को यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस की ओर से कहा गया था कि अडाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपए) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे थे। इस पर बुधवार को अडाणी ग्रुप ने साफ किया है कि चेयरमैन गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी और सीनियर एग्जीक्यूटिव विनीत जैन पर अमेरिका में रिश्वत से जुड़े कोई आरोप नहीं हैं। अडाणी ग्रुप के मुताबिक, कई मीडिया हाउस में चल रही खबरें **गलत** हैं। उधर, प्रियंका गांधी 28 नवंबर को सांसद पद की शपथ लेंगी। वह केरल के वायनाड से सांसद हैं। बुधवार को उन्हें जीत का सर्टिफिकेट मिला।

### लोकसभा की कार्यवाही भी 28 नवंबर तक स्थगित

दोपहर 12 बजे लोकसभा की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई तो सदन में फिर हंगामा हुआ। 10 मिनट कार्यवाही चली। बाद में स्पीकर ने पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया। सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट की जांच करने के लिए कानूनों पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा, %हमारे देश और उन देशों की संस्कृति में बहुत अंतर है जहां से ये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आए हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि संसद की स्थायी समिति इस मुद्दे को उठाए और इस बारे में सख्त कानून बनाए जाएं।

### खड़गे के ऑफिस में इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के चैंबर में इंडिया गठबंधन के फ्लोर नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मौजूद थे। बैठक में संसद सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की गई।

### 'अडाणी को जेल में होना चाहिए, सरकार बचा रही'

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, आपको लगता है कि अडाणी आरोपों को स्वीकार करेंगे? जाहिर है कि वह आरोपों से इनकार करेंगे। मुद्दा यह है कि जैसा कि हमने कहा है, उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए। सैकड़ों लोगों को छोटे-छोटे आरोपों में गिरफ्तार किया जा रहा है और सज्जन (गौतम अडाणी) पर अमेरिका में हजारों करोड़ रुपये का आरोप है, उन्हें जेल में होना चाहिए और सरकार उन्हें बचा रही है।

### वक्फ बिल पर बनी जेपीसी के सदस्यों ने मांगा और समय

वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति के 29 नवंबर को संसद में अपनी रिपोर्ट पेश करने की उम्मीद है, लेकिन यह तभी संभव है जब वह मानसून सत्र में दी गई समय सीमा का पालन करती है। जेपीसी को सत्र के पहले हफ्ते के आखिरी दिन अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों ने पैनल को अपनी रिपोर्ट देने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू का कहना है कि जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने का प्रावधान है, लेकिन अभी तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। इस पर चर्चा कार्य मंत्रणा समिति में होनी चाहिए। जेपीसी ने 22 अगस्त से लेकर अब-तक 25 बैठकें की हैं। इनमें 123 हितधारकों से सुझाव लिए गए हैं, जिनमें 6 मंत्रालय, 8 वक्फ बोर्ड और 4 अल्पसंख्यक आयोग शामिल हैं। वक्फ एक्ट, 1995 को वक्फ संपत्तियों को रेगुलेट करने के लिए बनाया गया था, लेकिन इस पर भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के आरोप लगे हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के जरिए इसमें सुधार लाने, डिजिटाइजेशन, ऑडिट, ट्रांसपेरेंसी और अवैध कब्जे वाली संपत्तियों को वापस लेने के लिए कानूनी तंत्र बनाने का लक्ष्य है।

### पहली बार संसद में गांधी परिवार के तीन सदस्य

केरल के वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी की जीत के बाद लोकसभा में दोबारा कांग्रेस के 99 सांसद हो गए हैं। वायनाड सीट राहुल गांधी ने छोड़ी थी, जबकि नांदेड़ सीट कांग्रेस सांसद बसंतराव चव्हाण के निधन के चलते खाली हुई थी। इन पर हाल ही में उपचुनाव हुए हैं और दोनों ही सीटें कांग्रेस के पास वापस आ गई हैं। यह पहली बार होगा कि कांग्रेस पार्टी से जुड़े गांधी परिवार के 3 सदस्य एक साथ संसद के सदस्य होंगे। राहुल गांधी रायबरेली से और प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड से लोकसभा सांसद हैं। जबकि सोनिया गांधी राजस्थान से राज्य सभा सांसद हैं।

### अश्विनी वैष्णव बोले-वल्गर कंटेंट रोकने के लिए सख्त कानून बने

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर वल्गर कंटेंट की रोकथाम के लिए सख्त कानून बनाने की बात कही। वैष्णव ने कहा- जिन देशों से ऐसे कंटेंट आते हैं, उनकी संस्कृति हमसे काफी अलग है। वैष्णव ने कहा- वल्गर कंटेंट की रोकथाम के लिए पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी को इस विषय पर ध्यान देने और कानून को सख्त करने की जरूरत है। वैष्णव ये बात बुधवार को संसद सत्र के दूसरे दिन लोकसभा सांसद अरुण गोविल के पूछे गए सवाल के जवाब में कही। गोविल ने सोशल मीडिया पर वल्गर कंटेंट से युवाओं पर पड़ रहे असर और इसकी रोकथाम के लिए सरकार की जिम्मेदारी पर सवाल उठाए थे।

### अरुण गोविल ने पूछा, वल्गर कंटेंट को रोकने के लिए मौजूदा तंत्र क्या है?

सांसद गोविल ने सदन में पूछा कि वल्गर कंटेंट को रोकने के लिए मौजूदा तंत्र क्या है? और क्या सरकार इन कानूनों को और सख्त करने का प्रस्ताव कर रही है? इसके जवाब में वैष्णव ने कहा- सोशल मीडिया के युग में एडिटोरियल चेक होना समाप्त हो गया है। पहले प्रेस से जो कुछ भी छपता था, उसे चेक किया जाता था कि यह सही है या गलत, और फिर उसे मीडिया में लाया जाता था। उन्होंने कहा कि एडिटोरियल चेक के खत्म होने के कारण आज सोशल मीडिया एक तरफ फ्रीडम ऑफ प्रेस का बहुत बड़ा माध्यम बन गया है, लेकिन दूसरी तरफ यह एक अनकंट्रोल्ड एक्सप्रेशन हैं, जिसमें कई तरह के वल्गर कंटेंट डाले जाते हैं। वैष्णव ने कहा कि इसके लिए मौजूदा कानून को और सख्त करने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें आम सहमति की भी जरूरत है।

### सत्र में कुल 16 बिल, 11 पर चर्चा, 5 मंजूरी के लिए पेश होंगे

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कुल 16 विधेयक पेश किए जाने हैं। इनमें से 11 विधेयक चर्चा के लिए रखे जाएंगे। जबकि 5 कानून बनने के लिए मंजूरी के लिए रखे जाएंगे। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए प्रस्तावित विधेयकों का सेट अभी सूची का हिस्सा नहीं है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सरकार इसे सत्र में ला सकती है। वहीं, राज्यसभा बुलेटिन में कहा गया है कि लोकसभा से पारित एक अतिरिक्त विधेयक भारतीय वायुयान विधेयक राज्यसभा में मंजूरी के लिए लंबित है।

### भारत में अश्लील वीडियो पर 3 कानून

भारत में ऑनलाइन पोर्न देखना गैर-कानूनी नहीं है, लेकिन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 में पोर्न वीडियो बनाने, पब्लिश करने और सर्कुलेट करने पर बैन है। इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के सेक्शन 67 और 67ए में इस तरह के अपराध करने वालों को 3 साल की जेल के साथ 5 लाख तक जुर्माना देने का भी प्रावधान है। आईपीसी के सेक्शन-292, 293, 500, 506 में भी इससे जुड़े अपराध को रोकने के लिए कानूनी प्रावधान बनाए गए हैं।

### सरकार ने दो दिनों तक संविधान पर बहस की मांग मानी

राज्यसभा की बीएसी (बिजनेस एडवाइजरी कमेटी) की बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर दो दिन की विशेष बहस कराने पर सहमति जताई है। कल राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर संविधान पर 2 दिन की बहस कराने की मांग की थी, जिसे अब सरकार ने मान लिया है। बहस की तारीखें नहीं बताई गई हैं।

### संजय राउत ने ईवीएम पर उठाए सवाल

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि हम पिछले 10 सालों से यह सवाल उठा रहे हैं। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब भाजपा ने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। ईवीएम इस देश में धोखा है और अगर ईवीएम नहीं होगी तो भाजपा को पूरे देश में 25 सीटें भी नहीं मिलेंगी। महाराष्ट्र और हरियाणा के नतीजे जिस तरह से आए हैं, हम उसे स्वीकार नहीं करते।

---

# आज रांची में बंद रहेंगे स्कूल

## जिला अधिकारी ने सीएम सोरेन के शपथ ग्रहण में भीड़-भाड़ का दिया हवाला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची**



गुरुवार को चौथी बार झारखंड के सीएम के रूप से हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद के लिए शपथ ग्रहण करने वाले हैं। जिसके लिए रांची में होने वाले कार्यक्रम के लिए जुटने वाली भीड़-भाड़ को मद्देनजर जिला शिक्षा अधिकारी ने कल यानी 28 नवंबर को जिला भर में स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। बता दें कि झारखंड के सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में एक लाख से ज्यादा लोगों के शामिल होने की संभावना है जिसके चलते जिला भर की यातायात व्यवस्थाएं प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

### जाम में फंस सकते हैं छात्र

जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जारी किए गए निर्देश में कहा गया कि शपथ ग्रहण समारोह में जुटने वाली भीड़-भाड़ के चलते छात्रों को कई सारी परेशानियों का समाना करना पड़ सकता हैं। आदेश में आगे कहा गया कि ऐसी स्थिति में स्कूल चलने के कारण स्कूल बस से आने वाले छात्र घंटों तक जाम में फंस सकते हैं, जो उनके लिए ठीक नहीं होगा। इसके साथ ही आदेश में यह भी बताया गया कि कई अभिभावक स्कूल बंद करने की अपील कर रहे हैं। इसलिए, कल स्कूल पूरी तरह से बंद रहेंगे ताकि छात्र-छात्राएं जाम की समस्या से बच सकें।

---

# मुझे सीएम बनने की लालसा नहीं, पीएम मोदी और अमित शाह का फैसला मंजूर: एकनाथ शिंदे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख एकनाथ शिंदे ने बुधवार को सीएम पद को लेकर चल रही चर्चाओं को विराम दे दिया। उन्होंने कहा कि मेरे मन में सीएम बनने की लालसा नहीं है। पीएम मोदी और अमित शाह जो भी निर्णय लेंगे मुझे मंजूर होगा। सरकार बनाते समय मेरी तरफ से कोई अड़चन नहीं आएगी। मैं चट्टान की तरह साथ खड़ा हूं। भाजपा की बैठक में जो भी निर्णय लिया जाएगा, हमें मान्य होगा। भाजपा का सीएम मुझे मंजूर है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि पिछले ढाई साल में पीएम मोदी और अमित शाह ने मेरा पूरा सहयोग किया। अमित शाह और पीएम मोदी ने बालासाहेब ठाकरे के एक आम शिवसैनिक को सीएम बनाने के सपने को पूरा किया है। वे हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने मुझ पर विश्वास किया। मुझे मुख्यमंत्री बनाया और बड़ी जिम्मेदारी दी। मैं रोने वालों और लड़ने वालों में से नहीं हूं। मैं भागने वाला नहीं समाधान करने वाला व्यक्ति हूं। हम मिलकर काम करने वाले लोग हैं। ढाई साल तक हमने खूब काम किया है। महाराष्ट्र में विकास की रफ्तार बढ़ी है। हमने हर वर्ग की भलाई के लिए काम किया। एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति को बहुमत मिला है। मैं जनता को धन्यवाद देता हूं। जनता ने महायुति पर विश्वास जताया है। विकास की योजनाओं को समर्थन मिला है। आम आदमी को कहां-कहां दिक्कत आती है, मैं समझता हूं। मैंने खुद को कभी मुख्यमंत्री नहीं समझा। मैंने आम आदमी की तरह काम किया। महाराष्ट्र की समस्याओं को दूर करने की कोशिश की है। हमारे काम का नतीजा दिख रहा है। हमने लाडली बहन योजना पर काम शुरू किया। मैं लाडली बहनों का लाडला भाई हूं। उन्होंने कहा कि अगर मेरी वजह से महाराष्ट्र में सरकार बनाने में कोई समस्या आती है, तो पीएम मोदी और अमित शाह अपने में कोई संदेह न लाएं और आप जो भी फैसला लेंगे, वह मुझे मंजूर है। आप हमारे परिवार के मुखिया हैं। जिस तरह से भाजपा के लोग आपके फैसले को स्वीकार करते हैं, हम भी उसी तरह से आपके फैसले को स्वीकार करेंगे। मैंने कल पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को फोन किया और उन्हें बताया कि मेरी वजह से सरकार बनाने में कोई समस्या नहीं होगी। पिछले हफ्ते आए चुनावी नतीजों में शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के महायुति गठबंधन ने भारी बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखी। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में महायुति गठबंधन को 230 सीट और एमवीए को केवल 46 सीट मिलीं। भाजपा को 132, शिवसेना को 57 और एनसीपी को 41 सीटें मिलीं।

### शिंदे भाजपा नेतृत्व को समझ नहीं पा रहे: कांग्रेस

महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे समझ नहीं पा रहे हैं कि भाजपा नेतृत्व क्या है। सीएम चेहरे की घोषणा में देरी के पीछे एक बड़ा कारण है। ईवीएम-बैलेट पेपर मुद्दे पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणा की है कि हम बैलेट पेपर से मतदान बहाल करने के लिए अपनी आवाज उठाएंगे। महाराष्ट्र में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा।

### विपक्ष ने उठाए थे सवाल

महाराष्ट्र में नए सीएम के चयन को लेकर महायुति में फैसला लेने में हो रही देरी पर विपक्ष ने सवाल उठाए थे। दावा किया गया था कि भाजपा हाईकमान जातीय समीकरण से लेकर एनडीए के सहयोगी दलों को साथ लेकर चलना चाह रहा है। कयास लगाए गए थे कि देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री बनने की स्थिति में एकनाथ शिंदे सरकार का हिस्सा नहीं होना चाहते। इन कयासों पर एकनाथ शिंदे ने बुधवार को विराम लगा दिया।

---

# भारतीय सेना को मिला ड्रोन 'सबल-20', सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों को करेगा रसद की आपूर्ति



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना को अब सीमावर्ती क्षेत्र में रसद और अन्य सामान की आपूर्ति में समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। एक ड्रोन निर्माता कंपनी ने सेना को अनूठा इलेक्ट्रिक लॉजिस्टिक ड्रोन सबल 20 सौंपा है। कंपनी ने बुधवार को सेना को सबल 20 की सफल डिलीवरी की घोषणा की। इसका निर्माण एंड्योर एयर सिस्टम्स ने किया है। इस ड्रोन के मिलने के बाद सेना को अब उन क्षेत्रों में खाद्य और रसद की आपूर्ति हो सकेगी, जहां पर सेना के वाहन भी नहीं पहुंच पाते। साथ ही यह आपदा राहत कार्यों में भी मदद करेगा। कंपनी ने कहा कि यह दुर्गम इलाकों में काम करने वाले रक्षा बलों की रसद क्षमताओं को बढ़ाने में मील का पत्थर है। विमानन तकनीकी कंपनी एंड्योर एयर को 2018 में आईआईटी कानपुर के सहयोग से तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य विश्व स्तरीय ड्रोन तकनीक तैयार करना है। जो रक्षा और नागरिक दोनों के लिए उचित हो। कंपनी ने बताया कि सबल 20 एक तरह का इलेक्ट्रिक मानव रहित हेलीकॉप्टर है, यह कई प्रकार की पिच तकनीक पर आधारित है। इसे हवाई रसद पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें 20 किलोग्राम तक का पेलोड ले जाने की क्षमता है। यह अपने वजन का 50 फीसदी भार लेकर भी उड़ान भरने में सक्षम है। इसे चिनकू हेलीकॉप्टर की तर्ज पर विकसित किया गया। एंड्योर एयर के निदेशक और सह-संस्थापक अभिषेक ने कहा कि यह ड्रोन लंबी दूरी और कम ऊंचाई वाले इलाकों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसमें आवाज भी कम आती है। इससे दुश्मन को इसके आने की भनक भी नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय सेना की प्रगति में योगदान देने और रसद क्षमताओं को विकसित करने पर गर्व है। हम स्वदेशी यूएवी समाधान प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता जताते हैं। यह सशस्त्र बलों को सशक्त बनाते हैं और अलग-अलग वातावरण में उनके मिशन की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। कंपनी ने कहा कि सबल 20 को कठोर परिचालन मांगों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह डिलीवरी मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहल के माध्यम से भारत के रक्षा क्षेत्र का समर्थन करने, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के एंड्योर एयर के समर्पण को बताती है। सबल 20 वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने के लिए नए प्रयोग करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को बताता है।

---

# आईएनएक्स मीडिया मामला: हाईकोर्ट पहुंचे चिदंबरम
## मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का संज्ञान लेने को दी चुनौती

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने बुधवार को आईएनएक्स मीडिया मामले में एक ट्रायल कोर्ट के उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का संज्ञान लेने को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने दलील दी कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए अनिवार्य मंजूरी नहीं ली गई। कांग्रेस नेता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने तर्क दिया कि 2021 में जब ट्रायल कोर्ट ने चार्जशीट दाखिल करने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपराधों का संज्ञान लिया, तो मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी ने अपेक्षित मंजूरी नहीं ली। दलील दी गई, चूंकि चिदंबरम उस समय एक लोक सेवक थे, जब कथित अपराध हुआ था, इसलिए एजेंसी को सीआरपीसी और पीएमएलए के प्रावधानों के अनुसार मंजूरी लेनी थी। ईडी के वकील ने कहा कि धन शोधन मामले में आरोपी के खिलाफ आरोप किसी आधिकारिक कर्तव्य के निर्वहन का हिस्सा नहीं हो सकते। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी 28 नवंबर को मामले की सुनवाई करेंगे। सीबीआई ने 15 मई, 2017 को मामला दर्ज किया था, जिसमें वित्त मंत्री के रूप में चिदंबरम के कार्यकाल के दौरान 2007 में 305 करोड़ रुपये के विदेशी फंड प्राप्त करने के लिए आईएनएक्स मीडिया समूह को दी गई विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) मंजूरी में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। चिदंबरम को 21 अगस्त, 2019 को आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। उसी वर्ष 16 अक्तूबर को ईडी ने उन्हें संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

---

# सियाचिन की बर्फीली चोटी, कारगिल और गलवान युद्ध क्षेत्र में घूम सकेंगे पर्यटक, सेना ने की तैयारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पर्यटक अब सियाचिन ग्लेशियर की बर्फीली चोटी, कारगिल और गलवान के युद्ध क्षेत्र में भी घूम सकेंगे। भारतीय सेना जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़ी पहल करने जा रही है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि पर्यटकों को सियाचिन ग्लेशियर की ऊंची चोटी, कारगिल और गलवान युद्ध क्षेत्र में जाने की अनुमति दी जाएगी, ताकि वे दुर्गम क्षेत्रों का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें। सेना इन क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए ट्रैकिंग और जिप लाइन भी शुरू करने की तैयारी कर रही है। पुणे के सावित्रीबाई फुले विवि में भारत की विकास की कहानी में सेना की भूमिका और योगदान विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर अब आतंकवाद से पर्यटन में बदल रहा है। यह बदलाव सेना की बदौलत ही आया है। जम्मू-कश्मीर में पर्यटन की अपार संभावनाए हैं।

### लगातार बढ़ रही पर्यटकों की संख्या

सेना प्रमुख ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र में परिवर्तन की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। यहां पिछले सालों के मुकाबले हाल ही में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। हमने यहां ऐसे 48 क्षेत्रों को खोजा है, जहां पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। अगर हम अपने लक्ष्य को पाने में सफल रहते हैं तो अगले पांच साल में यहां पर पर्यटकों की संख्या दोगुनी हो जाएगी।

### टूर ऑपरेटरों को देंगे प्रशिक्षण

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को बढ़ाने के लिए सेना की तैयारी के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि सेना जम्मू-कश्मीर में एडवेंचर गतिविधियों को बढ़ाएगी।

---

# तमिलनाडु में चक्रवात की आशंका, भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, नौ जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद


**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई**

दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव के क्षेत्र से तमिलनाडु के कावेरी डेल्टा इलाके में भारी बारिश हो रही है। इससे करीब 2,000 एकड़ में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है। बुधवार रात तक इसके चक्रवात में बदलने की संभावना है, जिसके प्रभाव में चेन्नई समेत 10 जिलों और पुडुचेरी के कुछ इलाकों में अगले दो दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश होगी। किसी भी हालात से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की 17 टीमों को पहले ही तैनात कर दिया गया है। मूसलाधार बारिश की वजह से बुधवार को इन जिलों में स्कूल और कॉलेज भी बंद रहे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को बताया कि गहरा दबाव पिछले 6 घंटों के दौरान 13 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ा। सुबह 5:30 यह इसी क्षेत्र में केंद्रित था। अभी यह चेन्नई से 590 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व, पुडुचेरी से 510 किमी दक्षिणपूर्व, नागपट्टिनम से 400 किमी दक्षिणपूर्व और श्रीलंका के त्रिंकोमाली से 130 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व में स्थित है।

---

# असम में पर्यटन बढ़ाने पर जोर, सरमा बोले, पूर्वोत्तर के प्रति विभिन्न देशों की धारणा बदलने पर कर रहे काम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



पूर्वोत्तर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने विभिन्न देशों के राजदूतों से संपर्क किया है। उन्होंने कहा कि कुछ देश भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में पर्यटन ठीक नहीं मानते हैं। वे यहां आने वाले अपने पर्यटकों के लिए एडवाइजरी जारी करते हैं। इस धारणा को हमने बदलने का प्रयास किया है। असम सरकार इस मामले को लेकर विभिन्न देशों के राजदूतों के संपर्क में है। उन्होंने यह भी कहा कि मणिपुर में हो रही हिंसा का पूर्वोत्तर के सातों राज्यों के पर्यटन क्षेत्र पर कोई असर नहीं पड़ा है। सरमा ने दावा किया कि कुछ घटनाओं छोड़कर पूर्वोत्तर क्षेत्र के अधिकांश राज्य उग्रवाद और कानून-व्यवस्था के मुद्दे से मुक्त हो चुके हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुखः संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)